# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, बुधवार 12 नवंबर 2025


## अंतिम व दूसरे चरण का मतदान

## बिहार के 20 जिलों की 122 विधानसभा सीटों पर रिकॉर्डतोड़ वोटिंग

# 67.14% मतदान, आजादी के बाद पहली बार इतना मतदान

### किस जिले में कितना हुआ मतदान?

पश्चिम चंपारण में 69.02%, पूर्वी चंपारण में 69.31%, शिवहर में 67.31%, सीतामढ़ी में 65.29%, मधुबनी में 61.79%, सुपौल में 70.69%, अररिया में 67.79%, किशनगंज में सर्वाधिक 76.26%, पूर्णिया में 73.79%, कटिहार में 75.23%, भागलपुर में 66.03%, बांका में 68.91%, कैमूर (भभुआ) में 67.22%, रोहतास में 60.69%, अरवल में 63.06%, जहानाबाद में 64.36%, औरंगाबाद में 64.48%, गया में 67.50%, नवादा में सबसे कम 57.11% तथा जमुई में 67.81% मतदान हुआ

### सबसे अधिक वोटिंग किशनगंज में 76.26 फीसदी, सबसे कम नवादा में 53.65 फीसदी मतदान

एजेंसी ⏭ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए मतदान पूरा हो गया। इस चरण में 3 करोड़ 70 लाख से अधिक मतदाता 122 सीटों पर 1302 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद कर चुके हैं। इनमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली सरकार के आधा दर्जन से अधिक मंत्री भी शामिल हैं। बिहार चुनाव के दूसरे चरण में 45,399 मतदान केंद्रों पर वोट डाले गए, जिनमें से 40,073 मतदान केंद्र ग्रामीण इलाकों में हैं। कुल मतदाताओं में 1.75 करोड़ महिलाएं हैं। बिहार विधानसभा चुनाव में जहां पहले चरण में जबरदस्त वोटिंग हुई थी, वैसा ही उत्साह लोगों में दूसरे चरण के मतदान में भी दिख रहा है। दूसरे चरण में शाम 5 बजे तक 67.14 प्रतिशत मतदान हो चुका है।



जहानाबाद में लंबी कतारें नजर आईं, व्हील चेयर पर बुजुर्ग पहुंचीं

### भाजपा ने चुनाव आयोग से की शिकायत

दूसरे चरण की वोटिंग के बीच भाजपा ने चुनाव आयोग से शिकायत की है। भाजपा ने बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से की शिकायत में कहा कि आरजेडी अपने सोशल मीडिया हैंडल से झूठ फैला रही है और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है। रोहतास जिले की चेनारी विधानसभा सीट के कोनकी गांव में बूथ नंबर 204 पर एक भी मतदाता वोट डालने नहीं पहुंचा। कोनकी गांव के ग्रामीण पंचायत भवन नहीं बनाए जाने से नाराज थे। मोतिहारी पुलिस ने फर्जी वोट डालने के आरोप में बड़ी कार्रवाई की है। ढाका विधानसभा के पचपकड़ी थाना क्षेत्र के बूथ संख्या 352 और 356 पर दूसरे के नाम पर बुर्का पहनकर वोट डालने आई तीन महिलाओं सहित पांच युवकों को हिरासत में लिया गया है।

## सभी एजेंसियों के एग्जिट पोल का 'अनुमान' सामने आया

### एनडीए को 130 से 209 तक सीटें...महागठबंधन 100 सीटों के नीचे ही



### एग्जिट पोल का मतलब साफ

- एनडीए की सरकार बनना तय
- सभी एग्जिट पोल में भाजपा-जेडीयू गठबंधन को बहुमत से आगे
- नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए को लगभग दो-तिहाई बहुमत
- तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन को बड़ा झटका
- जन सुराज और अन्य दलों का असर सीमित रहेगा
- मतदाताओं ने विकास, स्थिरता और अनुभव पर भरोसा जताया

# बिहार में एनडीए की ही 'बहार'

*विपक्ष के वोट चोरी के मुद्दे के बीच बिहार में हुए चुनाव में महागठबंधन की कसावट की असलियत एग्जिट पोल के अनुमानों ने खोल दी है। एनडीए फिर महागठबंधन को बुरी तरह से पटखनी देता दिख रहा है*





बिहार: कुल सीटें- 243 | बहुमत के लिए चाहिए: 122

| सर्वे एजेंसी | भाजपा+ | राजद+ | जनसुराज | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| मैट्रीज आईएएनएस | 147-167 | 70-90 | - | 2-6 |
| पीपल्स पल्स | 133-159 | 75-101 | 0-5 | 2-8 |
| जेवीसी पोल | 135-150 | 88-103 | 0-1 | 3-6 |
| पीपल्स इनसाइट | 133-148 | 87-102 | 0-2 | 3-6 |
| चाणक्य स्ट्रैटजीज | 130-138 | 100-108 | - | 3-5 |
| पोलस्ट्रैट | 133-148 | 87-102 | - | 3-5 |
| पोल डायरी | 184-209 | 32-49 | - | 1-5 |
| प्रजा पोल एनालिटिक्स | 186 | 50 | - | 0-7 |
| टीआईएफ रिसर्च | 145-163 | 76-95 | - | 3-6 |
| पी-मार्क | 142-162 | 80-98 | 1-4 | 0-3 |
| डीवी रिसर्च | 137-152 | 83-98 | 2-4 | 1-8 |

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बिहार में लीजिए फिर एनडीए की बहार यानी नीतीश कुमार की फिर सरकार। 10 एग्जिट पोल के नतीजों ने यह साफ कर दिया है कि राज्य में एक बार फिर नीतीश कुमार की अगुवाई में एनडीए सरकार बन सकती है। एनडीए को बहुमत से कहीं ज्यादा सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि महागठबंधन अबकी बार पिछड़ता दिख रहा है। सर्वे का 'औसत' साफ बताता है कि एनडीए को लगभग 145-165 सीटें मिल सकती हैं, जो 243 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत के आंकड़े 122 से काफी आगे है। महागठबंधन (आरजेडी, कांग्रेस और वाम दल) को 70–100 सीटों के बीच तक सीमित बताया गया है। वहीं, प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी (जेएसपी) को सभी सर्वे में 0 से 5 सीटों के बीच का अनुमान है। अन्य श्रेणी में एआईएमआईएम, हम, और छोटे क्षेत्रीय दलों को मिलाकर 2 से 10 सीटें मिल सकती हैं।

### डीवी रिसर्च के एग्जिट पोल में भी महागठबंधन को झटका?

डीवी रिसर्च के एग्जिट पोल में एनडीए को 137-152 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। इस एग्जिट पोल में महागठबंधन को 83-98 मिलने की बात कही गई है जबकि जुन सुराज पार्टी को 0-4 सीटें मिल सकती हैं।

### 65% महिलाओं ने एनडीए को वोट दिया

मैट्रीज एग्जिट पोल के अनुसार 65 प्रतिशत महिलाओं ने एनडीए को वोट दिया और 27 प्रतिशत महिलाओं ने महागठबंधन को मत दिया। वहीं 52 प्रतिशत पुरुषों ने एनडीए को वोट दिया और 36 पुरुषों ने महागठबंधन को वोट दिया। बिहार के ज्यादातर चुनावों में महिला वोटर नीतीश कुमार को अन्य दलों से ज्यादा पसंद करती रही हैं। टाइम्स नाउ और जेवीसी के एग्जिट पोल में एनडीए को 135-150 सीटों का अनुमान जताया गया है। राज्य में महागठबंधन को 88-103 सीटें मिल सकती हैं। इसके अलावा अन्य दलों को तीन से सात सीटें मिल सकती हैं। टीआईएफ के एग्जिट पोल सर्वे के अनुसार एनडीए को 184 से 209 और महागठबंधन को 76-95 सीटें मिल सकती हैं। जन सुराज को एक भी सीट नहीं मिलेगी। बिहार चुनाव 2025 के लिए कराए गए जेवीसी के एग्जिट पोल में एनडीए को 135 से 150 सीटें, महागठबंधन को 88 से 133 सीटें और प्रशांत किशोर की जन सुराज को 0 से 1 सीट मिलने का अनुमान जताया गया है।

### अमेरिका से आई खुशखबर: भारत पर लागू टैरिफ को कम करने के फिर संकेत दिए

# ट्रंप का बड़ा ऐलान-घटा देंगे भारत पर लगा टैरिफ

### ट्रंप ने कहा है वे भारत पर टैरिफ को आधा यानी 50% कम करेंगे

### दावा- भारत ने रूस से तेल खरीदी कम कर दी है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका से भारत के लिए एक बड़ी खुशखबरी आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है वे भारत पर टैरिफ को आधा यानी 50% कम करेंगे। ट्रंप की ओर से ये भी साफ किया गया कि रूसी तेल खरीद ही वो बड़ा कारण था, जिसे चलते भारत पर लगा टैरिफ बढ़ाकर डबल किया गया था। अब उन्होंने इस हाई टैरिफ को कम करने का ऐलान किया है।

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि फिलहाल रूस के तेल की वजह से भारत पर टैरिफ बहुत ज्यादा है। लेकिन उन्होंने अब रशियन ऑयल की अपनी खरीदारी कम कर दी है। इससे पहले ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार संबंधों में नरमी के संकेत देते हुए कहा था कि हम भारत के साथ ट्रेड डील के बेहद करीब है, ट्रंप ने यह टिप्पणी सर्जियो गोर के भारत में राजदूत के रूप में शपथ ग्रहण समारोह के दौरान की। इस दौरान ट्रंप ने ट्रेड डील के खास होने की बात कही है। उन्होंने कहा कि अभी वे मुझे पसंद नहीं करते, लेकिन वे हमें फिर से पसंद करेंगे। गौरतलब है कि डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर पहले 25 फीसदी का रेसिप्रोकल लगाया था, लेकिन इसे कुछ महीनों बाद अचानक इसे बढ़ाकर 50% कर दिया था।

### हम भारत के साथ ट्रेड डील के बेहद करीब





### ट्रंप ने कहा-पीएम मोदी के साथ बेहतरीन संबंध

पीएम मोदी के साथ संबंधों को लेकर ट्रंप ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ हमारे बेहतरीन संबंध हैं और सर्जियो ने इसे और भी मजबूत किया है क्योंकि वे पहले से ही प्रधानमंत्री मोदी के साथ मित्रवत हो गए हैं। राजदूत के रूप में सर्जियो हमारे देश के संबंधों को मजबूत करने, प्रमुख अमेरिकी उद्योगों और तकनीकों में निवेश को बढ़ावा देने, अमेरिकी ऊर्जा निर्यात बढ़ाने और हमारे सुरक्षा सहयोग का विस्तार करने के लिए काम करेंगे।

### भारत के साथ कर रहे ट्रेड डील

दरअसल, ओवल ऑफिस में ट्रंप से सवाल किया गया कि भारत के साथ व्यापार समझौता कितना करीब है और क्या वह नई दिल्ली पर टैरिफ कम करने पर विचार करेंगे? इसका जवाब देते हुए ट्रंप ने कहा, हम भारत के साथ एक डील कर रहे हैं। ये डील पहले से बहुत अलग है। हमें एक उचित सौदा मिल रहा है। वे बहुत अच्छे वार्ताकार हैं, इसलिए सर्जियो आपको इस पर गौर करना होगा। मुझे लगता है कि हम एक ऐसे समझौते के बहुत करीब हैं जो सभी के लिए अच्छा है।








### अब बोत्सवाना से कूनो आएंगे 8 और चीते

श्योपुर। श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में चीतों का कुनबा एक बार फिर बढ़ने जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के बाद अब एक ओर अफ्रीकी देश बोत्सवाना से चीते लाने के लिए भारत सरकार ने एमओयू किया है। बोत्सवाना से दिसंबर माह में 8 चीते भारत भेजे जाएंगे। उन्हें कूनो पार्क के बाड़ो में रखा जाएगा।

#### स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, प्रशासन पर विशेषज्ञ करेंगे चर्चा

## आज भोपाल में नेशनल कॉन्क्लेव का शुभारंभ करेंगे सीएम डॉ. यादव



कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर

### राज्यपाल मंगुभाई पटेल समापन सत्र के होंगे मुख्य अतिथि

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव केंद्रीय जनजाति कार्य मंत्रालय और मध्यप्रदेश जनजाति कार्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जनजाति कल्याण के लिए कार्य कर रहे अशासकीय संगठनो की नेशनल कॉन्क्लेव का भोपाल में बुधवार 12 नवंबर को शुभारंभ करेंगे। कॉन्क्लेव का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में किया गया है। इसमें देश के 500 से ज्यादा विषय विशेषज्ञ जनजातीय कल्याण से जुड़े विषयों पर चर्चा करेंगे।

#### उज्जैन में 30 नवंबर को खरगोन की इशिता बनेंगी दुल्हन

## मुख्यमंत्री सामूहिक सम्मेलन में करेंगे बेटे अभिमन्यु का विवाह



फाइल फोटो

### सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल होंगे 20 अन्य जोड़े

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने बेटे डॉ. अभिमन्यु यादव का विवाह सरकारी सामूहिक विवाह सम्मेलन में करने जा रहे हैं। यह 30 नवंबर को उज्जैन में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन में संपन्न होगा, जिसमें विभिन्न समाजों के लगभग 20 जोड़े शामिल होंगे। खरगोन की रहने वाली इशिता की सगाई करीब 5 माह पहले अभिमन्यु के साथ सादगीपूर्ण ढंग से हुई थी।

## रात का पारा आधा डिग्री गिरकर 8.3 डिग्री, यह सामान्य से 8 डिग्री कम

### इंदौर, शहडोल, जबलपुर में भी सीवियर कोल्ड वेव से कड़ाके की सर्दी

# ठंड ने तोड़े सभी रिकार्ड...कांपा भोपाल लगातार पांच दिन से सीवियर कोल्ड वेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित चार जिलों में मंगलवार को भी तीव्र शीतलहर रही। भोपाल में अब तक के दर्ज आंकड़ों के अनुसार यह पहला मौका है, जबकि नवंबर के पहले हफ्ते में लगातार पांच दिन सीवियर कोल्ड वेव रही है।

साथ ही राजगढ़, सीहोर, शाजापुर, रीवा, मालाजखंड (बालाघाट), नौगांव में भी शीतलहर का असर रहने से तेज सर्दी का अहसास बना हुआ है। भोपाल में रात का पारा दशमलव 5 डिग्री गिरकर 8.3 डिग्री रहा, जो सामान्य से 8 डिग्री कम है।




करोंद जेल रोड, शाम 5:30 बजे

### अगले 2-3 दिन ऐसी ही रहेगी सीवियर कोल्ड वेव

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार भोपाल के मौसम के इतिहास में यह दुर्लभ केस है, जब दर्ज आंकड़ों में नवंबर के पहले हफ्ते में ही लगातार पांच दिन सीवियर कोल्ड वेव रही है। नवंबर अभी रात का पारा 8 डिग्री है, जो 16 डिग्री के करीब होता है। इससे पहले हफ्ते में कोल्ड वेव नहीं होती। नवंबर के अंत में शीतलहर या तेज सर्दी शुरू होती है। इसलिए यह नया रिकॉर्ड बना है।

### यह है ऑल टाइम रिकॉर्ड

मौसम केंद्र के अनुसार ऑल टाइम रिकॉर्ड के अनुसार 30 नवंबर 1941 को सबसे कम रात का पारा 6.1 डिग्री रहा है। इसी दौरान कुछ दिन तीव्र कोल्ड रही है। इस साल 7 नवंबर से भोपाल में सीवियर कोल्ड वेव लगातार जारी है। यह ऑल टाइम रिकार्ड के अनुसार पहला अवसर है। शहडोल 7.5, अमरकंटक (अनूपपुर) 7.8, शाजापुर 7.9, राजगढ़ 8 और भोपाल में न्यूनतम पारा 8.3 डिग्री रहा। इन जिलों में कड़ाके की सर्दी जारी है।


जो कहा
वह किया
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
लाड़ली बहनों को
अब से प्रतिमाह
₹1500
डॉ. मोहन यादव का
अभ्युदय
मध्यप्रदेश
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
"मध्यप्रदेश की महिलाएं आर्थिक, सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं
अब बढ़ी हुई राशि बहनों के स्वावलंबन की नई राह खोलेगी।"
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
1.26 करोड़ लाड़ली बहनों को
₹1857 करोड़ का अंतरण
₹560 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण
12 नवम्बर 2025
दोपहर 12:00 बजे । सिवनी, मध्यप्रदेश
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D-11137/25

जबलपुर
बुधवार, 12 नवंबर 2025
- अगहन मास कृष्ण पक्ष-8
- वर्ष : 20, अंक : 194
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 26
न्यून. 09

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

8 दिल्ली ब्लास्ट हादसा या साजिश



मैट्रो
14 तृणमूल कांग्रेस महासचिव अभिषेक..

## दिल्ली ब्लास्ट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हुई



विस्फोट वाले स्थल को कवर कर फोरेंसिक जांच की जा रही है

### इस धमाके का भी पुलवामा कनेक्शन निकला

# लाल किला ब्लास्ट फिदायीन हमला था कार में काला मास्क पहने बैठा था शख्स

- पुलवामा से डॉ. उमर का दोस्त डॉ. सज्जाद गिरफ्तार, भाई, मां-पिता हिरासत में
- फरीदाबाद से अरेस्ट डॉ. शाहीन जैश के महिला विंग की हेड
- शाहीन का काम भारत में महिलाओं की भर्ती ब्रेनवॉश और ऑपरेशन नेटवर्क तैयार करना था
- पाकिस्तान में आतंकी अजहर मसूद की बहन सादिया इसकी चीफ

*खुद को उड़ाने वाले उमर ने 3 बजकर 19 मिनट पर कार को पार्किंग में लगाया और 6 बजकर 48 मिनट पर पार्किंग से बाहर निकला था। जांच एजेंसियों का मानना है कि उमर ने फरीदाबाद टेरर मॉड्यूल के नेटवर्क के जरिए इस फिदायीन हमले को अंजाम दिया*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में सोमवार शाम हुए कार धमाके की जांच करीब 20 घंटे बाद एनआईए को सौंप दी गई। इस बीच ब्लास्ट में मरने वालों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 13 हो गई। इनमें 2 महिलाएं हैं। अब तक दो शवों की पहचान हो पाई है। बाकी की पहचान डीएनए टेस्ट से होगी। 20 घायलों का इलाज जारी है। लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास सोमवार शाम करीब 6.52 बजे हुए ब्लास्ट में जिस सफेद आई 20 कार का इस्तेमाल हुआ, उसका सीसीटीवी फुटेज मंगलवार को सामने आया। मेट्रो स्टेशन की पार्किंग से निकल रही कार में काला मास्क पहने एक शख्स बैठा दिखाई दिया। यानी, यह एक फिदायीन हमला माना जा रहा है।



डॉ. शाहीन शाहिद


**20 घंटे बाद एनआईए को सौंपी जांच**

**खुद को उड़ाने वाले के चीथड़ों की डीएनए जांच होगी**

### दिल्ली बम धमाके पर बोले पीएम मोदी
### साजिश करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूटान के थिंपू में बोलते हुए कहा कि इसके पीछे के षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। सभी जिम्मेदार लोगों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। प्रधानमंत्री राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक के 70वें जन्मदिन समारोह में शामिल होने के लिए पड़ोसी देश की दो दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को थिंपू पहुंचे।





डॉ. मोहम्मद उमर

### ब्लास्ट से पहले 3 घंटे तक कार में बैठा रहा उमर

जांच में सामने आया है कि डॉ. मोहम्मद उमर उर्फ उमर नबी, जो इस धमाके का मुख्य साजिशकर्ता माना जा रहा है, ब्लास्ट से पहले करीब तीन घंटे तक अपनी आई 20 कार में बैठा रहा। उमर ने 3 बजकर 19 मिनट पर कार को पार्किंग में लगाया था और 6 बजकर 48 मिनट पर पार्किंग से बाहर निकला। फुटेज में साफ दिखता है कि उमर एक बार भी कार से बाहर नहीं आया।

**गृह मंत्री अमित शाह ने की उच्चस्तरीय बैठक**

### कहा- दिल्ली धमाके के दोषियों को नहीं बख्शेंगे



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को लाल किले के पास हुए विस्फोट के बाद राष्ट्रीय राजधानी और देश के अन्य हिस्सों में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। शाह ने दो अलग-अलग बैठकें कर अधिकारियों को अहम दिशा-निर्देश दिए।

### परिवार ने कहाः यकीन नहीं होता उमर आतंकी हो सकता है

पुलवामा। डॉ. उमर नबी के परिवार ने कहा है कि उन्हें यकीन नहीं होता कि वह किसी आतंकी गतिविधि में शामिल हो सकता है। डॉ. उमर की भाभी मुजम्मिला अख्तर ने बताया कि वह बचपन से ही संकोची और पढ़ाई में ध्यान देने वाले व्यक्ति थे। वह फरीदाबाद के एक कॉलेज में फैकल्टी के तौर पर काम कर रहे थे। शुक्रवार को उन्होंने फोन कर कहा था कि परीक्षा के कारण व्यस्त हैं और तीन दिन बाद घर लौटेंगे।



मुजम्मिला अख्तर

---

### मुख्यमंत्री ने जंबूरी मैदान में सरपंच संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को किया संबोधित

**सचिवों को दी साफ चेतावनी**

# सीएम ने किया ऐलान-सरपंच अब 25 लाख तक के करा सकेंगे काम

*सरपंचों की शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि यदि कोई सचिव काम में अड़ंगे लगाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। इसमें कोई रियायत नहीं होगी।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायतराज व्यवस्था में सरपंच के पास पर्याप्त शक्तियां हैं। यदि कोई सचिव काम नहीं करेगा तो उसे हटा देंगे। सरपंच के मामले में दिक्कत आएगी तो उसे ठीक करने का काम सरकार को है। उन्होंने कहा कि सरपंच अपनी पंचायत को नई ऊंचाइयों पर लेकर जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पंचायतों को 25 लाख रुपए तक के कार्य करने का अधिकार दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने पंचायत प्रतिनिधियों को विकास कार्यों के लिए 50-50 हजार रुपए की राशि अंतरित किए जाने की घोषणा की।

**पंचायत प्रतिनिधियों को विकास कार्यों के लिए मिलेंगे 50-50 हजार रुपए**



मुख्यमंत्री ने पंचायत प्रतिनिधियों को विकास कार्यों के लिए राशि अंतरित किए जाने की घोषणा की

**वर्ष 2026 को कृषि आधारित उद्योग वर्ष के रूप में मनाया जाएगा**

**भोपाल में पंचायत प्रतिनिधियों की कॉन्फ्रेंस 24 से 26 नवंबर को**

दिल्ली विस्फोट के मृतकों की आत्मा की शांति के लिए रखा गया दो मिनट का मौन

### पंचायतों को मिलेंगे कार्यालय और सामुदायिक भवन

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने तीनों स्तर के पंचायत संस्थान के लिए कार्यालय और गांवों के लिए सामुदायिक भवन की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया है। इस अनुक्रम में प्रदेश की पंचायतों के लिए 2472 अटल पंचायत भवन, 1037 सामुदायिक भवन, 106 जनपद पंचायत भवन तथा 5 जिला पंचायत भवन स्वीकृत किए हैं। गांव के शांति धाम भी व्यवस्थित रूप से विकसित हों, इस उद्देश्य से दिसम्बर 2026 तक सभी शांति धाम अतिक्रमण से मुक्त कर उनके पहुंच मार्ग बनाने और आवश्यक फेंसिंग और पौधरोपण कार्य के निर्देश दिए गए हैं।

---

### खंडवा जिला न्यायाधीश ने भेजा था पत्र

# जबलपुर हाईकोर्ट ने नाबालिग के गर्भपात की दी अनुमति

**इंदौर मेडिकल कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर को लगी फटकार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

इंदौर के एमजीएम अस्पताल की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर पूजा गांधी को हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान जमकर फटकार लगाई। दुष्कर्म से गर्भवती हुई दिव्यांग और मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला के गर्भपात से जुड़े मामले को लेकर चार दिन पहले लिंक भेजी गई थी। बावजूद इसके पूजा गांधी उसमें शामिल नहीं हुईं। जिस पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जाहिर की। इसके साथ ही कोर्ट ने को गर्भपात की इजाजत दे दी है।



### अब तक मिल चुकी है 45 हजार करोड़ की राशि

# 1.26 करोड़ लाड़ली बहनों को आज मिलेंगे 1500 रु.

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में लाड़ली बहनों से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का किया हुआ वादा बुधवार 12 नवंबर को पूरा होने जा रहा है। एक करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों को सिवनी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बढ़ी हुई राशि उनके खाते में अंतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री प्रत्येक लाड़ली बहना के खाते में 1500 रुपए देने की शुरूआत करेंगे। मुख्यमंत्री की इस पहल पर प्रदेश की लाड़ली बहनों ने अपने भैया मोहन के प्रति आभार जताते हुए कहा है कि वे ठीक उसी प्रकार हमारा ध्यान रख रहे हैं।

### योजना ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया

प्रदेश सरकार की ओर से संचालित महत्वाकांक्षी योजना ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाई है।

अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।




अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

---

### स्कूल के वॉशरूम में फांसी लगाकर सुसाइड

दतिया। जिले में एक टीचर ने स्कूल परिसर में वॉशरूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पंडोखर थाना क्षेत्र के ग्राम सालोंन बी स्थित प्राइमरी स्कूल में घटना के समय स्कूल में बच्चे और अन्य शिक्षक भी थे। उदयभान सिहारे (50), लंबे समय से मानसिक तनाव में थे। हाल ही में उन्हें बीएलओ का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था, जिससे वे परेशान चल रहे थे।



### तीन दिनों के अंदर रोकें विज्ञापनः दिल्ली हाईकोर्ट

नई दिल्ली। योग गुरु बाबा रामदेव की पतंजलि आयुर्वेद को दिल्ली हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने तीन दिनों के अंदर पतंजलि च्यवनप्राश के उस विज्ञापन को प्रसारित करने से रोकने का आदेश दिया है, जिसमें अन्य सभी च्यवनप्राश ब्रांडों को 'धोखा' कहा गया है। जस्टिस तेजस करिया और अन्य के मामले की सुनवाई में ये आदेश दिया।



### पति की मौत की झूठी खबर पर फूटा अभिनेत्री हेमा मालिनी का गुस्सा- ये बेहद अपमानजनक

# धर्मेंद्र की हालत स्थिर, कहा हमारे परिवार और निजता का पूरी तरह से सम्मान करें



एजेंसी ▶▶ मुंबई

वेटरन एक्टर धर्मेंद्र को लेकर इस वक्त चर्चाओं का बाजार काफी गर्म है। सोमवार देर रात हिंदी सिनेमा के ही-मैन के निधन की झूठी खबर आग की तरह फैली। कई न्यूज चैनलों ने इसका प्रसारण भी कर दिया। जिसका खंडन पहले धर्मेंद्र की बेटी और एक्ट्रेस ईशा देओल ने किया और अब इस मामले को लेकर सांसद-अभिनेत्री हेमा मालिनी ने अपनीनाराजगी जताई है।



हेमा मालिनी

**सनी देओल ने बताया- वे रिकवर कर रहे हैं और इलाज का असर हो रहा है**

### ये जो भी हो रहा है वह अक्षम्य

सोमवार से अभिनेता धर्मेंद्र मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती हैं। उनकी हालत स्थिर बनी हुई है, जिसको लेकर सनी देओल ने ही अपडेट दिया है। 11 नवंबर की सुबह धर्मेंद्र की मौत की झूठी खबर तेजी से फैली, जिसको तुरंत ही ईशा देओल ने फेक बताकर खारिज किया और हेमा मालिनी ने भी इस मामले पर आपत्ति जताई है। हेमा ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर एक लेटेस्ट ट्वीट किया है और लिखा है कि ये जो भी हो रहा है वह अक्षम्य है। जिम्मेदार चैनल ऐसे शख्स के बारे में झूठी खबर कैसे फैला सकते हैं, जिसका इलाज की प्रक्रिया ठीक रही है और उसमें असर भी नजर आ रहा है। ये सच में बेहद अपमानजनक और गैरजिम्मेदाराना है। सनी देओल ने पिता धर्मेंद्र की हेल्थ अपडेट दिया है। उनकी टीम ने बयान जारी कर कहा कि वे रिकवर कर रहे हैं और इलाज का असर हो रहा है। हम सब उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र के लिए प्रार्थना करें।

### युवक ने चौराहे पर युवती को गला रेतकर मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालाघाट

जिले में मंगलवार को प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक ने दिनदहाड़े बीच चौराहे पर युवती की बेरहमी से हत्या कर दी। यह घटना बैहर थाना क्षेत्र के आमगांव गांव की है, जहां सुबह करीब 10 बजे लोगों के सामने यह सनसनीखेज घटना घटी। जानकारी के अनुसार मृतका का नाम शीतल उर्फ रितु भंडारकर बताया जा रहा है, जिसकी उम्र करीब 22 साल थी और वह आमगांव की ही रहने वाली थी। शीतल बैहर की एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान में काम करती थी। रोज की तरह वह सोमवार को भी काम के लिए घर से निकली थी, लेकिन जैसे ही वह गांव के चौराहे पर पहुंची, वहां पहले से मौजूद आरोपी रोशन सार्वे से उसकी किसी बात को लेकर बहस हो गई। बहस के कुछ ही मिनटों में स्थिति बिगड़ गई और आरोपी युवक ने तेज धारदार चाकू से शीतल का गला रेत दिया। वारदात के बाद आरोपी ने मृतका का सिर अपने पैरों पर रखकर कुछ देर तक वहीं बैठा रहा। यह दृश्य देखकर गांव में दहशत फैल गई और लोग मौके पर इकट्ठा हो गए, लेकिन तब तक शीतल की मौत हो चुकी थी। लोग रोकने के बजाय वीडियो बनाते रहे। बैहर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया।

# दूसरे चरण के मतदान का समापन, सभी ने अपनी अपनी जीत का किया दावा

# 12 मंत्रियों के साथ सभी उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में हो गया लॉक, अब 14 को तय होगा किसका 'लक' और कौन 'बैडलक'

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के दूसरे चरण में 12 मंत्रियों का भाग्य मंगलवार को ईवीएम में बंद हो गया। बेतिया से भाजपा की रेणु देवी बिहार में उप मुख्यमंत्री बनने के बाद चर्चा में आई थीं। मंत्री रेणु का मुकाबला इस बार वसी अहमद को उतारा है।

झंझारपुर से भाजपा के नीतीश मिश्रा का मुकाबला सीपीआई के राम नारायण यादव से है। फुलपरास से जदयू की शीला कुमारी मंडल का कांग्रेस के सुबोध मंडल से है। सुपौल से जदयू के बिजेंद्र प्रसाद यादव का कांग्रेस ने फिर से मिनतुल्लाह रहमानी से मुकाबला है। छातापुर से भाजपा के नीरज कुमार सिंह बबलू के सामने राष्ट्रीय जनता दल ने डॉ. विपिन सिंह हैं। धमदाहा से जदयू की लेशी सिंह का सामना उनकी ही पार्टी के सांसद रहे संतोष कुशवाहा से हो रहा है।

■ लेशी का मुकाबला पार्टी के पूर्व सांसद से


मंत्री रेणु देवी


सुमित कुमार


प्रेम कुमार


जयंत राज

### गयाजी में भी कड़ा मुकाबला

गया टाउन से भाजपा के डॉ. प्रेम कुमार के सामने कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व डिप्टी मेयर अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव उतरे हैं। चकाई से जदयू के सुमित कुमार सिंह प्रत्याशी हैं।इस बार सावित्री देवी महागठबंधन से राजद प्रत्याशी हैं। वीआईपी का साथ है। सिकटी से भाजपा के विजय कुमार मंडल के सामने इस बार विकासशील इंसान पार्टी के हरिनारायण प्रामाणिक हैं। अमरपुर से जदयू के जयंत राज का मुकाबला कांग्रेस के जितेंद्र सिंह से है। चैनपुर से जदयू के मो. जमा खान राजद के बृज किशोर बिंद से लड़ रहे हैं।

**नीतीश पहुंचे दफ्तर**

## सभी से मिले, मंत्री ने कहा नीतीश ही बनेंगे मुख्यमंत्री


पार्टी के नेताओं के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

*रिकॉर्ड मतदान के बीच राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अचानक जदयू प्रदेश कार्यालय का दौरा किया । दोपहर के समय जब वोटिंग अपने चरम पर थी, नीतीशअपने सहयोगी मंत्री विजय चौधरी के साथ पटना स्थित प्रदेश कार्यालय पहुंच गए। यहां उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की, चुनावी स्थिति का जायजा लिया और उनके समर्पण के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। जदयू ने एक्स पर इसकी जानकारी साझा करते हुए लिखा, हर कदम विश्वास का, हर कदम विकास का। मंत्री विजय चौधरी ने मीडिया से बातचीत में कहा, जदयू कार्यालय में मुख्यमंत्री स्वयं स्थिति का जायजा लेने पहुंचे हैं। उन्होंने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा, शपथ लेने से कोई किसी को नहीं रोक सकता, लेकिन बिहार के राज्यपाल नीतीश कुमार को ही शपथ दिलाएंगे। वे ही अगले मुख्यमंत्री बनेंगे। संभावित हार देखकर विपक्ष*

## पहले बनीं मां फिर किया वोट

*मतदान को लेकर जागरूकता की मिसाल पेश करने वाला चित्र सामने आया है। बताया गया कि बेलागंज विधानसभा क्षेत्र के कुरी सराय गांव के रहने वाले सुनील मांझी की 25 वर्षीय पत्नी सोनी कुमारी बीती रात ही बेलागंज के सरकारी अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया था, लेकिन लोकतांत्रिक अधिकार निभाने के जज्बे के साथ वह सुबह एंबुलेंस से अपने नवजात शिशु को लेकर मतदान केंद्र पहुंची और मतदान किया।*

**तेजस्वी बोले**

## बिहार अब बदलाव चाह रहा, कमाल कर दिया

राजद के तेजस्वी यादव ने वोटिंग के बीच एक भावुक संदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि बिहार के हर जिले से रिकॉर्ड वोटिंग की खबरें आ रही हैं, जहां बुजुर्ग, पहली बार वोट डालने वाले युवा, महिलाएं, किसान और व्यापारी जागरूकता के साथ मतदान कर रहे हैं। तेजस्वी ने ट्वीट कर लिखा, मन गदगद है, मेरे बिहार ने कमाल कर दिखाया है। हर जाति, हर वर्ग ने लोकतंत्र के इस महोत्सव को ऐतिहासिक बना दिया है। अब ये कदम रुकने नहीं चाहिए। उन्होंने मतदाताओं से अपील की, आपकी अंगुली की नीली स्याही ही आपके भविष्य को स्वर्णिम बनाएगी। तेजस्वी ने कहा, बीस साल में युवाओं को रोजगार नहीं मिला, किसान को राहत नहीं मिली, व्यापारी घाटे से उबर नहीं पाया और आम आदमी महंगाई के बोझ से दबा रहा। अब बिहार बदलाव चाहता है, विकास चाहता है। उन्होंने जोर देकर कहा, हमारी हर नीति लोकनीति है, हर कदम लोकहित में है। असली आजादी तभी मिलेगी जब बिहार भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, घूसखोरी और असमानता से मुक्त होगा।तेजस्वी ने नारा दिया, अब बिहार को रिजल्ट, रिस्पेक्ट और राइज चाहिए।



**इन्होंने वोट डाले**


भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल


कांग्रेस प्रमुख राजेश राम


जेजेपी प्रमुख प्रशांत किशोर


बिहार में मतदान के लिए लगी भीड़

## मतदाताओं को रोका जा रहा

निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने पूर्णिया में प्रशासन पर मतदाताओं को वोट देने से रोकने और लाठीचार्ज करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं, जिससे चुनावी माहौल में तनाव बढ़ गया था। उन्होंने कहा है कि पोलिंग बूथ नंबर 49 और 45 पर मतदाताओं को वोट डालने के लिए अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है, और उन पर लाठीचार्ज किया जा रहा है।



## महिलाओं ने तय कर दिया, नीतीश फिर आएंगे



*अंतिम चरण के मतदान के दौरान एनडीए नेताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। सासाराम से जेडीयू नेता उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि महिलाओं की लंबी कतारें एनडीए की जीत का संकेत हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं हमारी सरकार से प्रसन्न हैं। आरजेडी शासनकाल में शाम के बाद महिलाएं घर से बाहर नहीं निकलती थीं, लेकिन आज वे खुले माहौल में स्वतंत्र रूप से मतदान करने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी एनडीए के पक्ष में वोटिंग का संकेत है। दो-तिहाई वोट एनडीए के पक्ष में जा रहे हैं।*

## झा ने दिया एनडीए की बड़ी जीत का संकेत



*जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि इस बार मतदान का प्रतिशत पहले चरण से भी ज्यादा रहने की संभावना है। लोगों के उत्साह और झुकाव को देखकर साफ है कि जनता शांति, सुशासन और विकास के लिए वोट कर रही है। जनता को भरोसा है कि डबल इंजन की सरकार ही बिहार को आगे ले जा सकती है।*

## 160 सीटों पर एनडीए की जीत तय



गया के महकार में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने मतदान के बाद कहा कि महागठबंधन की सरकार की संभावना दूर-दूर तक नहीं है। उन्होंने तेजस्वी यादव पर बयान देते हुए कहा कि वह ख्याली पुलाव बना रहे हैं और हर चीज में कमाई की तलाश कर रहे हैं। मांझी ने विश्वास जताया कि 14 नवंबर को एनडीए को कम से कम 160 सीटों पर एनडी की जीत तय है।

**खबर संक्षेप**

### टूटने लगी कांग्रेस अहमद का इस्तीफा



**पटना।** बिहार में मतदान खत्म होते ही कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा है। बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री रहे शकील अहमद ने इस्तीफा दे दिया है। मुजफ्फरपुर के निवासी शकील राज्य और केंद्र की राजनीति में एक्टिव रहे हैं। शकील ने कहा नेताओं से मतभेद के चलते मैंने इस्तीफा देने का फैसला किया है।

### हरियाणा के वकील की गिरफ्तारी, सुनवाई आज



**नई दिल्ली।** हरियाणा पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने वकील विक्रम सिंह को गिरफ्तार किया है। चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली 3जजों की पीठ बुधवार को सुनवाई करेगी। उन्होंने हत्या के मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। वे इस मामले में एक सह-अभियुक्त का प्रतिनिधित्व कर रहे थे।

### पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ 3 साल बाद जेल से रिहा



**कोलकाता।** कथित शिक्षक भर्ती घोटाले के मुख्य आरोपी और पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को मंगलवार को जमानत पर रिहा कर दिया गया। चटर्जी 23 जुलाई, 2022 से न्यायिक हिरासत में थे। पार्थ को अस्वस्थता के कारण कोलकाता के मुकुंदपुर आरएन टैगोर अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### मोची का निधन, राहुल करा रहे थे इलाज



**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में मंगलवार को रामचेत मोची का कैंसर और टीबी की गंभीर बीमारी के चलते निधन हो गया। पिछले वर्ष कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने उनकी माली हालत देखते हुए न सिर्फ उनकी मदद की थी, बल्कि गंभीर बीमारी की जानकारी होते ही उनका इलाज भी करवाया था।

## कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट और सीएक्यूएम का कदम

# दिल्ली में ग्रेप-3 हो गया लागू, पेट्रोल और डीजल गाड़ियों के चलाने पर लगा प्रतिबंध

*अब बीएस-3, पेट्रोल और बीएस-4, पुरानी गाड़ियां सड़कों पर नहीं चल सकेंगी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली और एनसीआर में लगातार बिगड़ती हवा की गुणवत्ता को देखते हुए कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ( सीएक्यूएम), वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान ग्रेप के तीसरे चरण (स्टेज-3) को लागू कर दिया है। इस फैसले के बाद अब बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4) डीजल गाड़ियां सड़कों पर नहीं चल सकेंगी। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 से ऊपर पहुंच गया है, जो कि गंभीर श्रेणी में आता है। ग्रेप-3 लागू होने के बाद अब बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल चार-पहिया वाहनों का संचालन दिल्ली और आसपास के जिलों में प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह नियम आपातकालीन सेवाओं और विकलांग व्यक्तियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले वाहनों पर लागू नहीं होगा। अगर कोई वाहन मालिक इस नियम का उल्लंघन करता है, तो उस पर 20,000 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। बीएस-4 डीजल इंजन वाले मध्यम और भारी मालवाहक वाहनों की भी दिल्ली में एंट्री नहीं होगी।

**क्यों लागू किए गए ये सख्त कदम?**


यातायात की जांच करते दिल्ली पुलिस के कर्मी व अधिकारी

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सीबीसीबी के अनुसार दिल्ली का एक्यूआई सोमवार को 362 से बढ़कर मंगलवार को 421 हो गया। शहर के कई इलाकों जैसे बवाना (462), आर.के. पुरम (446) और पटपड़गंज (438) में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब दर्ज की गई। कम हवा की गति और मौसमी परिस्थितियों के कारण प्रदूषण बढ़ा है। ग्रेप-3 लागू करने का उद्देश्य हवा की गुणवत्ता को और बिगड़ने से रोकना है।

### ट्रैफिक और ट्रांसपोर्ट पर असर

- अब दिल्ली-एनसीआर की आवाजाही और परिवहन प्रणाली पर सीधा असर पड़ेगा।
- पुराने वाहन चलाने वाले लोगों को अब दफ्तर या रोजाना के सफर में मुश्किल होगी।
- डीजल मालवाहक वाहनों पर रोक से सप्लाई चेन और डिलीवरी सर्विसेज पर असर पड़ सकता है।
- अब ज्यादा लोग मेट्रो, ई-बस या कैब सर्विसेज पर निर्भर होंगे, जिससे भीड़ बढ़ने की संभावना है।

### निर्माण और इंडस्ट्री पर भी रोक

- अब दिल्ली में निर्माण और विध्वंस कार्यों पर भी रोक
- सिर्फ सड़क, रेलवे और एयरपोर्ट से जुड़े प्रोजेक्ट्स को छूट दी गई है।
- जो उद्योग अनुमोदित ईंधन का इस्तेमाल नहीं करते, उन्हें अस्थायी बंद करने के आदेश
- सड़कों पर मैकेनिकल स्वीपर और वॉटर स्प्रिंकलर के जरिए धूल कम करने के निर्देश दिए

## बढ़ते प्रदूषण के बीच स्कूलों के लिए बड़ा फैसला

### हाइब्रिड मोड में चलेंगी 5वीं तक की क्लास

दिल्ली में लगातार बढ़ रहे वायु प्रदूषण के कारण शिक्षा निदेशालय ने छोटे बच्चों के लिए बड़ा फैसला लिया है। दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने नया सर्कुलर जारी करते हुए ऐलान किया है कि अबसे लेकर अगले आदेश तक पांचवीं क्लास तक के बच्चों के क्लास हाइब्रिड मोड में चलेंगे। क्लास 5 तक के बच्चों की पढ़ाई अब हाइब्रिड मोड यानी 'ऑनलाइन + ऑफलाइन' माध्य से कराई जाएगी। हफ्ते के कुछ दिन बच्चों को स्कूल आना होगा और कुछ दिन वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी बच्चे इकट्ठा होंगे। यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

### जयराम ने की आदेश की आलोचना सालभर प्रदूषण नियंत्रण की मांग

दिल्ली में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंचने के बाद केंद्र सरकार की ग्रेप -3 की गाइडलाइंस लागू कर दी गई हैं। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सरकार की इस योजना पर अति-निर्भरता को लेकर चिंता जताई और सालभर ठोस उत्सर्जन नियंत्रण कार्रवाई की जरूरत बताई। रमेश ने कहा कि दिल्ली में हर साल सर्दियों के मौसम में वायु प्रदूषण के हालात बिगड़ते हैं, लेकिन सरकार की प्रतिक्रिया केवल आपातकालीन कदमों तक सीमित रह गई है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा दिल्ली में ग्रेप -3 लागू किया गया है। 2014 से 2017 के बीच सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण संकट को देखते हुए इस योजना को मंजूरी दी थी। उम्मीद थी कि समय के साथ यह कम जरूरी होगी क्योंकि सालभर उत्सर्जन में कमी आएगी, लेकिन अब यह पूरी तरह 'रिएक्टिव' हो चुकी है।

## राजस्थान रोडवेज की लापरवाही

# चलती बस में चालक ने उतारे कपड़े स्टेयरिंग पर टिफिन रख खाया खाना

एजेंसी ▶▶ अजमेर

राजस्थान रोडवेज की लापरवाही एक बार फिर सुर्खियों में है। बस ड्राइवर की करतूत देखकर बस में बैठे सभी यात्री घबरा गए। अजमेर से कोटा जा रही रोडवेज बस के चालक ने निक्कर पहनकर बस भगानी शुरू तो यात्रियों की सांसें अटक गईं।

बस में महिलाओं और बच्चों समेत बड़ी संख्या में यात्री सवार थे।ड्राइवर ने चलती बस में ही स्टेयरिंग को खाने की टेबल बना दिया और टिफिन रखकर खाना खाने लगा। ये नजारा देख यात्री घबरा गए। यात्रियों ने विरोध जताते हुए वीडियो भी बनाया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दिखाई देता है कि ड्राइवर ने पहले बनियान और पजामा पहन रखा था, लेकिन कुछ ही दूरी चलने के बाद उसने पजामा और बनियान दोनों उतार दिए और केवल निक्कर में ही बस चलाने लगा।



## सिद्धारमैया ने महती योजना बताया

# मेकेदातु परियोजना पर फिर दिया जोर तमिलनाडु का हित नहीं होगा प्रभावित

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने मंगलवार को एक बार फिर मेकेदातु परियोजना पर जोर दिया। बेंगलुरु में पानी की समस्या को हल करने के लिए यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है और यही वजह है कि कर्नाटक सरकार इस पर खासा जोर दे रही है। हालांकि तमिलनाडु की आपत्ति के चलते इस पर सहमति नहीं बन पा रही है।

सिद्धारमैया ने एक बार फिर से मेकेदातु परियोजना पर जोर दिया और साथ ही कहा कि इससे तमिलनाडु के हित प्रभावित नहीं होंगे। सिद्धारमैया ने कहा कि इस साल कर्नाटक में भारी बारिश हुई है और तमिलनाडु को भी इस साल ज्यादा पानी मिलेगा। मैसूर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि 'तमिलनाडु को सिर्फ 177 टीएमसी पानी ही दिया जाना चाहिए, लेकिन हमने 150 टीएमसी पानी अतिरिक्त दिया है।


सीएम सिद्धारमैया

## सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

# अवैध ढाबों पर खड़ी गाड़ियां भी बनीं हादसे की बड़ी वजह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान और तेलंगाना में बीते दिनों हुए सड़क हादसों का खुद से संज्ञान लिया। कोर्ट ने इस दौरान हाइवे के किनारे अवैध ढाबों पर भी चिंता जताई। कहा कि इन ढाबों पर आने वालों की गाड़ियां हाइवे पर खड़ी रहती हैं, जिनसे हादसे होते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से सड़क किनारे मौजूद ढाबों और सड़क मेंटेनेंस की स्थिति पर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। जस्टिस जेके महेश्वरी और जस्टिस विजय विश्नोई की बेंच ने कहा कि 2 सप्ताह के भीतर एक सर्वे करें जिससे यह पता चल सके कि कितने ढाबे राजमार्गों के किनारे सुविधाओं के लिए अधिसूचित नहीं हैं।

कुछ दिन पहले हुई फलोदी और तेलंगाना की दुर्घटनाओं में 18 और 19 मौतें हुई। टोल वसूली होने के बावजूद खराब सड़क स्थिति और गैर-नोटिफाई स्थानों पर ढाबों की मौजूदगी इन हादसों का कारण बताई गई।


सुप्रीम कोर्ट

## मौसम विभाग ने 5 राज्यों में शीतलहर की चेतावनी दी

# यूपी, चंडीगढ़ समेत राज्यों में कड़ाके की सर्दी पड़ेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में बारिश के खत्म होते ही अब ठंड ने लोगों की मुसीबतें बढ़ानी शुरू कर दी हैं। मौसम विभाग ने 5 राज्यों के लिए भीषण शीत लहर का अलर्ट जारी किया है। बच्चों और बुजुर्गों को इस दौरान सावधान रहने के लिए कहा गया है। वहीं, दक्षिणी राज्यों में बारिश की चेतावनी जारी की गई है। तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी और ओडिशा में मध्यम से भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इस बारिश के चलते तापमान में गिरावट आ सकती है।

*तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी और ओडिशा में बारिश की संभावना*

**बच्चों और बुजुर्गों को सलाह दी**

**दक्षिणी राज्यों में भी सर्दी और बारिश का होगा असर**



भारतीय मौसम विभाग

### पूर्वी मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ भी चपेट में

पश्चिमी मध्य प्रदेश के कुछ स्थानों पर 12 नवंबर के दौरान भीषण शीत लहर का अलर्ट जारी किया गया है। हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर 12 नवंबर के दौरान शीत लहर की चेतावनी जारी की गई है। पूर्वी मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 12 से 14 नवंबर के दौरान शीत लहर का अलर्ट जारी किया गया है।

**तमिलनाडु, पुडुचेरी व केरल में पारा4-5 तक गिरेगा**

*देश के दक्षिणी राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इन राज्यों में तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल शामिल हैं। समुद्र किनारे रहने वाले मछुआरों को अलर्ट रहने के लिए कहा गया है। वहीं इस बारिश के चलते इन राज्यों में तापमान में 4 से 5 डिग्री तक कमी आ सकती है।*

### उत्तराखंड भी रहेगा ठंड की चपेट में

उत्तर प्रदेश में 12 नवंबर से सुबह और शाम के समय 17 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी जिससे तापमान में और गिरावट देखी जा सकती है। लखनऊ में 12 नवंबर को अधिकतम तापमान जहां 28 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है तो वहीं न्यूनतम तापमान गिरकर 13 डिग्री सेल्सियस पर आ सकता है। ग्रामीण इलाकों में सुबह के समय ठंड का ज्यादा एहसास होगा। उत्तराखंड में 12 नवंबर को कुछ इलाकों में बर्फीली हवा चल सकती है। न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ सकता है। नैनीताल, रुद्र प्रयाग में ठंड में बढ़ोतरी देखी जा सकती है।

## हाईकोर्ट ने पूछा
# कितने घोड़े बचे और उनका मानसिक व शारीरिक हेल्थ स्टेटस क्या है

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट में हैदराबाद से जबलपुर लाए गए घोड़ों की मौत के मामले में मंगलावार को सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से रिज्वाइंडर पेश कर आरोप लगाया गया कि पिछले माह कुछ और घोड़ों की मौत हुई है, जिसे छिपाया जा रहा है। हाईकोर्ट ने अनावेदक सचिन तिवारी को शपथ पत्र पर यह बताने कहा है कि वर्तमान में कितने घोड़े बचे हैं और उनका मानसिक व शारीरिक हेल्थ स्टेटस क्या है। कोर्ट ने यह भी बताने कहा है कि घोड़ों को स्वस्थ रखने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने मामले पर अगली सुनवाई 3 दिसंबर को नियत की है।

पिछली सुनवाई के दौरान कलेक्टर व घोड़ों के केयर टेकर की ओर से शपथ पत्र पर घोड़ों की मौत के कारण, उपचाररत घोड़े की मेडिकल रिपोर्ट व उसके उपचार और भोजन व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की गई। दावा किया गया है कि अभी तक 19 घोड़ों की मौत हो चुकी है। दरअसल, जबलपुर निवासी पशु प्रेमी सिमरन इस्सर की ओर से से दायर याचिका में कहा गया था कि हैदराबाद निवासी सुरेश पाल गुडू हार्स पावर लीग के सूत्रधार है। हैदराबाद रेस क्लब में



दो घोड़ों की रेस कराकर उन्होने ट्रोपंग करेठस्ता नाम एप के माध्यम से फिलीपिंग में ऑनलाइन स्ट्रीमिंग करते हुए सट्टा लगवाया। इस संबंध में फिलीपिंग सरकार ने केंद्र सरकार से शिकायत की थी। शिकायत के बाद उन्होंने इसे बंद कर दिया था। सुरेश पाल गुडू के पास 150 से अधिक घोड़े थे और उन्होंने चार माह पूर्व कर्मचारियों के वेतन देना बंद कर दिया था। भोजन नहीं मिलने के कारण लगभग 90 घोड़ों की मौत हो गई थी। साक्ष्य छिपाने के लिए घोड़ों को नियम विरुद्ध तरीके से जबलपुर लगाकर सचिन तिवारी के द्वारा पनागर के रैपुरा में रखा गया है। देखरेख तथा भोजन व उपचार नहीं मिलने के कारण घोड़ों की मौत हो रही है।

## भांजी का दूसरे समुदाय के युवक ने कर लिया अपहरण

**बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में आरोप, जबलपुर व मैहर एसपी सहित अन्य को नोटिस**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर कर आरोप लगाया गया है कि याचिकाकर्ता की भांजी का दूसरे समुदाय के युवक ने अपहरण कर लिया है।उसे बंधक बनाकर रखा गया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने जबलपुर व मैहर एसपी और एसएचओ घमापुर थाना को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। जबलपुर निवासी याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता ऋत्विक दीक्षित ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि 22 अक्टूबर 2025 को याचिकाकर्ता कि भांजी को अन्य समुदाय का युवक घर से भगाकर ले गया है। युवक उसे मैहर ले गया है और बंधक बनाकर रखा है। परिजनों ने इस संबंध में संबंधित पुलिस थाने और पुलिस अधीक्षक को शिकायत की थी। जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। याचिका में मांग की गई कि युवती को ढुंढवा कर उसे परिजनों को सौंपा जाए।

## रिटायर्ड फौजी से जेवर बनवाने के नाम पर ठगी
# दो किलो सोना, 5 लाख नकदी हड़प गया व्यापारी

**जबलपुर।** जेवर बनवाने के नाम पर कोतवाली के व्यापारी ने एक सेवानिवृत फौजी के साथ लाखों की ठगी कर दी। व्यापारी ने न सिर्फ रिटायर्ड फौजी से 2 किलो सोना लिया बल्कि 5 लाख नगदी भी ली और पूरा का पूरा माल हड़प लिया। इस मामले में सिवनी जिले के लखनादौन निवासी पूर्व सैनिक श्यामलाल अग्रवाल ने कोतवाली थाने में एक लिखित शिकायत देकर एक सराफा व्यापारी पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने जेवर बनवाने के लिए व्यापारी को करीब दो किलो सोना व जेवर की बनवाई के लिए 5 लाख रुपए दिए थे, जो कि व्यापारी ने हड़प लिए हैं। कोतवाली पुलिस ने शिकायत को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार पूर्व सैनिक श्यामलाल द्वारा दी गई शिकायत में बताया गया कि वे वर्तमान में अपने पुत्र संतोष अग्रवाल के साथ ऑटोमोबाइल्स का व्यवसाय करते हैं। उन्होंने सराफा बाजार में ज्वेलर्स दुकान संचालित करने वाले अपने एक रिश्तेदार को 22 नवंबर 2024 को जेवर बनवाने के लिए 1 किलो 90 ग्राम 780 मिली ग्राम वजनी सोना व जेवर की बनवाई के लिए 5 लाख रुपए नकद दिए थे। सराफा व्यापारी ने 3 माह में जेवर बनाकर देने की बात की थी, लेकिन 11 माह से अधिक का समय बीतने के बाद भी जेवर बनाकर नहीं दिए। इस बीच लगातार संपर्क करने पर व्यापारी जेवर देने में हीलाहवाली करता रहा और अब जेवर व रुपए देने से इनकार कर रहा है। पीड़ित द्वारा की गई शिकायत को जांच में लिया गया है।

## ऑनलाइन दुनिया उपयोगी भी है और खतरनाक भी
### _यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत विधिक जागरुकता शिविर लगा

जबलपुर। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशन में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत विधिक जागरुकता शिविर लगाया गया। पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय, वीएफजे, शोभापुर एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय, करौंदीग्राम, रांझी में शक्ति वर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बच्चों को समझाया कि इंटरनेट मीडिया का उपयोग सोच-समझकर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आनलाइन दुनिया उपयोगी भी है और खतरनाक भी है। यह इस पर निर्भर करता है कि हम इसका इस्तेमाल कैसे करते हैं। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे फेक न्यूज से दूर रहें, निजी जानकारी साझा न करें और पढ़ाई को प्राथमिकता दें। बच्चों को बताया कि कानून किसी भी प्रकार के यौन शोषण, उत्पीड़न या अनुचित छेड़छाड़ से उनकी सुरक्षा करता है। उन्होंने निर्देश दिया कि यदि कोई उन्हें असहज महसूस कराए या गलत व्यवहार करे, तो वे निर्भय होकर माता-पिता, शिक्षक या पुलिस से मदद ले सकते हैं। उन्होंने छात्राओं को पीड़ति प्रतिकार योजना और निश्शुल्क विधिक सहायता हेतु नालसा टोल फ्री नंबर 15100 और आनलाइन आवेदन प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी।कार्यक्रम में सौरभ सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जबलपुर के निर्देशों के पालन में न्यायोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित अनुज शर्मा हाउस मास्टर ने महिला बाल विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे लाड़ली बहना, आईसीपीएस योजना, वन स्टाप सेंटर, सपोर्ट पर्सन, बाल विवाह, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं, चाईल्ड लाईन टोल फ्री नं. 1098 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



## कमिश्नर और आईजी ने किया जनजातीय गौरव दिवस की तैयारियों का निरीक्षण

**जबलपुर।** संभागायुक्त धनंजय सिंह और आईजी प्रमोद वर्मा द्वारा कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के साथ सदर स्थित गैरिसन ग्राउंड जबलपुर में दिनांक 15 नवंबर को प्रस्तावित राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन एवं कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने सभा स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## मैथी, पालक और लालभाजी के दाम आसमान पर
# ठंड में भी महंगी बिक रही सब्जियां

जबलपुर।

चौतरफा बढ़ रही मंहगाई के कारण जहां अनाज व दालों की कीमतें आसमान छू रही हैं वहीं महंगाई की मार से दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी अछूती नहीं रही है। ठंड के मौसम में हरी सब्जियों की अच्छी आवक के कारण आमतौर पर इनके सस्ते रहने की पूरी उम्मीद रहती है लेकिन इस बार इस सीजन में भी सब्जियों के दाम आसमान छू रहे है। जिससे गरीबों की थाली से तो सब्जी गायब हो गई है वहीं मध्यमवर्गीय परिवार भी हरी सब्जियों का मनमाफिक लुत्फ नहीं उठा पा रहे है। टमाटर के दाम 70 रूपये किलो, भिण्डी 60 रूपये किलो, लौकी 40 रूपये किलो, हरी मिर्च 60 रूपये किलो, हरी धनिया 300 रूपये किलो, लहसुन 200 रूपये किलो बिक रहा है। सीजन में सबसे ज्यादा बिकने वाली मैथी की



भाजी 120 रुपए किलो, पालक की भाजी 80 रुपए किलो, हरा मटर 80 रुपए किलो, लाल भाजी 60 रुपए किलो के भाव से बिक रही हैं। भर्ते के भटे की कीमतें भी 50 से 60 रूपये किलो है। जिसकी वजह से इसे आम आदमी खरीद नहीं पा रहा है, लगभग यही हाल बरबटी और गिलकी, परवल, गुईया 80 रुपए किलों तक बिक रही है। करेला 60 रुपए किलो और सिर्फ एक सब्जी कटहल जो 15 रुपए किलो बिक रही है। पडोसी राज्यों में प्याज की फसल तबाह होने से इसके दाम 25-30 रूपये किलो तक बने हुए है। इसी तरह आलू भी 25 से 30 रूपये किलो तक बिक रहा है। इस बार थोक बाजार में भी सब्जी के भाव ऊंचे है। जिसका असर उपनगरीय क्षेत्रों मदनमहल, गोरखपुर, रांझी, अधारताल, गढ़ा के बाजारों में दिखाई दे रहा है। इन बाजारों तक आते-आते सब्जी के दाम 2-3 गुना तक बढ़ जाते है। ठंड का सीजन आमतौर पर हरी सब्जियों के लिए मौसम अनुकूल परिस्थितयों के चलते बरदान माना जाता है। फिर भी यह बिडंवना है कि बारिश के सीजन से भी ज्यादा से भी ज्यादा महंगी सब्जी ठंड में मिल रही है। खास तौर पर बाजार में सड़ा-गला पानी पड़ा बदरंग मटर 60 रूपये किलो है जबकि अच्छा मटर 80 रूपये किलो तक बिक रहा है।

## किराये के वाहन लेकर हड़पने के आरोपी को जमानत नहीं

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश सुनील मालवी की अदालत ने किराये के वाहन लेकर हड़पने के आरोपी घमापुर, जबलपुर निवासी रिशू मसीह को जमानत नहीं दी। कोर्ट ने उसकी अर्जी निरस्त कर दी। राज्य की ओर से विशेष लोक अभियोजक उमा चौधरी व आपत्तिकर्ता सत्येंद्र सिंह ठाकुर की ओर से अधिवक्ता यतेंद्र अवस्थी ने जमानत अर्जी का विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि आरोपी किराये के वाहन लेकर दो से तीन माह किराया देकर वाहन को अन्य प्रदेशों में बेच देता था। जिसकी शिकायत पर ओमती पुलिस द्वारा अपराध दर्ज किया गया है।

## लाड़ली बहनों के खाते में आ जायेंगे 1500 रूपये

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन और नेतृत्व में प्रदेश में नारी सशक्तिकरण का अभियान द्रुतगति जारी है। प्रदेश की लाड़ली बहनों से मुख्यमंत्री डॉ. यादव का किया हुआ वादा 12 नवम्बर 2025 को पूरा होने जा रहा है। एक करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों को सिवनी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बड़ी हुई राशि उनके खाते में अंतरित की जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रत्येक लाड़ली बहना के खाते में 1500 रूपये देने की शुरूआत करेंगे।

# युवा कांग्रेस के नए अध्यक्ष का नगर आगमन कल
### भव्य स्वागत जुलूस की तैयारी, पोस्टर बैनर लगे

जबलपुर।

मध्यप्रदेश युवक कांग्रेस के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया के प्रथम नगर आगमन पर जबलपुर में भव्य स्वागत जुलूस निकाला जाएगा। यह जुलूस 13 नवंबर (गुरुवार) को सिविल लाईन से आयोजित होगा, और शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए उनके निज निवास पर समाप्त होगा।इस अवसर पर कांग्रेसजनों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने इसे "युवाओं की जीत का उत्सव" बताया है। शहर में जगह-जगह बैनर और पोस्टर लगाए जा रहे हैं।गौरतलब है की विधायक लखन घनघोरिया के सुपुत्र यश घनघोरिया ने युवा राजनीति में धमाकेदार एंट्री करते हुए मध्यप्रदेश युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। उन्होंने चुनाव में 3 लाख 13 हजार से अधिक वोट हासिल किए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी अभिषेक सिंह (भोपाल) को 2 लाख 38 हजार वोट मिले।इस बार का युवक कांग्रेस चुनाव विशेष रूप से चर्चा में रहा, क्योंकि पहली बार पूरी प्रक्रिया डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आयोजित की गई थी — सदस्यता से लेकर मतदान तक सबकुछ ऑनलाइन हुआ।

**शहर के युवा नेताओं को मिली अहम जिम्मेदारियाँ**

यश की जीत के साथ ही जबलपुर के कई युवा चेहरों को भी प्रदेश स्तर पर पद मिले हैं। सक्षम गुलाटी और ऋषभ मिश्रा को प्रदेश महासचिव बनाया गया है। वहीं अदनान अंसारी, राहुल अग्रहरी, सागर शुक्ला और आमिर पहलवान को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति को जबलपुर के राजनीतिक भविष्य के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

**राजनीतिक भविष्य पर निगाहें**

इस जीत के बाद यश घनघोरिया अब प्रदेश की युवा राजनीति का प्रमुख चेहरा बन गए हैं। कांग्रेस संगठन में उनकी भूमिका और भविष्य की रणनीति पर सबकी नजरें हैं।पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि यश अब प्रदेश में संगठन को नई दिशा देंगे और युवाओं को राजनीति की मुख्यधारा में लाने का काम करेंगे।

**ऐतिहासिक स्वागत की तैयारी**

यश घनघोरिया के पहले नगर आगमन को लेकर जबलपुर में महौल बेहद उत्सवपूर्ण है। सिविल लाईन से निज निवास तक रूट पर स्वागत मंच, पुष्पवर्षा और स्वागत द्वारों की तैयारियाँ चल रही हैं। शहर के कार्यकर्ता ढोल-ताशों के साथ युवा कांग्रेसी शामिल होंगे।

## शराब पीकर वाहन चलाने वाले 125 चालकों के काटे चालान

**जबलपुर।** देर रात पुलिस ने जिले के शहर एवं ग्रामीण थाना क्षेत्रों में चैकिंग पाउंट लगाकर शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ चलानी कार्यवाही की रात लगभग 9 बजे से शुरू हुई कार्यवाही देर रात 12 बजे तक चली। चैकिंग के दौरान शराब के नशे में धुत होकर वाहन चलाने वाले 125 चालकों के खिलाफ 185 मोटर व्हीकल एक्ट के कार्यवाही कर उनके वाहन जब्त किये गये। सड़क हादसों में कमी लाने पुलिसा अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा शराबी चालकों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। जिसके तहत जिले के शहर व देहात थाना क्षेत्रों में एक साथ चैकिंग पाइंट बनाकर शराब वाहन चालकों को रोकर उनकी व्रेथ एनालाइजर की मदद से जांच कर चालान काटे जा रहे हैं। शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े जाने पर ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ प्रकरण तैयार कर न्यायालय में पेश किये जा रहे हैं।

## शहर भर में अस्थाई अतिक्रमण हटाने की नगर निगम की कार्रवाई जारी
# गोहलपुर से लेकर रांझी बड़ा पत्थर तक ताबड़तोड़ रुप से चली अतिक्रमण हटाओ मुहिम







हरिभूमि, जबलपुर।

नगर निगम जबलपुर द्वारा निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार शहर में चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की गई। इस दौरान यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले अस्थाई अतिक्रमणों को हटाया गया तथा नागरिकों को स्वयं अतिक्रमण हटाने हेतु मुनादी भी कराई गई।अभियान के तहत छोटी लाइन से रामपुर चौक, धनी की कुटिया अधारताल, अधारताल से बिरसा मुंडा चौक, गोहलपुर से रद्दी चौकी तथा अधारताल सब्जी मंडी क्षेत्र में लगाए गए ठेले, टपरे, बैनर और पोस्टर हटाए गए। कार्रवाई के दौरान लगभग 50 टपरे हटाए गए तथा 2 ठेले जब्त किए गए।इसके अतिरिक्त हनुमानताल क्षेत्र में अवैध रूप से पार्क की गई गाड़ियों को हटवाया गया और कछपुरा ब्रिज के आस–पास लगाई गई सब्जी की दुकानों को हटाते हुए 1 ठेला जब्त किया गया। वहीं चंचला बाई स्कूल के समीप बस स्टॉप पर किए गए अतिक्रमण को भी हटाया गया।

रांझी थाना से बड़े पत्थर तक की गई कार्रवाई में 2 ठेले, 4 ड्रम जब्त किए गए तथा एक दुकानदार द्वारा सड़क पर रेत रखने पर चालान बनाया गया। बिग बाजार के सामने स्थित जर्जर भवन को भी हटाया गया।इस पूरी कार्रवाई में दल प्रभारी जोसफ प्रवीण, लक्ष्मण कोरी, ब्रज किशोर तिवारी, कुलदीप त्रिपाठी, अभिषेक समुद्रे, दुर्गा राव, अंकित पारस, नदीम अहमद खान, सहायक दल प्रभारी आरिफ अहमद खान और शुभम खरे सहित नगर निगम का अमला मौजूद रहा।

# सगाई करने के बाद दहेज के लिए अड़े लड़के वाले
### 11 लाख नगद व गाड़ी की मांग, मामला दर्ज

**हरिभूमि, जबलपुर।** गढ़ा थाना क्षेत्र में एक युवती ने अपने होने वाले ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराई है। बताया गया है कि शादी के पहले लड़के वालों ने दहेज की कोई मांग नहीं की थी, लेकिन सगाई होने के बाद दहेज में महिन्द्रा थार गाड़ी तथा 11 लाख रूपये नगद की मांग करने लगे, समझाने पर शादी करने से इंकार कर दिया।

गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गढ़ा निवासी 28 वर्षीय युवती के घर जनवरी 2025 में हीरालाल सोनी, अमित सोनी, प्रीति सोनी अपने लड़के अनमोल सोनी का रिश्ता लेकर आये थे जहां दोनों परिवार के बीच में रिश्ता तय हो गया। अनमोल ने उसे बताया कि वह पुणे में आईटी कम्पनी में काम करता है। मार्च 2025 में दोनों परिवारों की सहमति से दोनों की शादी दिनांक 24 नवंबर 2025 को होना तय हुई। शादी तय होते समय अनमोल एवं अनमोल के परिवार वाले दहेज की मांग नहीं किये थे। गत 5 मई 2025 को दोनों की सगाई होटल युवराज में दोनों परिवार की उपस्थिति में हुई थी। होटल का पूरा खर्च 1 लाख 53 हजार रूपये युवती के परिजनों द्वारा दिया गया था तथा सगाई में लड़के के लिये सोने की अंगूठी 65 हजार रूपये की अनमोल एवं अनमोल के परिजनों को दिये गये। सगाई के कुछ दिन बाद अनमोल सोनी के नाना हीरालाल सोनी ने युवती के पिता के पास फोन कर कहा कि उन्हें विवाह के संबंध में कुछ चर्चा करना है कहते हुए युवती के पिता को मिलने बुलाया तथा बोले कि अनमोल को दहेज में महिन्द्रा थार गाड़ी तथा 11 लाख रूपये नगद तथा गृहस्थी का सामान चाहिये। युवती के पिता ने कहा कि उनकी इतनी क्षमता नहीं है तो अनमोल एवं अनमोल के परिजनों ने शादी करने से इंकार कर दिया है। लड़की वालों के तरफ से बार बार समझाने पर और शादी के लिये मनाने पर भी अनमोल एवं अनमोल के परिजन मामा अमित सोनी, नाना हीरालाल सोनी, मां प्रीति सोनी दहेज में महिन्द्रा थार गाड़ी एवं 11 लाख रूपये नगद की मांग पर अड़े हुये है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 3, 4 दहेज अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## बड़े-बड़े गड्ढे और उड़ती धूल यात्रियों के लिए बन रही दुर्घटना का कारण

# विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट की सड़क बनी मुसीबत

# धूल और गड्ढों से बदहाल मार्ग पर जनप्रतिनिधि खामोश

**भेड़ाघाट।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट की सड़क इन दिनों खस्ताहाल स्थिति में पहुंच चुकी है। संगमरमर की वादियों का नज़ारा देखने रोज़ हजारों पर्यटक यहां आते हैं, परंतु भेड़ाघाट चौराहा से पंचवटी मार्ग तक सड़क पर चलना अब खतरे से खाली नहीं रहा। जगह-जगह पड़े बड़े-बड़े गड्ढे और उड़ती धूल यात्रियों के लिए परेशानी और दुर्घटना का कारण बन रही है। हल्की बारिश होते ही यह मार्ग दलदल में तब्दील हो जाता है।



स्थानीय लोगों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग (PWD) द्वारा केवल खानापूर्ति की जा रही है। सड़क का ठेका तो दे दिया गया, पर कार्य प्रारंभ नहीं हुआ। विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौन बने हुए हैं, जबकि सड़क की दुर्दशा देख ऐसा प्रतीत होता है मानो यह किसी ग्रामीण कच्चे रास्ते की तरह हो।

पर्यटकों ने भी नाराज़गी जताते हुए कहा कि भेड़ाघाट जैसी प्रसिद्ध जगह की सड़क की हालत देखकर शर्मिंदगी महसूस होती है। यह मार्ग न केवल स्थानीय नागरिकों बल्कि पर्यटन उद्योग के लिए भी बड़ी समस्या बन गया है।

जनता का कहना है कि भूमि पूजन कर जनप्रतिनिधि भूल चुके हैं, और अब कोई इस मार्ग की सुध लेने वाला नहीं है। लोगों ने कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह से आग्रह किया है कि वे स्वयं स्थिति का निरीक्षण करें और लोक निर्माण विभाग को जवाबदेह बनाएं, ताकि भेड़ाघाट की सड़कों का शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू हो सके।

# रोड पर बह रहा गंदा पानी, नगर परिषद नहीं कर पा रही निकासी की व्यवस्था

**बरेला।** नगर परिषद द्वारा जहां एक ओर पूरे नगर में समुचित नाली निर्माण का दावा किया जाता है और नालियों से गंदे पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था का डिंडोरा पीटा जाता है किंतु इसके बावजूद भी कुछ जगहों पर नालियों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है जिसकी वजह से लोगों को आने-जाने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है इसका प्रत्यक्ष नजारा वार्ड नंबर 14 स्थित सिलगोर रोड के समीप कपिल पटेल की कुलिया में देखा जा सकता है। जहां पर नाली का गंदा पानी लीकेज होकर रोड पर जमा रहता है ।इस रोड से आने जाने वाले वार्ड वासियों को इस गंदे पानी से ही होकर गुजरना पड़ता है। इस संबंध में स्थानीय नागरिक कपिल पटेल ने बताया कि इस गंदे पानी की निकासी के लिए उन्होंने



नगर परिषद में इसकी शिकायत की है तथा इस संबंध में सीएम हेल्पलाइन भी लगाई गई है किंतु अभी तक इसका कोई समाधान नहीं हुआ है। इसकी वजह से इस वार्ड के लोग इस गंदे नाली के पानी से गुजरने मजबूर हैं। बताया जाता है कि नगर परिषद द्वारा इस रोड के समीप ही लाखों रुपए की लागत से नाली का निर्माण कराया गया है किंतु नगर पंचायत के नायाब इंजीनियरिंग के चलते नालियों से लीकेज होकर गंदा पानी रोड पर भर रहा है। नगर परिषद द्वारा लाखों रुपए खर्च करने के पश्चात भी इस समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है अपितु यह समस्या जस की तस बनी हुई है ।बताया जाता है कि नगर परिषद सीएमओ और वार्ड पार्षद द्वारा अब इस गंदे पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था के लिए कोई रुचि नहीं ली जा रही है जिसका परिणाम वार्ड वासियों को भुगतना पड़ रहा है।

## शिव महापुराण कथा के भव्य आयोजन में सहभागी बनने विभिन्न समाज कर रहे बैठक




**जबलपुर।** आगामी 17 नवम्बर से 25 नवम्बर तक अंतरराष्ट्रीय शिव कथावाचक गोस्वामी कुल-भूषण विद्वत-शिरोमणि गिरि बापू जी के मुखारविन्द से शिव महापुराण कथा का आयोजन विजयनगर में आयोजित किया जाना है। इस पुण्य कार्य में अपनी सक्रिय सहभागिता के लिए शहर के विभिन्न समाज अपने-अपने स्तर पर बैठकों का आयोजन कर रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को गोस्वामी समाज संगठन द्वारा अम्बेडकर चौक स्थित जनपद कार्यालय के सभागार में स्वामी महेन्द्रानन्द महाराज के सानिध्य में बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधुओं व कार्यकारिणी के पदाधिकारियों/ सदस्यों ने हिस्सा लिया। सभी ने एक मतेन होते हुए यह कहा कि कार्यक्रम को भव्य बनाने की दिशा में सक्रिय तौर पर स्वजातीय बंधु अपना योगदान देंगे। बैठक में महासचिव बलराम गिरि गोस्वामी भीटा (टेमर) अध्यक्ष, जनपद पंचायत चन्द्रकिरण, महन्त दयानन्द गिरि अध्यक्ष, अधिवक्ता चन्द्र पुरी गोस्वामी सुहागी, अधारताल उपस्थित रहे।

## श्रीराम महाविद्यालय में युवा उत्सव अंतर्गत हुए कार्यक्रम




**जबलपुर।** श्रीराम महाविद्यालय में युवा उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत परकुशन, नॉन-परकुशन, एकल पाश्चात्य एवं समूह पाश्चात्य संगीत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 6 महाविद्यालयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन से हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अल्केश चतुर्वेदी (प्राचार्य, पी.एम. श्री कॉलेज) उपस्थित रहे। साथ ही श्री रामेन्द्र करसोलिया, राजुल करसोलिया, सुश्री सोनम करसोलिया, डॉ. एल.के. पटेल (ग्रुप डायरेक्टर), डॉ. भरत सोलंकी (प्राचार्य), डॉ. श्रीकांता अवस्थी (उप प्राचार्य) एवं डॉ. नीलिमा शर्मा (एकेडमिक डीन) भी मंच पर मौजूद रहे। निर्णायक मंडल में महेश श्रीवास, अनिंदय जोशी, मनीष गुप्ता, विवेकानंद अवस्थी, सावन शर्मा एवं सचिन उपाध्याय शामिल रहे। मंच संचालन डॉ. कल्पना जैन एवं सुरेन्द्र दुबे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन राजेश मिश्रा और शरद राय द्वारा किया गया। कार्यक्रम की सफलता में सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

## ए.पी.एन. सी.बी.एस.ई. स्कूल के छात्रों ने तैराकी प्रतियोगिता में जीते पदक




**जबलपुर।** ए.पी.एन. सी.बी.एस.ई. सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रतिभाशाली छात्र रोहन विवेक अंबुरे ने इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। रोहन ने 100 मीटर और 200 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक, 400 मीटर व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक तथा 400 मीटर रिले तैराकी में स्वर्ण पदक हासिल किया। उनकी इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, प्राचार्या स्नेह चतुर्वेदी, तथा खेल शिक्षिका भारती प्रसाद ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## आस्था का कुंभ : गूंजे कृष्ण जन्मोत्सव के जयकारे

**बरेला।** ग्राम पड़वार की धर्मपरायण धरा पर चल रहे साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा पुराण महायज्ञ के चतुर्थ दिवस पर भक्ति का चरमोत्कर्ष देखने को मिला। कथा वाचिका, पूज्य अमृता देवी त्रिपाठी जी ने अपनी दिव्य वाणी से जैसे ही भगवान श्री कृष्ण के प्राकट्य का प्रसंग सुनाया, सम्पूर्ण पंडाल 'नन्द के आनंद भयो' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। यजमान प्रशान्त मोहनी सराफ ने सपरिवार प्रभु का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। इस अलौकिक अवसर पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर नृत्य करने लगे, मानो वे स्वयं गोकुल धाम पहुँच गए हों। इस अवसर पर अभिजय और उनकी धर्मपत्नी ने यशोदा और नंद बाबा बनाकर प्रभु का अद्भुत दर्शन भक्तों को कराया।



## 14 नवम्बर को होगी मैराथन दौड़

**मझौली।** टारगेट युवा शक्ति वेलफेयर सोसाइटी द्वारा नशा मुक्ति और युवा जागरूकता के उद्देश्य से लगातार नौवें वर्ष भी मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। यह दौड़ 14 नवम्बर 2025 को पवित्र स्थल कटाव धाम से प्रारंभ होकर वराह नगरी के बाजार प्लॉट, मझौली तक संपन्न होगी। संस्था के अध्यक्ष आशीष तिवारी ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में नशामुक्त समाज की भावना जागृत करना और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने क्षेत्र के सभी युवाओं से इस दौड़ में अधिक से अधिक भाग लेने की अपील की है।

### कसही की कराहती नहर

# प्यासे खेत और मायूस किसान

## वीरांगना रानी अवंती बाई सागर परियोजना की 'जीवनरेखा' टूटी-फूटी

**पनागर।** ग्राम पंचायत कसही, पनागर क्षेत्र में स्थित वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना की मुख्य नहर इस समय बदहाल स्थिति में है। लगभग 2 किलोमीटर तक टूटी, उखड़ी और रिसाव से भरी नहर किसानों के लिए मुसीबत बन चुकी है। जिन खेतों को यह नहर सींचने के लिए बनी थी, वहीं अब पानी की एक बूंद के लिए तरस रहे हैं।



किसानों का कहना है कि वर्षों से नहर की मरम्मत नहीं की गई और जिम्मेदार विभागीय अधिकारी सिर्फ औपचारिक निरीक्षण कर चले जाते हैं। जगह-जगह दीवारों में दरारें, उखड़ी लाइनिंग और रिसाव के कारण पानी खेतों तक पहुँचने से पहले ही बह जाता है।

किसानों ने बताया, "दिनभर मोटर चलाने के बाद भी खेत में नमी नहीं टिकती, नहर से पानी आता ही कहाँ है।" वहीं दूसरे किसान बोले, "रखरखाव न के बराबर है, सीजन और बीज दोनों रिसाव में बह जाते हैं।"

ग्रामीणों का आरोप है कि लोक निर्माण एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से वर्षों से इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया। निरीक्षण और मरम्मत के नाम पर केवल खानापूर्ति होती रही।

इस लापरवाही का असर खेती पर साफ दिख रहा है जैंसे रोपाई में देरी, फसल का झुलसना, ट्यूबवेल पर निर्भरता, बिजली-डीजल खर्च में वृद्धि और कर्ज का बोझ बढ़ गया है। किसान अब प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की माँग कर रहे हैं, जिसमें नहर की री-लाइनिंग, रिसाव बिंदुओं की मरम्मत, और सामाजिक ऑडिट शामिल हैं। ग्रामीणों ने कहा कि "वीरांगना रानी अवंती बाई के नाम पर बनी यह परियोजना किसानों की शान होनी चाहिए थी, पर अब चिंता का कारण बन गई है।" किसानों ने शासन से अपील की है कि इस नहर को शीघ्र सुधार कर खेतों तक पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि आगामी रबी सीजन में फसलें बचाई जा सकें।

## दो सड़क दुर्घटनाओं में तीन घायल

**जबलपुर।** रांझी और गोसलपुर में सड़क दुर्घटना के दो हादसे सामने आए है। सड़क दुर्घटना के इस मामलें में तीन लोग घायल हो गए है। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मस्ताना चौक निवासी 55 वर्षीय महेंद्र कुमार त्रिपाठी मंगलवार की सुबह लगभग 9 बजे अपनी मोटर साईकिल क्रमांक एमपी 20 एमएस 7479 से नगर निगम जा रहे थे। गांधी व्यायाम शाला लक्ष्मी डेयरी के पास पीछे से आ रही एक्सिस मोपेड क्रमांक एमपी 20 जेड जे 6401 के चालक ने महेंद्र कुमार त्रिपाठी की बाईक में टक्कर मार दी, जिससे वह बाईक सहित नीचे गिर गए और उनके वायें पैर एवं कंध में चोटे आ गई है। वहीं गोसलपुर में बुढागर चौराहा ढाबा के सामने गत शाम लगभग 7 बजे रिश्तेदारी में जा रहे बाईक क्रमांक एमपी 20 एमएच 8853 में अनिल लोधी, गब्बर यादव और दिवाकर ठाकुर की बाईक में एक लोडिंग आटो क्रमांक एमपी 20 जीबी 5538 के चालक ने टक्कर मार दी, जिससे तीनों मोटर सायकल सहित गिर गये। अनिल लोधी, गब्बर यादव और दिवाकर ठाकुर को सिर, हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आयीं है। तीनों घायलों को दूसरी बाईक में सवार रमेश यादव एवं शिवाकर ठाकुर ने प्राइवेट वाहन से जबलपुर लाया गया और उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## दयोदय तीर्थ जिनालय में पंचकल्याणक 1 दिसंबर से

**जबलपुर।** आचार्य श्री समय सागर महाराज जी के सानिध्य में दयोदय तीर्थ (गौशाला) में नवनिर्मित जिनालय के 1 दिसंबर से 7 दिसंबर तक होने वाले मज्जिनेंद्र जिनबिम्ब पंचकल्याणक एवं सप्त गजरथ महोत्सव के संदर्भ में विगत दिवस व्यवस्थाओं के संबंध में आयोजन स्थल बड्डा परिसर में शासकीय अधिकारियों एवं जैन समाज की बैठक आयोजित की गयी।जिसमें तहसीलदार के अलावा मध्य प्रदेश विद्युत मंडल, सहायक स्वास्थ्य विभाग,नगर निगम, उद्यान विभाग,पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। इस बैठक में जैन समाज के प्रतिनिधि मंडल में पूर्व राज्य मंत्री शरद जैन,कमलेश कक्का,अशोक चावल, सुनील मंगलाहट, राजीव बेंटिया, दिनेश चौधरी, पार्षद अतुल दानी, संदेश जैन (एडवोकेट),अमित पड़रिया,मंजेश जैन,मनोज सेठ,नीलेश जैन,चंदू बड़कुल,नमन जैन,प्रियांशु जैन उपस्थित थे।

### सिहोरा में अंधी हत्या का पर्दाफाश, दोनों आरोपी गिरफ्तार

## पुरानी रंजिश और लेनदेन के विवाद में हुई थी हत्या

हरिभूमि, जबलपुर।

सिहोरा थाना अतंर्गत गत 31 अक्टूबर को ग्राम भिटोनी में एक व्यक्ति की अंधी हत्या के मामलें में पुलिस ने राज फाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में यह बात सामने आई है कि पैसों के लेनदेन और आपसी रंजिश को लेकर दो आरोपियों ने बांस की लाठियों से प्रहार कर भिटोनी निवासी एक युवक की हत्या कर दी थी। सिहोरा थाना प्रभारी विपिन सिंह ने बताया कि गत 31 अक्टूबर को चंडी मेले के दौरान 40 वर्षीय कैलाश कोल की हत्या कर दी गई थी। जांच के दौरान ग्रामवासियों से पूछताछ, परिस्थितिजन्य साक्ष्य, और सायबर सेल की तकनीकी जानकारी के आधार पर पुलिस ने आरोपी सुनील कोल और शनि कोल को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान दोनों ने जुर्म स्वीकार किया। दोनों आरोपियों ने बताया कि मृतक कैलाश कोल से पुराने पैसों के विवाद और




मारपीट की घटना के चलते वे नाराज थे। 31 अक्टूबर की रात भिटौनी में आयोजित चंडी मेले के दौरान जब कैलाश अकेला जा रहा था, तो सुनील और शनि ने लाठी से हमला कर उसकी हत्या कर दी और फरार हो गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खून से सने कपड़े और हत्या में प्रयुक्त बांस की लाठियां बरामद कीं है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।


### फांसी पर लटकी मिली लाश

**जबलपुर।** बेलखेड़ा थाना अतंर्गत ग्राम बरपटी स्थित एक खेत की मेढ़ में लगे साज के पेड़ से फांसी लगाकर एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बेलखेड़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेलखेड़ी निवासी 55 वर्षीय सरदार सिंह पटेल गत शाम 6 बजे खेत में घूमने गए थे जो रात को घर वापस नहीं आए तो सरदार सिंह का बेटा संदीप पटेल मंगलवार की सुबह खेत तरफ अपने पिता को ढूंढने खेत तरफ गया तो देखा कि रामजी पटेल के खेत की मेढ़ में लगे साज के पेड़ पर उसके पिता सरदार सिंह पटेल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## 421 पाव देशी शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** गोरखपुर और चरगवां थाना क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया वहीं एक आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 421 पाव देशी शराब और एक जूपिटर वाहन जब्त की है। गोरखपुर थाना प्रभारी नितिन कमल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर इंद्रानगर निवासी सर्वेश पासी के घर के पर दबिश दी गई पुलिस को देखते ही आरोपी वहां से भाग गया। पुलिस ने मौके से दो बोरियों में रखी 321 पाव देशी शराब जब्त की है। इसी तरह चरगवां पुलिस ने गत शाम मुखबिर की सूचना पर ग्राम उमरिया डुंगरिया में घेराबंदी कर बूढ़ेश्वर मंदिर के रास्ते पर बिना नंबर की जूपिटर गाड़ी में शराब रखकर आ रहे आईटीआई के पास माढ़ोताल निवासी 31 वर्षीय शिवम साहू को गिरफ्तार कर उसके पास से 100 पाव देशी शराब और घटना में प्रयुक्त जूपिटर वाहन जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2), 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।





**श्री जितेंद्र कुमार शुक्ला**- शास्त्री विहार (त्रिमूर्ति नगर) जबलपुर निवास श्री जितेंद्र कुमार शुक्ला का निधन हो गया। वे सत्यानंद शुक्ला एवं विवेकानंद शुक्ला के पिता थे। अंतिम यात्रा आज बुधवार को सुबह 10 बजे रानीताल मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी ।

**श्रीमती कविता नेचलानी**- पोलीपाथर गौरीघाट रोड निवासी श्री गुलाबचंद नेचलानी की धर्मपत्नी श्रीमती कविता नेचलानी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम नरेश पटेल**- रक्षा नगर कॉलोनी रांझी निवासी श्री राम नरेश पटेल (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मधु गुप्ता**- नीमखेड़ा गौर सालीवाड़ा निवासी श्री रमेश कुमार गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती मधु गुप्ता (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राहुल महोबिया**- भानतलैया पानी की टंकी के पास निवासी श्री राजेंद्र महोबिया के पुत्र श्री राहुल महोबिया (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।




**श्री महेश कुमार अग्रवाल**- सूजीपुरा मिलौनीगंज निवासी श्री महेश कुमार अग्रवाल (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय सिंह ठाकुर**- सेठी नगर पानी की टंकी के पास निवासी श्री विजय सिंह ठाकुर (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री बेनिका प्रसाद शुक्ला**- संजय नगर अधारताल निवासी श्री बेनिका प्रसाद शुक्ला (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सोमंती यादव**- रक्षा नगर कॉलोनी बड़ा पत्थर रांझी निवासी श्री दौलत यादव की धर्मपत्नी श्रीमती सोमंती यादव (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राजकुमार विश्वकर्मा**- कछियाना मोहल्ला (छतरपुर) निवासी श्री राजकुमार विश्वकर्मा (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामनाथ मांझी**- शोभापुर व्हीकल रोड निवासी श्री रामनाथ मांझी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री गुलाब चंद्र**- गली नं. 21, सदर निवासी श्री गुलाब चंद्र (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती नर्मदा बाई चौधरी**- नई बस्ती कजरवारा निवासी श्री राम निहोर चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती नर्मदा बाई चौधरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती मीरा बाई**- भोला नगर झुग्गी झोपड़ी राम मनोहर लोहिया वार्ड निवासी श्री लंबू सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती मीरा बाई (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मदन लाल मलिक**- संजय गांधी नगर मोदीबाड़ा सदर निवासी श्री मदन लाल मलिक (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती प्रमिला**- गोपाल मंदिर के पास घमापुर चौक निवासी श्री सुरेश की धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
रंगीन
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

## खबर संक्षेप




### सेल्सफोर्स की स्मार्टब्रिज कंपनी के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली।** क्लाउड कंप्यूटिंग फर्म सेल्सफोर्स ने मंगलवार को शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी स्मार्टब्रिज के साथ साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी के तहत एक राष्ट्रव्यापी एआई कौशल पहल शुरू की जाएगी। इस कार्यक्रम के तहत शिक्षा और उद्योग जगत के शिक्षार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा और 2026 के अंत तक एक लाख लोगों को कृत्रिम मेधा (एआई) के बारे में सिखाया जाएगा। इसके लिए सेल्सफोर्स के मुफ्त ऑनलाइन शिक्षण मंच 'ट्रेलहेड' का उपयोग किया जाएगा।

### हिंदुस्तान कॉपर के मुनाफे में 85 फीसदी का उछाल

**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान कॉपर का वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ करीब 85 प्रतिशत बढ़कर 186.02 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में मुनाफा 101.67 करोड़ रुपये रहा था। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी आय सालाना आधार पर 550.05 करोड़ रुपये से बढ़कर 728.95 करोड़ रुपये हो गई। व्यय 480.32 करोड़ रुपये रहा जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 414.73 करोड़ रुपये था।



### बजाज फिनसर्व का शुद्ध लाभ आठ प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** बजाज फिनसर्व का जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ आठ प्रतिशत बढ़कर 2,244 करोड़ रुपये हो गया। इस प्रमुख निवेश कंपनी का एक साल पहले इसी तिमाही में मुनाफा 2,087 करोड़ रुपये रहा था। बजाज फिनसर्व ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल एकीकृत आय सालाना आधार पर 33,704 करोड़ रुपये से बढ़कर 37,403 करोड़ रुपये हो गई। ब्याज आय 19,599 करोड़ रुपये रही जबकि पिछले वर्ष समान तिमाही में यह 16,572 करोड़ रुपये थी।

### एक्मे सोलर को एसजेवीएन से हरित ऊर्जा आपूर्ति का ऑर्डर

**नई दिल्ली।** एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी एक्मे सोलर होल्डिंग्स लि. को सार्वजनिक क्षेत्र की एसजेवीएन से 450 मेगावाट/1,800 मेगावाट घंटा की भरोसेमंद नवीकरणीय ऊर्जा आपूर्ति के लिए परियोजना मिली है। एक्मे सोलर ने मंगलवार को बयान में कहा कि यह एफडीआरई परियोजना 25 वर्षों के लिए 6.75 रुपये प्रति यूनिट की दर पर प्राप्त हुई है। एफडीआरई परियोजना ऊर्जा भंडारण प्रणाली से जुड़ी भरोसेमंद और पारेषण योग्य हरित ऊर्जा है।



### टोरेंट पावर का मुनाफा 50 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** टोरेंट समूह की एकीकृत बिजली कंपनी टोरेंट पावर का जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ करीब 50 प्रतिशत बढ़कर 741.55 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का पिछले वर्ष इसी तिमाही में मुनाफा 495.72 करोड़ रुपये रहा था। टोरेंट पावर ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 7,953.91 करोड़ रुपये हो गई जो एक साल पहले इसी तिमाही में 7,300.51 करोड़ रुपये थी। उत्पादन कारोबार से राजस्व जुलाई-सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर 1,833.55 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,420.92 करोड़ रुपये हो गया।

## उद्योग मंडल एसोचैम ने जारी रिपोर्ट में कहा

# भारत के 86 प्रतिशत किसान कृषि प्रौद्योगिकी नवोन्मेषण की पहुंच से बाहर : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत को प्रौद्योगिकी से अभी भी अछूते अधिकांश किसानों तक पहुंचने के लिए खंडित कृषि नवाचार से हटकर राज्य-स्तरीय परीक्षण मंच और एकीकृत डेटा ढांचे के माध्यम से प्रणालीगत एकीकरण की ओर बढ़ना होगा। उद्योग मंडल एसोचैम की मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। उद्योग निकाय ने कहा कि 86 प्रतिशत किसान अभी भी अधिकांश कृषि-प्रौद्योगिकी नवोन्मेषण की पहुंच से बाहर हैं, और प्रौद्योगिकी के सत्यापन, व्यावसायीकरण और छोटे किसानों तक उनकी पहुंच के तरीके में मूलभूत परिवर्तन की आवश्यकता है।

> एकीकृत डेटा ढांचे के माध्यम से एकीकरण की ओर बढ़ना होगा

## छोटे किसानों तक अभी तक इसकी पहुंच नहीं हो पाई

### भविष्य के लिए कृषि प्रणाली विकसित करनी होगी

रिपोर्ट में कहा गया, "भविष्य के लिए तैयार कृषि प्रणाली की ओर भारत की यात्रा इस बात से परिभाषित होगी कि वह प्रौद्योगिकी को समावेशन के साथ, डेटा को निर्णय लेने के साथ और नवाचार को प्रभाव के साथ कितनी प्रभावी ढंग से एकीकृत करता है।" एसोचैम की रिपोर्ट में वास्तविक दुनिया की परिस्थितियों में प्रौद्योगिकी के परीक्षण के लिए सहयोगी परीक्षण स्थल के रूप में काम करने को राज्य-स्तरीय कृषि-तकनीकी सैंडबॉक्स स्थापित करने की सिफारिश की गई है। प्रस्तावित सैंडबॉक्स सरकारी एजेंसियों, स्टार्टअप और अनुसंधान संस्थानों को पूर्ण पैमाने पर तैनाती से पहले समाधान को सत्यापित करने के लिए एक साथ लाएंगे।



### 700 से ज्यादा केवीके के बावजूद विकास नहीं

रिपोर्ट में कहा गया है कि 90 से ज़्यादा आईसीएआर संस्थान, 60 राज्य कृषि विश्वविद्यालय और 700 से ज़्यादा कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) होने के बावजूद, भारत में उभरती कृषि प्रौद्योगिकी के परीक्षण के लिए एक एकीकृत प्रणाली का अभाव है।

### विकास सत्यापित डेटा पर निर्भर करता है

रिपोर्ट में कहा गया है कि कृषि डेटा वर्तमान में अलग-अलग जगहों पर मौजूद है - आईसीएआर और राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के साथ अनुसंधान परीक्षण, राज्य विपणन बोर्ड के साथ बाजार डेटा और निजी कृषि-तकनीक स्टार्टअप के साथ कृषि-स्तरीय डेटा। यह विखंडन उन अत्याधुनिक नवोन्मेषण के विकास को सीमित करता है जो सत्यापित डेटा पर निर्भर करते हैं।

### कृषि डेटा कॉमन्स की स्थापना का आह्वान

एसोचैम ने एफएओ द्वारा अनुशंसित सिद्धांतों पर आधारित एक 'कृषि डेटा कॉमन्स' की स्थापना का आह्वान किया, जिससे डेटा खोजने योग्य, सुलभ, अंतर-संचालन योग्य और पुनः प्रयोज्य हो सके। रिपोर्ट में विश्व आर्थिक मंच के साथ विकसित तेलंगाना के कृषि डेटा एक्सचेंज (एडीईएक्स) को सुरक्षित, मानक-संचालित डेटा साझाकरण के एक मॉडल के रूप में उद्धृत किया गया है।

**प्रत्येक सैंडबॉक्स राज्य कृषि विभागों में स्थापित हो**

प्रत्येक सैंडबॉक्स राज्य कृषि विभागों के भीतर स्थापित होगा, जिसमें आईसीएआर संस्थानों, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों और नाबार्ड सहित संबद्ध विभागों और भागीदारों की हिस्सेदारी होगी। कृषि मंत्रालय और नीति आयोग की सह-अध्यक्षता वाली एक राष्ट्रीय संचालन समिति शासन और वित्तपोषण की देखरेख करेगी।

## टाटा पावर भूटान में लगाएगी पनबिजली परियोजना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टाटा समूह की एकीकृत बिजली कंपनी टाटा पावर ने मंगलवार को कहा कि वह एक विशेष उद्देश्यीय इकाई में 40 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी हासिल करने के लिए 1,572 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। यह इकाई भूटान में 13,100 करोड़ रुपये के निवेश से 1,125 मेगावाट की दोरजिलुंग जलविद्युत परियोजना स्थापित करेगी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यह अधिग्रहण एक या एक से अधिक चरणों में किया जाएगा, जिसके लिए कंपनी और भूटान स्थित ड्रुक ग्रीन पावर कॉरपोरेशन लि. (डीजीपीसी) के बीच एक शेयरधारक समझौता किया जाएगा।विशेष उद्देश्यीय इकाई (एसपीवी) का अभी गठन होना बाकी है। यह अधिग्रहण संबंधित पक्ष लेनदेन के अंतर्गत नहीं आएगा। हालांकि, सूचना में कहा गया है कि अधिग्रहण के बाद, एसपीवी टाटा पावर की एक सहयोगी कंपनी और परिणामस्वरूप एक संबंधित पक्ष बन जाएगी। एसपीवी 13,100 करोड़ रुपये की लागत से दोरजिलुंग जलविद्युत परियोजना का विकास करेगी। यह परियोजना कंपनी को स्वच्छ और हरित ऊर्जा की ओर अपने कदम बढ़ाने में मदद करेगी।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**मोतीबाग कार्यशाला, नागपुर**
**ICF / LHB बोगियों के कार्य के लिए ई-निविदा सूचना**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, मोतीबाग कार्यशाला, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:
**निविदा सूचना सं.:** एमआईबीडब्ल्यू-2025-19-06-09-5R दिनांक: 07.11.2025
**कार्य का विवरण:** मोतीबाग वर्कशॉप, नागपुर में कार्य के दायरे के अनुसार ICF/LHB बोगियों की स्ट्रिपिंग, स्प्रिंग्स की ओवरहॉलिंग व अन्य गैर-कोर गतिविधियाँ, 02 महीने हेतु।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 34,92,025.50 (रु. चौंतीस लाख बानवे हजार पच्चीस और पचास पैसे मात्र), सभी करों सहित, **बयाना राशि:** ₹ 69,900.00 (रु. उनहत्तर हज़ार नौ सौ मात्र), **अनुबंध की अवधि:** 02 (दो) महीने, **निविदा प्रपत्र मूल्य:** ₹ 0 (शून्य)।
**निविदा जमा करना:** निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां केवल दिनांक **22.11.2025** के **11:00** बजे तक ही प्रस्तुत कर सकते है।
इन निविदाओं के अंतर्गत मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है। ऐसे प्रस्तुत किए गए मैनुअल प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा। ।
उपरोक्त निविदा सम्बंधित विवरण हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
**उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मोतीबाग, नागपुर**
AIM/37-178
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# सेंसेक्स 336 अंक ऊपर चढ़ा, निफ्टी 25,700 अंक के करीब

## शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन रही तेजी

एजेंसी ▶▶ मुंबई



स्थानीय शेयर बाजार मंगलवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए अच्छी बढ़त के साथ बंद हुआ। दोनों मानक सूचकांक में बीएसई सेंसेक्स 336 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी 25,700 अंक के करीब पहुंच गया। भारत, अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद के बीच सेवाओं और दूरसंचार कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 411.32 अंक की गिरावट के साथ 83,124.03 अंक पर आ गया था। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी शुरुआती कारोबार में 125.1 अंक टूटकर 25,449.25 अंक पर आ गया। हालांकि, दोनों मानक सूचकांकों ने अच्छी वापसी की और कारोबार के अंत में उल्लेखनीय बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 335.97 अंक बढ़कर 83,871.32 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 120.60 अंक चढ़कर 25,694.95 अंक पर रहा। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "दिल्ली विस्फोट के प्रभाव को लेकर चिंताओं के बीच घरेलू बाजार की शुरुआत हल्की रही। हालांकि, अमेरिकी सीनेट द्वारा विभिन्न विभागों में कामकाज ठप होने को समाप्त करने के लिए एक विधेयक पारित किए जाने से वैश्विक संकेतों के समर्थन से, बाजार में तेजी से सुधार हुआ और यह लाभ के साथ बंद हुआ।"

### इन शेयरों में रहा लाभ

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि., महिंद्रा एंड महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इटर्नल, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, सन फार्मास्युटिकल्स, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

### बजाज फाइनेंस में रही गिरावट

दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, कोटक महिंद्रा बैंक, पावरग्रिड और टाटा स्टील शामिल हैं। बजाज फाइनेंस का शेयर सात प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट के साथ बंद हुआ।

# रुपया 16 पैसे बढ़कर 88.57 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे बढ़कर 88.57 (अस्थायी) पर बंद हुआ। वित्तपोषण की दिक्कतों के कारण कई अमेरिकी विभागों का कामकाज ठप होने संबंधी (शटडाउन) विधेयक पर प्रगति और अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर उम्मीदों के बीच रुपये में यह तेजी देखी गई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में तेजी लौटने और अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर उम्मीदों ने रुपये को समर्थन प्रदान किया। हालांकि, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी पूंजी की निकासी ने निवेशकों की कारोबारी धारणा को प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में, रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 88.69 पर खुला और दिन के दौरान 88.52 के उच्चस्तर तक गया और 88.72 के निचले स्तर तक आया।

### हडको के लाभ में तीन प्रतिशत का इजाफा

**नई दिल्ली।** हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (हडको) ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में उसका शुद्ध लाभ तीन प्रतिशत बढ़कर 710 करोड़ रुपये हो गया। सार्वजनिक क्षेत्र की इस कंपनी ने एक साल पहले इसी अवधि में 689 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। हडको को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी की कुल आय सालाना आधार पर 2,526 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,251 करोड़ रुपये हो गई।

**पश्चिम मध्य रेल**
वाणिज्य विभाग दिनांक : 07.11.2025
क्र. जबल/सी/170/ई-ऑक्शन/विविध/25
वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक जबलपुर द्वारा IREPS पर पंजीकृत संस्थाओ से ई-ऑक्शन के माध्यम से विज्ञापन एवं एसएलआरलीजिंग ठेके हेतु बोलियाँ आमंत्रित की जा रही है। ऑक्शन केटेलाग को IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर प्रकाशित किया जा चुका है जबलपुर मंडल के आगामी ई-ऑक्शन का विवरण निम्नवत है। **श्रेणी** : पे एंड यूज, **कैटेलाग** : JBP-Pay Use-BOT, **एसेट विवरण** : जबलपुर स्टेशन के डीलक्स पे एंड यूज टायलेट (BOT) आधारित) के संचालन और रखरखाव का कार्य।, **ऑक्शन प्रारंभ** : 25-11-2025 12: 30 hrs, **ऑक्शन समापन** : 25-11-2025 13:00 hrs. 1. बोलीदाताओ को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in. देखें। 2.उक्त ई-ऑक्शन आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) के 3. ई-ऑक्शन मोडयूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। 3. ई-ऑक्शन सम्बन्धित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एवं शर्ते आदि आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है। 4. बोलीदाता IREPS में उल्लेखित दिनांक एवं समय के अनुसार ही ई ऑक्शन में भाग ले सकते है। 5. सभी संभावित बोली दाताओ से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन से सम्बधित किसी भी शुद्धिपत्र हेतु नियमित रुप से रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in. का अवलोकन करते रहे।
हस्ता.
कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड**
कार्यालय मुख्य अभियंता (अउदा-नि.) जबलपुर, ब्लॉक नं.-4, शक्ति भवन जबलपुर-482008
**निविदा सूचना**
निविदा विशे. क्र. मुख्य अभियंता (अउदा-नि.) TC/2025/351 से TC/2025/352, निविदा क्र. 1178 दिनांक 06.11.2025
**1.** 220 KV उपकेन्द्र नयागांव परिसर में नवीनीकरण एवं रख-रखाव यथा नियंत्रण कक्ष भवन, आर.सी.सी. केबिल ट्रेन्च, कर्टेन वॉल, रोड ट्यूबवेल इत्यादि से संबंधित सिविल कार्य। **2.** (i) HRDI परिसर नयागांव जबलपुर में विभिन्न सिविल कार्य। (ii) सहायक अभियंता (TLM) परिसर नयागांव जबलपुर में विभिन्न सिविल कार्य।
उपरोक्त कार्यों हेतु पात्र ठेकेदारों से ऑनलाइन पृथक-पृथक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा के खुलने की दिनांक एवं अन्य विस्तृत विवरण हेतु हमारी वेबसाइट **www.mptransco.nic.in** एवं **www.mptenders.gov.in** का अवलोकन अथवा दूरभाष क्र. 0781-2702128/2702276 पर कार्यालयीन समय में सम्पर्क करें।
म.प्र. माध्यम/122938/2025 मुख्य अभियंता (अउदा-नि.)

**पश्चिम मध्य रेल**
विद्युत शाखा खुली निविदा
एनकेजे-ओवरहॉल-ऑक्समोटर-टी-25
दिनांकः-08.11.2025 ई-निविदा
वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर (टीआरएस) पश्चिम मध्य रेल नई कटनी जंक्शन, भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-निवदा आमंत्रित करता है।, **निविदा सूचना क्रमांक**-एनकेजे-ओवरहॉल-ऑक्समोटर-टी-25 दिनांक 08/11/2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**- डीजल लोको शेड, नई कटनी जंक्शन के कन्वेन्शनल लोकोमोटिव(डब्ल्यूएजी5 और डब्ल्यूएजी7) की ऑक्जलरी मोटरों की ओवरहॉलिंग (आवश्यकतानुसार सामग्री सहित) का कार्य दो वर्षो के लिए।, **निविदा का अनुमानित मूल्य (रूपये में)**: रू1,92,59,237.08, **अर्नेस्ट मनी/बिड सिक्योरिटी राशि (रूपये में)**- रू 2,46,300/-, **समापन अवधि**-24 माह, **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय (12.00 बजे तक)**-08.12.2025, उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाईड **"http://ireps.gov.in."** पर उपलब्ध है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
हस्ता.
कृते वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(टीआरएस) पश्चिम मध्य रेल, नई कटनी जं.
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - जबलपुर (म.प्र.)**
E-mail- modgmjab@mp.gov.in
क्रमांक/1217/खनिज/2025 दिनांक 10/11/2025
म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 ( 1 - क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करनें के लिए
**प्रथम सूचना**
यह सूचित किया जाता है कि आवेदिका राशि असाटी पिता श्री विनय असाटी पता - ग्राम पोस्ट धनगवाँ तहसील मझौली जिला जबलपुर (म.प्र.) द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 13/08/2025 को प्रस्तुत किया गया है। प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस की अवधि में इस क्षेत्र पर उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई - खनिज पोर्टल http://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।
**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा हेक्टर में | भूमि का प्रकार शासकीय/निजि | खनिज का नाम | रिमॉर्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जबलपुर | मझौली | हथवई | 16,17,18 | 1.05 | निजी भूमि | लेटराईट ओकर | |
| | | | कुल रकवा | 1.050 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक) ऑन लाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जायेगा।
खनि अधिकारी
जिला-जबलपुर (म. प्र.)
जी-21298/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

**कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा (म.प्र.)**
शुक्ला ग्राउण्ड के पास वार्ड नं. 39 छिंदवाड़ा 480001
दूरभाष एवं फैक्स नंबर:-07162-222346
ई-मेल:- commchhindwara@mpurban.gov.in
commissioner.chhindwara.mpurban@gmail.com
वेबसाईट:- chhindwaranagarnigam.com
क्रमांक/5044/लोनिवि/नपानि/2025-26 **// निविदा सूचना//** छिन्दवाड़ा दिनांक 11/11/2025
एतद् द्वारा शासकीय विभागों के उपयुक्त तथा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 22025_UAD _461480_1 Dated 12-11-2025 | जेल तिराहा (इंदिरा गांधी) लेफ्ट टर्न में स्थित इंदिरा गांधी प्रतिमा स्थल के क्षतिग्रस्त अवयवों के संधारण एवं सुरक्षा हेतु ग्रिल लगाने कार्य | 1. 1,37,241.00 2. 2 माह | 1. 2,000.00 2. 2,800.00 | 26/11/2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
**कार्यपालन नगरपालिक निगम, छिंदवाड़ा**

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी दक्षिण शहडोल वनमण्डल, जिला - शहडोल 484001 (म. प्र.)**
PHONE -07652-240304, FAX-07652-240304 EMAIL- dfosshahdol@mpforest.org, dfotsshahd@mp.gov.in
क्रमांक/ई-टेण्डर/2025/9582 **ई-निविदा प्रेस विज्ञप्ति सूचना** शहडोल,दिनॉक 04.11.2025
वन मण्डल दक्षिण शहडोल अंतर्गत वर्ष 2025-26 में कार्यशालाओं / प्रशिक्षण स्थलों / कर्यक्रमों में खाद्य सामग्री, टेंट एवं प्रचार- प्रसार सामग्री लगाने हेतु https://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा क्रमांक / 2025_MPFD_461234_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु सामग्री का विवरण एवं स्पेशिफिकेशन निम्नानुसार है
**PRODUCT SPECIFICATIONS**

| क्रमांक | सामग्री | सामग्री विवरण | मात्रा/ईकाई |
|---|---|---|---|
| 1 | नास्ता | चाय कॉफी / | प्रति व्यक्ति |
| 2 | | बिस्किट, स्नेक समोसा/लड्डू समोसा/केला पोहा/जलेबी/मय 500 एमएल पॉनी बॉटल | प्रति व्यक्ति |
| 3 | | 6 पूड़ीसब्जी, आचार मय 500 एमएल पॉनी बॉटल | प्रति व्यक्ति |
| 4 | साधारण थाली | दाल चावल, सब्जी सूखी, ग्रेवी सब्जी, रोटी प्लेन / पराठा / पूड़ी मेथी / पूड़ी प्लेन, मीठा हलवा / खीर / रसगुल्ला / गुलाब जामुन, सलाद, अचार, पानी की बॉटल 1000 एम एम | प्रति व्यक्ति |
| 5 | स्पेशल थाली | दही बड़ा, सब्जी मिक्स वेज, पनीर ग्रेवी सब्जी/सूखी सब्जी, चपाती-प्लेन चपाती/नान/बटर नान/मक्के की रोटी/ज्वार रोटी/ प्लेन पूड़ी/मेथी पराठा, दाल-चावल/वेज पुलाव, बूंदी रायता/प्लेन रायता/वेजीटेबल रायता, मीठा-गुलाब जामुन/रसगुल्ला/ खीर/हलवा, 05 तरह के मिक्स सलाद, आचार, पानी की बाटल 1000 एम एल। | प्रति व्यक्ति |
| 6 | टेंट व्यवस्था | 100 व्यक्ति हेतु सभा में साउण्ड, माइक अन्य उपकरण सहित स्थल मे लगा कर किराया | प्रति दिवस |
| 7 | | टेंट पंडाल साधारण प्रति दिवस दर प्रति वर्ग फिट में | प्रति वर्ग फिट |
| 8 | | टेंट पंडाल वॉटर प्रूफ प्रति दिवस दर प्रति वर्ग फिट में | प्रति वर्ग फिट |
| 9 | | कुर्सी किराया सहित स्थल तक पहुंचाकर किराया प्रति दिन | प्रति दिवस |
| 10 | | टेबिल मय टेबिल कवर किराया सहित स्थल तक पहुंचाकर किराया प्रति दिन | प्रति दिवस |
| 11 | | बैठक हेतु मैट प्रति दिवस किराया प्रति वर्ग मीटर | प्रति वर्ग मीटर |
| 12 | प्रचार-प्रसार एवं फोटोग्राफी | फ्लैक्श बैनर मय डिजायन सहित | प्रति वर्ग फिट |
| 13 | | सेल्फी स्टैंड | प्रति घण्टा |
| 14 | | प्रोजेक्टर मय स्क्रीन किराया | प्रति घण्टा |
| 15 | | फोटोग्राफी हार्ड कॉपी | प्रति फोटो |
| 16 | | फोटोग्राफी सॉफ्ट कॉपी | प्रति फोटो |
| 17 | | वीडियों ग्राफी मय पेड ड्राईव सहित | प्रति मिनट |

निविदा में भाग लेने तथा निविदा खोलने की तिथि एवं समय की जानकारी निम्नानुसार है :-

| विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| Tender Publishing Date & Time | Date 07/11/2025 Time 11:00 AM | निविदा आनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders .gov.in पर दर्शित है। |
| Tender Sale Start Date & Time | Date 07/11/2025 Time 11:00 AM | |
| Pre Bid Meeting Date | Date 14/11/2025 Time 11:00 AM | |
| Bid Submission Start Date & Time | Date 07/11/2025 Time 11:00 AM | |
| Bid Submission Closing Date & Time | Date 29/11/2025 Time 05:30 PM | |
| Bid Opening Date & Time | Date 01/12/2025 Time 11:00 AM | |

निविदादाता निविदा की सूचना एवं सामग्रियों के विस्तृत विवरण हेतु एवं अन्य संबंधित जानकारी वेबसाईट https://mptenders.gov.in एवं विभाग की वेबसाईट https://mpforest.gov.in पर देख सकते है।
(श्रद्धा पन्द्रे)
"स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" G-21296/25 वन मण्डलाधिकारी दक्षिण शहडोल वनमण्डल

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग- अनूपपुर (म.प्र.)**
कार्यालय- जिला पंचायत भवन प्रथम तल अनूपपुर (म.प्र.) E-Mail-eeresannuppur@mp.gov.in
क्रमांक/589456/निविदा/ग्रायांसेवा/2025 **संक्षिप्तनिविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 08/2025-26** अनूपपुर, दिनांक 06/11/2025
म.प्र. के राज्यपाल की ओर से Cover-2 (दो लिफाफा पद्धति) के आधार पर ऑनलाईन प्रतिशत दर निविदा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-अनूपपुर के निम्नांकित सिविल कार्य हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था में समतुल्य / सक्षम श्रेणी में अथवा अन्य राज्यों/उपक्रमों/संस्थाओं / प्राधिकरण समकक्ष श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति से ग्रामीण यांत्रिकी सेवाद्वारा संशोधित प्रपत्र अपेंडिक्श 2.10 अनुसार अद्यतन संशोधन निर्धारित तिथि (Key Date ) अनुसार सिविल निर्माण कार्य हेतु ग्रामीण यांत्रिकी सेवाविभाग की दिनांक 11.04.2022 से प्रभावशील दर अनुसूची (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवासे प्रभावशील दर अनुसूची ( निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. | सिस्टम टेंडर आई.डी.नम्बर | कार्य का नाम | जनपद पंचायत | निविदा लागत (PAC) (रुपए लाख में) | अमानत राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रुपए में) | समयावधि (वषार्काल सहित) | आमंत्रण क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | 2025_RES _461260_1 | फिजिक्स लैब भवन निर्माण विद्युतीकरण संहित शासकीय हायर सकेण्ड्री स्कूल बालिका कोतमा | कोतमा | 16.05 | 32100 | 2000/- | 04 माह | प्रथम |
| 02 | 2025_RES _461261_1 | केमिस्ट्री लैब भवन निर्माण विद्युतीकरण संहित शासकीय हायर सकेण्ड्री स्कूल बालिका कोतमा | कोतमा | 16.66 | 33320 | 2000/- | 04 माह | प्रथम |
| 03 | 2025_RES _461263_1 | बायोलॉजी लैब भवन निर्माण विद्युतीकरण संहित शासकीय हायर सकेण्ड्री स्कूल बालिका कोतमा | कोतमा | 16.05 | 32100 | 2000/- | 04 माह | प्रथम |
| 04 | 2025_RES _461264_1 | फिजिक्स लैब भवन निर्माण विद्युतीकरण सहित शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल सकरा | जैतहरी | 16.05 | 32100 | 2000/- | 04 माह | प्रथम |
| 05 | 2025_RES _461265_1 | केमिस्ट्री लैब भवन निर्माण विद्युतीकरण सहित शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल सकरा | जैतहरी | 16.66 | 33320 | 2000/- | 04 माह | प्रथम |
| 06 | 2025_RES _461266_1 | बायोलॉजी लैब भवन निर्माण विद्युतीकरण सहित शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल सकरा | जैतहरी | 16.05 | 32100 | 2000/- | 04 माह | प्रथम |
| 07 | 2025_RES _461268_1 | फिजिक्स लैब भवन निर्माण विद्युतीकरण सहित सकीय हायर सेकण्डरी स्कूल बालिका बेनीबारी | पुष्पराजगढ | 16.05 | 32100 | 2000/- | 04 माह | प्रथम |
| 08 | 2025_RES _461269_1 | केमिस्ट्री लैब भवन निर्माण विद्युतीकरण सहित सकीय हायर सेकण्डरी स्कूल बालिका बेनीबारी | पुष्पराजगढ | 16.66 | 33320 | 2000/- | 04 माह | प्रथम |
| 09 | 2025_RES _461259_1 | बायोलॉजी लैब भवन निर्माण विद्युतीकरण सहित सकीय हायर सेकण्डरी स्कूल बालिका बेनीबारी | पुष्पराजगढ | 16.05 | 32100 | 2000/- | 04 माह | प्रथम |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान करक्रय किये जा सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय करने की दिनांक 09.11.2025 प्रातः समय 10:30बजे से प्रारंभ होकर दिनांक 15.11.2025 समय 05:30 बजे सायं तक तथा निविदा प्रपत्र ऑनलाईन प्रस्तुत करने की प्रारंभ तिथि 09.11.2025 प्रातः समय 10:30 से प्रारंभ होकर दिनांक 15.11.2025 समय 05:30बजे सायं तक निर्धारित है। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जावेगी । संशोधन संबंधित सूचनायें केवल वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही अपलोड की जावेगी।
कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग- अनूपपुर (म.प्र.)
G-21311/25 "स्वच्छता ही सेवा"

## चिंतन

# आतंकी किसी भी तरह से दहशत फैलाने पर आमादा

जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, साफ होता जा रहा है कि देश की राजधानी दिल्ली को दहलाने की नापाक साजिश के पीछे आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का हाथ है और इसके तार कश्मीर घाटी से जुड़े हुए हैं। कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत कड़ी होने के कारण आतंकी वहां कोई हरकत करने में कामयाब नहीं हो पा रहे थे तो इन्होंने उत्तर भारत में दहशतगर्दी को अंजाम की साजिश रची। हालांकि हमारे सुरक्षा सुरक्षा बलों ने फरीदाबाद, सहारनपुर में छापे मारकर भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद कर लिया था और पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने के करीब थे तभी आतंकी आकाओं ने दिल्ली में धमाके को अंजाम दे दिया। जांच में पता चला है कि धमाके में अमोनियम नाइट्रेट का इस्तेमाल किया गया। इससे पहले जांच एजेंसियों ने फरीदाबाद से तीन क्विंटल अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया था। माना जा रहा है कि दिल्ली विस्फोट के तार भी फरीदाबाद के आतंकी मॉड्यूल से जुड़े हैं। फरीदाबाद में कई जगह से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री की बरामदगी और फिर दिल्ली में धमाके का एक दिन होना, निस्संदेह किसी बड़ी साजिश की आशंका की ओर इशारा कर रहा है। आतंकी हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि किसी भी तरह से भारत की शांति को भंग किया जाए। इसके लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं और ये धमाके फरीदाबाद मॉड्यूल का ही कारनामा है। इसमें कई डॉक्टरों के शामिल होने की वजह से इसे 'व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल' भी कहा जा रहा है। अब ऐसी रिपोर्ट सामने आई है कि मॉड्यूल का असली मास्टरमाइंड मौलवी इरफान अहमद है, जो कि जम्मू और कश्मीर के शोपियां का रहने वाला है। इस आतंकी मॉड्यूल में जितने भी डॉक्टर शामिल हैं, उन सबको मौलवी इरफान ने ही कट्टरपंथी बनाया है। वह श्रीनगर के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में पैरामेडिकल था और सभी स्टूडेंट्स से लगातार संपर्क में था। वह नौगाम मस्जिद का इमाम भी था। कहा जा रहा है कि वह जैश-ए-मोहम्मद से प्रेरित है और छात्रों को उसके वीडियो दिखाता रहता था। वह अफगानिस्तान में किसी से वीओआईपी पर बातें भी करता था।' जानकारी के उसका काम यह सुनिश्चित करना था कि छात्र कट्टर बनें और डॉक्टर मुजम्मिल शकील और डॉक्टर मोहम्मद उमर, इरफान के इसी काम को आगे बढ़ाने में लगे हुए थे। जिसे अब फरीदाबाद मॉड्यूल कहा जा रहा है, उसकी जांच 27 अक्टूबर को श्रीनगर के नौगाम में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के समर्थन वाले पोस्टर सामने आने के साथ शुरू हुई थी। इस मामले में पहले तीन ग्राउंड वर्कर धरे गए थे, जो एक जमाने में श्रीनगर में पत्थरबाजी का काम करते थे। उन्होंने ही पुलिस को मौलवी इरफान अहमद तक पहुंचाया। मौलवी से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने डॉ. अदील अहमद राथर और जमीर अहनगर को गिरफ्तार किया। हालांकि अभी जांच एजेंसियों ने कोई खुलासा नहीं किया है। वे हर कड़ी को जोड़ने के काम में लगी हैं। इतना तो साफ है कि दहशतगर्दों का इरादा भारत में अशांति फैलाने का है। हम सबसे इसे लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। सुरक्षा बल तो अपना काम कर रहे हैं। देश का हर नागरिक अगर सतर्क होगा तो आतंकी मनसूबे कामयाब नहीं हो पाएंगे।



वारदात
डॉ. रमेश ठाकुर

# दिल्ली ब्लास्ट हादसा या साजिश

ल्ली जैसा राज्य जो अति सुरक्षित हो, चप्पे-चप्पे पर चौबीसों घंटे चौकसी रहती हो? जहां केंद्र सरकार से लेकर खुफिया एजेंसियों का ठिकाना हो, वहां घटित ऐसे हादसे को सीधे-सीधे हुकूमत की नाकामी और सुरक्षा तंत्र की घोर विफलता ही कहा जाएगा। विस्फोट का खौफजदा मंजर न सिर्फ भयभीत करने जैसा था, बल्कि डरावना भी? सीसीटीवी फुटेज में कार घटना के कुछ घंटे पहले पास के एक मस्जिद परिसर में खड़ी देखी गई। क्या प्लानिंग पहले से की गई थी या फिर आरडीएक्स के शेष हिस्से को ब्लास्ट के जरिए दफन करना था। हालांकि, घटना के बाद जांच चौकसी को बढ़ाते हुए हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश महाराष्ट्र जैसे कई राज्यों में हाई अलर्ट किया गया है।

ब्लास्ट होने के महज कुछ घंटों पहले दिल्ली से सटे 47 किलोमीटर दूर फरीदाबाद में संदिग्धों के घरों से हथियारों का भारी मात्रा में जखीरा मिलना और सैकड़ों किलो आरडीएक्स की बरामदगी घटना से संबंध जुड़ने की ओर इशारा करती है? बेशक घटना को अभी आतंकी या फिदायीन हरकत करार न दी गई हो? पर, हमले का मॉड्यूल बहुत कुछ कहता है। हालांकि, केंद्रीय जांच एजेंसियां, एनआईए और एनएसजी फिलहाल हर एंगल से कड़ियों को जोड़ने में लगी है। खुदा-ना-खास्ता अगर ये आतंकियों की हरकतें निकली, तो समझ लेना चाहिए कि अब उन्होंने अपने मंसूबों को अंजाम देने वाले तरीकों में बदलाव कर लिया है। दिन में आतंकी नेटवर्क का पकड़ा जाना और देर शाम को धमाका हो जाने की थ्योरी पर सभी अचंभित हैं। दिल्ली जैसा राज्य जो अति सुरक्षित हो, चप्पे-चप्पे पर चौबीसों घंटे चौकसी रहती हो? जहां केंद्र सरकार से लेकर खुफिया एजेंसियों का ठिकाना हो, वहां घटित ऐसे हादसे को सीधे-सीधे हुकूमत की नाकामी और सुरक्षा तंत्र की घोर विफलता ही कहा जाएगा। विस्फोट का खौफजदा मंजर न सिर्फ भयभीत करने जैसा था, बल्कि डरावना भी?

घटना के समय चारों तरफ भगदड़ मचना, चीख-पुकार का तेज शोर व विस्फोटक चिंगारियों से मेट्रो स्टेशन के शीशों का चटाचट टूटना और ब्लास्ट वाली कार का एक गेट करीब 90 मीटर दूर जाकर गिरने के मंजर को देखकर प्रत्यक्षदर्शी, राहगीर और दुकानदार सहम से गए। लोग दुकानों में छिप गए, गाड़ियों की आड़ लेकर बैठ गए। ब्लास्ट वाली जगह पर चौबीसों घंटे लोगों की चहल-पहल रहती है। एशिया का सबसे बड़ा बाजार भी वहीं है, इसलिए उसे व्यस्तम इलाकों में गिना जाता है। लालकिले के बाहरी हिस्से में लाखों लोगों की प्रतिदिन आवाजाही रहती है। गनीमत ये रही कि सोमवार का दिन था, अमूमन दुकानें बंद रहती हैं। वरना, इस भयभीत मंजर में भगदड़ मचने से और भी बड़ी घटना हो सकती थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जैसे अचानक से धरती फट गई हो और आसमान पूरा लाल हो गया हो? लोगों ने बताया कि घटनास्थल पर किसी का हाथ पड़ा था तो किसी की कटी हुई गर्दन? जलते मांस के टुकड़ों से आती गंध ने और ज्यादा मंजर डरावना कर दिया। कुछ मिनट तक लोग समझ ही नहीं पाए कि आखिर हुआ क्या है? दिल्ली सत्ता का केंद्र ही नहीं, बल्कि सुरक्षा के लिहाज से प्रतीक भी माना जाता है।

बहरहाल, फिदायीन हमले की आशंका है जिसको मद्देनजर रखकर ही एनआईए और एनएसजी जांच में जुटी है। क्योंकि ऐसे हमलों की खुफिया जानकारियां उन्हें पूर्व से प्राप्त हैं। तकरीबन इस तरह के हमले विस्फोटक पदार्थों से ही किए जाते हैं जिसका पुलवामा कांड सबसे बड़ा उदाहरण है। इंटेलिजेंस को अगस्त से ही इनपुट मिल चुके थे कि जम्मू के रास्ते कुछ आतंकी देश में प्रवेश कर चुके हैं जो कहीं न कहीं बड़ी घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में हैं। उन्हें डिटेन करने में तमाम खुफिया एजेंसी सक्रिय थीं। लेकिन सटीक जानकारियों का अभाव रहा। हालांकि, हथियार और आरडीएक्स को बरामद करने में सफलता जरूर मिली। पर, कौन से आतंकी संगठन शामिल हैं और उनका घटनाई मॉड्यूल क्या है? आदि की जानकारी से हाथ खाली रहा। मौजूदा



घटना के तह तक जाने की जरूरत है। देशवासियों को इसलिए बताना चाहिए, ताकि नागरिक खुद से भी सतर्क हो सकें। ऐसी घटनाओं पर समय रहते अगर प्रतिबंध नहीं हुआ, तो आतंकियों के हौसले और बुलंद हो जाएंगे। घटना में हरियाणा की एचआर-26, 7624 नंबर की आई-20 जो कार प्रयुक्त हुई है उसकी पहचान जांच एजेंसियों ने कर ली है। कार का मालिक फरीदाबाद निवासी कोई मोहम्मद सलमान नाम का है जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। कुछ महीने पहले उसने उस कार को सेकंड हैंड किसी से खरीदी थी।

निश्चित रूप कार के जरिए बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है। कार का इसी साल सितंबर में गलत पार्किंग को लेकर फरीदाबाद में चालान भी कटा था। घटना के वक्त कार में तीन लोगों के होने की आशंका जताई गई, जो थे उनके चिथड़े उड़ चुके हैं। कार में वांछित डॉ. उमर मोहम्मद के होने की भी आशंका है, वहीं उमर जिसके घर से घटना के कुछ घंटों पहले हथियारों का जखीरा और आरडीएक्स बरामद हुआ था। कार से बरामद शव उस हालत में नहीं हैं जिनकी शिनाख्त की जाए, डीएनए जांच से ही उनकी पुष्टि हो सकेगी। घटना को लेकर कई तरह के सवाल उठ खड़े हुए हैं। जैसे, कि ब्लास्ट होने की भनक भारतीय खुफिया एजेंसियों को क्यों नहीं लगी? घटना केंद्र सरकार और स्थानीय सरकार के बिल्कुल नाक के नीचे घटी। पुलिस को ब्लास्ट की सूचना 6 बजकर 52 मिनट पर मिली। लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-एक के बा-मुश्किल 20-25 मीटर दूरी पर लाल बत्ती पर एक स्लो मोशन कार आती है और ब्लास्ट हो जाता है। सीसीटीवी फुटेज में कार घटना के कुछ घंटे पहले पास के एक मस्जिद परिसर में खड़ी देखी गई। क्या प्लानिंग पहले से की गई थी या फिर आरडीएक्स के शेष हिस्से को ब्लास्ट के जरिए दफन करना था। हालांकि, घटना के बाद जांच चौकसी को बढ़ाते हुए कई राज्यों में हाई अलर्ट किया गया है। आईबी के पास सूचनाएं हैं कि ऐसी घटनाएं कुछ राज्यों में भी घट सकती हैं। इसलिए एहतियातन केंद्र सरकार ने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में अलर्ट जारी किया है। 2025 हादसों के लिए जाना जाएगा। कोई ऐसा महीना नहीं बीता, जब देश में कोई बड़ी घटना न घटी हो? कहीं भगदड़, तो कहीं कुदरती आपदाएं। झकझोर देने वाला पहलगाम हमला भी शामिल है। फिलहाल, दिल्ली में ब्लास्ट के बाद गृहमंत्रालय में आपातकालीन बैठक बुलाई जिसमें एनएसए चीफ अजीत डोभाल के अलावा सुरक्षातंत्र से जुड़े आलाधिकारी शामिल हुए। बैठकों का दौर जारी है। दिल्ली ब्लास्ट को लेकर गृह मंत्रालय में बैठक में सभी अधिकारियों को गृहमंत्री ने दिए निर्देश कि इस घटना में शामिल कोई दोषी नहीं बचना चाहिए।

सवाल उठता है कि सांप निकल जाने के बाद डंडा फटकारने का क्या तुक? घटना में 11 लोगों के मरने और 24 के घायल होने के आंकड़ों को प्रशासन ने जारी किया है। आंकड़े बढ़ सकते हैं। कब तक बेकसूर लोग अपनी जानें ब्लास्ट जैसी घटनाओं में देते रहेंगे? अमन-शांति के हुकूमती नारे धरातल पर कब उतरेंगे, कौनसी घड़ी आएगी जब ये सब होगा? ऐसे सवाल प्रत्येक भारतीयों के मन में उठने लगे हैं। फिलहाल, दिल्ली पुलिस सहारनपुर , फरीदाबाद और गुजरात के कनेक्शन की भी जांच कर रही है। बताया गया है कि दिल्ली ब्लास्ट में साजिश के मास्टरमाइंड डॉक्टर उमर की मौत हो गई है। जम्मू कश्मीर पुलिस ने डॉक्टर उमर की मां का डीएनए नमूना लिया, ताकि अवशेषों की पुष्टि हो सके। श्रीनगर में एक अधिकारी ने कहा कि हमने विस्फोट स्थल पर मिले अवशेषों का मिलान करने के लिए भी डीएनए नमूना लिया है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

चुनाव प्रक्रिया
सोनम लववंशी




# अंगुली की स्याही और लोकतंत्र की चेतना!

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति यह है कि यहां अंतिम निर्णय जनता करती है। सरकारें बनती हैं, गिरती हैं, और समय के साथ बदल भी जाती हैं, लेकिन मतदाता का निर्णय ही अंततः सर्वोपरि माना जाता है। इसलिए जब चुनाव प्रक्रिया, चुनाव आयोग या ईवीएम पर संदेह प्रकट किया जाता है, तो यह संदेह वस्तुतः जनता के विवेक और उसके निर्णय पर उठाया गया प्रश्न होता है। बीते एक दशक के राजनीतिक विमर्श में यह प्रवृत्ति स्पष्ट दिखी है कि राजनीतिक पराजय का कारण आत्ममंथन से नहीं, बल्कि मशीनों और व्यवस्थाओं में खोजा जाने लगा है। यह प्रवृत्ति स्वस्थ लोकतंत्र की संस्कृति को क्षीण करती है, क्योंकि वह जनता को निर्णयकर्ता नहीं, किसी अदृश्य षड्यंत्र की शिकार भीड़ के रूप में प्रस्तुत करती है। राहुल गांधी की हालिया राजनीतिक रणनीति इसी दिशा में आगे बढ़ती दिखाई देती है। वे समाज में 90 फीसदी बनाम 10 फीसदी की रेखा खींचते हैं, और यह रेखा केवल सांख्यिकीय नहीं भावनात्मक विभाजन की है। उनका यह कहना कि भारत की 90 फीसदी आबादी ओबीसी, एससी-एसटी है और सत्ता केवल कुछ 'सवर्ण वर्ग' के पास है, सुनने में आकर्षक नारा तो हो सकता है, लेकिन यह सामाजिक संरचना की जटिलताओं को जानबूझकर सरलीकृत करता है। यह आंकड़ों और इतिहास की अनदेखी करके वर्गीय द्वेष को वैचारिक रूप देने का प्रयास है और यही इसकी खतरनाक प्रकृति है। दरअसल सत्ता का संघर्ष लोकतंत्र में स्वाभाविक है, पर जब संघर्ष को जाति-विभाजन के ईंधन से चलाया जाए, तो वह राजनीति नहीं, विस्फोटक वातावरण पैदा करने की रणनीति बन जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर माइक्रोफ़ोन पर 'नकली ओबीसी' जैसी टिप्पणी केवल एक व्यक्ति पर व्यक्तिगत आक्षेप नहीं है, यह उस समुदाय के सामाजिक आत्मसम्मान को भी हल्का दिखाने की चेष्टा है, जो वर्षों से अपनी पहचान और अधिकार की गरिमा स्थापित करने में लगा है। एक राजनीतिक विचारधारा और नेतृत्व की आलोचना की जा सकती है, की जानी भी चाहिए, परंतु समुदायों को परस्पर संदेह और प्रतिस्पर्धा में खड़ा करने वाले वाक्य लोकतांत्रिक विमर्श को कमजोर करते हैं और यही रणनीति संस्थाओं के प्रति अविश्वास फैलाने में भी दिखाई देती है। ईवीएम को 'भाजपा की मशीन' कहना, न्यायपालिका को दबाव में बताना और सेना को सरकार की कठपुतली कहना ये बयान राजनीतिक तर्क नहीं, ये संदेह को सामान्य बनाने का प्रयास हैं। हाल ही में राहुल गांधी द्वारा 'जेन-जी' को संबोधित कर यह कहना कि "तुम्हारा भविष्य तुमसे छीना जा रहा है"। महज भावनात्मक अपील नहीं है। यह बयान ठीक उस समय आया, जब नेपाल और बांग्लादेश में युवाओं के नेतृत्व में व्यापक अस्थिरता पैदा हुई थी। यह समानता संयोग नहीं, रणनीति की निरंतरता को संकेत करती है। युवा ऊर्जा को विरोध में मोड़कर सत्ता परिवर्तन को भावनात्मक धर्मयुद्ध के रूप में पेश करना।

राजनीति का यह तरीका अनुभव की कमी वाले युवाओं को शीघ्र ही यह विश्वास दिला देता है कि उनके सभी संकट किसी व्यवस्था की ओर से थोपे गए हैं और उनका समाधान टकराव में है। यह लोकतांत्रिक संवाद का मार्ग नहीं, अव्यवस्था के बीज बोने का मार्ग है। ऐसे में जहां तक चुनाव परिणामों पर उठाए जा रहे प्रश्नों का सवाल है, वहां राहुल गांधी की तर्कपद्धति चयनात्मक दिखाई देती है। वे कहते हैं कि हरियाणा में कांग्रेस 22,779 वोटों के कुल अंतर से आठ सीटों पर हार गई। पर वे यह नहीं बताते कि उन्हीं कम मार्जिन वाली सीटों में कांग्रेस अधिक सीटें जीत भी गई। तब न चुनाव आयोग पर संदेह हुआ, न ईवीएम पर। क्योंकि तब विजय थी, और विजय को हमेशा "जनता का निर्णय" कहा जाता है। पराजय के समय यही निर्णय "भ्रम" या "साज़िश" कह देना राजनीतिक परिपक्वता नहीं, आत्म-चिंतन से बचने का तरीका है। कुल-मिलाकर देखें तो सच यही है कि लोकतंत्र की परिपक्वता इस बात में है कि हारने वाला पक्ष भी कह सके कि, "जनता ने यह निर्णय दिया है, हमें इससे सीखना होगा।" लोकतंत्र की कमजोरी वहीं से शुरू होती है जहां कोई यह कहने लगे, "निर्णय गलत था, जनता भ्रमित थी।" यह मानसिकता जनता को सम्मान नहीं, बल्कि संदेह की दृष्टि से देखती है। अंततः, आज भारत में संकट न तो चुनाव आयोग में है, न ईवीएम में, न चुनावी प्रक्रिया में। संकट एक सोच में है जनादेश को स्वीकार न करने की सोच में। यह लोकतंत्र के उस मूल स्तंभ को चुनौती देता है जिस पर पूरी व्यवस्था टिकी है और वह है, जनता की अंतिम निर्णायकता। लोकतंत्र मशीनें नहीं, जनता के विश्वास पर चलता है और राहुल गांधी सरीखे नेता को यह मानना होगा।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## गुणों के विकास से आध्यात्मिक स्वास्थ्य संभव



संकलित
दर्शन

हमारे पास एक शरीर है, हमें उसका पोषण करना है और जब वह रोगग्रस्त हो जाता है, तब हमें उसकी देखभाल करनी है। हमें उसके आरोग्य का उपाय ढूंढ़ना है और जीवन के भौतिक पक्ष से जुड़े सभी विषयों पर ध्यान देना है, परंतु बात यह है कि प्रायः मानव जाति केवल यहीं पर रुक जाती है। उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि हमारे अस्तित्व का एक मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और उच्चतर आध्यात्मिक आयाम भी है। इसलिए सफलता का उनका (परमहंसजी का) मार्ग था उचित संतुलन को प्राप्त करना। वहां, जहां आप भौतिक सफलता और समृद्धि प्राप्त करते हैं। जहां आपके पास भावनात्मक संतुलन और आंतरिक शांति होती है। आध्यात्मिक रूप से आपके पास एक उच्चतर उद्देश्य के लिए अपने जीवन को संचालित करने का ज्ञान होता है, न केवल धन एकत्र करना और परिवार व संतानों की उपलब्धि, अपितु यह अनुभव करने का एक उच्चतर उद्देश्य कि मैं ईश्वर का एक स्फुलिंग हूं, मैं इस भौतिक शरीर में निवास करने वाला आत्मा हूं और अपने जीवन के सभी पक्षों में ईश्वर के पूर्ण साक्षात्कार और अभिव्यक्ति की प्राप्ति ही मेरा अंतिम उद्देश्य है। एक बार जब आप यह धारणा बना लेते हैं, तो जीवन अत्यंत रोमांचक हो जाता है, क्योंकि सब प्रकार के कौशल, क्षमताएं और योग्यताएं आपके लिए उपलब्ध हैं। ये प्रत्येक मनुष्य की अक्षय निधि का अंग हैं, परंतु वे तब तक पूर्ण रूप से निष्क्रिय रहती हैं, जब तक उन्हें सचेतन एकाग्रता और सचेतन प्रयास के द्वारा जाग्रत नहीं किया जाता है।

## मन की शांति कैसे प्राप्त करें?



संकलित
प्रेरणा

सेठ अमीरचंद को हर पल कोई न कोई चिंता परेशान किये रहती थी। एक दिन वह कहीं जा रहा था तो रास्ते में उसकी नजर एक आश्रम पर पड़ी। वहाँ उसे किसी साधु के प्रवचनों की आवाज सुनाई दी। उस आवाज से प्रभावित होकर अमीरचंद आश्रम के अन्दर गया और बैठ गया। प्रवचन समाप्त होने पर सभी व्यक्ति अपने अपने घर को चले गये। लेकिन वह वही बैठा रहा। उसे देखकर संत बोलेः कहो, तुम्हारे मन में क्या जिज्ञासा है, जो तुम्हें परेशान कर रही है। इस पर अमीरचंद बोलाः बाबा, मेरे जीवन में शांति नहीं है। यह सुनकर संत बोलेः घबराओ नहीं तुम्हारे मन की सारी अशांति अभी दूर हो जायेगी। संत की बात सुनकर ज्यों ही अमीरचंद ध्यान की मुद्रा में बैठा त्यों ही उसके मन में इधर-उधर की बातें घूमने लगीं और उसका ध्यान उचट गया। सेठ बोलाः चलो, जरा आश्रम का एक चक्कर लगाते हैं। इसके बाद वे आश्रम में घूमने लगे। अमीर चंद ने एक सुंदर वृक्ष देखा तथा उसे हाथ से छुआ। हाथ लगाते ही उसके हाथ में एक कांटा चुभ गया और सेठ। बुरी तरह चिल्लाने लगे। यह देखकर संत वापस अपनी कुटिया में आए। कटे हुए हिस्से पर लेप लगाया। कुछ देर बाद वह सेठ से बोलेः तुम्हारे हाथ में जरा-सा कांटा चुभा तो तुम बेहाल हो गए। सोचो कि जब तम्हारे अन्दर ईर्ष्या, क्रोध व लोभ जैसे बड़े-बड़े कांटे छिपे हैं, तो तुम्हारा मन भला शांत कैसे हो सकता है ? संत की बात से सेठ अमीरचंद को अपनी गलती का अहसास हो गया। वह संतुष्ट होकर वहां से चला गया।

## सटाका




## आज की पाती

### कम करना होगा प्लास्टिक का उपयोग

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के अंबिकापुर के गार्बेज कैफे का जिक्र किया। वर्ष 2019 में खोला गया यह देश का पहला गार्बेज कैफे था। अंबिकापुर नगर निगम ने प्लास्टिक वेस्ट के दुष्प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से यह अनोखी पहल की थी। इस कैफे की खासियत यह है कि यहां प्लास्टिक कचरे के बदले भरपेट खाना और नाश्ता मिलता है। एक किलो प्लास्टिक देने पर पूरा खाना और आधा किलो प्लास्टिक देने पर नाश्ता दिया जाता है। अंबिकापुर ने गार्बेज कैफे जैसे नवाचार के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में एक मिसाल कायम की है। इस पहल से शहर में प्लास्टिक वेस्ट की मात्रा वर्ष दर वर्ष घटती जा रही है। एक बार फिर प्लास्टिक कचरा बातचीत का केंद्र बन गया है।

*– अमित पटेल, सरगुजा*

## ट्रेंड


### दिल्ली हादसे से मन व्यथित



दिल्ली में हुई भयावह घटना ने सभी के मन को व्यथित किया है। मैं पीड़ित परिवारों का दुख समझता हूं। पूरा देश उनके साथ खड़ा है। मैं आश्वस्त करता हूं कि हमारी जांच एजेंसियां इस षड्यंत्र की तह तक जाएंगी। जिम्मेदारो को बख्शा नहीं जाएगा।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**


### आधुनिक तकनीक



रक्षा क्षमता विकास के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग केवल हमारे शस्त्रागार को उन्नत करने तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति हमारे संपूर्ण दृष्टिकोण को बदलने के बारे में है।

**- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### हमारे लिए राष्ट्र प्रथम



कुछ लोग हैं, रहेंगे हिंदुस्तान में, खाएंगे हिंदुस्तान में, लेकिन 'वंदे मातरम' नहीं गाएंगे, हम उनकी मंशा को समझें...जो 'वंदे मातरम' का विरोध कर रहे हैं, वे भारत माता का विरोध कर रहे हैं। हम जिएंगे तो देश के लिए, मरेंगे तो देश के लिए और कुछ भी योगदान देंगे तो राष्ट्र प्रथम होगा।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### दिल्ली हादसा दुर्भाग्यपूर्ण



दिल्ली में ब्लास्ट एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। ऐसे तत्व, जो लोगों के दिमाग में जहर घोलकर उन्हें इस तरह की हरकतें करने के लिए उकसाते हैं, उन्हें अलग-थलग कर दिया जाना चाहिए और उनसे सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

**-श्री श्री रविशंकर, आध्यात्मिक गुरु**

## करंट अफेयर

# सीनेट ने 'शटडाउन' समाप्ति के विधेयक को दी मंजूरी



अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट ने सरकारी 'शटडाउन' (सरकारी कामकाज के लिए वित्तपोषण की कमी) समाप्त करने के लिए सोमवार को विधेयक पारित कर दिया और इसी के साथ इतिहास का सबसे लंबा 'शटडाउन' खत्म होने के करीब पहुंच गया। डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं के एक छोटे समूह ने अपनी पार्टी के भीतर तीखी आलोचना के बावजूद रिपब्लिकन के साथ एक समझौते की पुष्टि की जिसकी मदद से यह विधेयक पारित हुआ। पिछले 41 दिन से जारी शटडाउन कुछ और दिन जारी रह सकता है क्योंकि संसद के निचले सदन यानी प्रतिनिधि सभा के सदस्य सितंबर के मध्य से अवकाश पर हैं। वे विधेयक पर मतदान करने के लिए वाशिंगटन लौटेंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विधेयक के प्रति समर्थन का संकेत देते हुए सोमवार को कहा, 'हम जल्द ही शटडाउन समाप्त करेंगे।' दरअसल डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं के एक समूह ने स्वास्थ्य देखभाल सब्सिडी के विस्तार की गारंटी के बिना चर्चा करने पर सहमति व्यक्त की जिससे उनके 'कॉकस' के कई सदस्य नाराज हो गए। इस 'कॉकस' का कहना है कि अमेरिकी लोग चाहते हैं कि सब्सिडी को लेकर लड़ाई जारी रखी जाए।

## ऑफ बीट

# वास्तविकता 'कम खाओ ज्यादा चलो' से अलग है



दशकों तक हमें बताया गया कि वजन कम करना केवल आत्म–नियंत्रण का मामला है : कम खाओ, ज्यादा चलो। लेकिन आधुनिक विज्ञान ने यह सिद्ध कर दिया है कि वास्तविकता इससे अलग है। हमारे पूर्वजों का असर हजारों साल पहले हमारे मानव पूर्वजों के लिए शरीर की चर्बी जीवन रेखा थी– बहुत कम चर्बी से भूखमरी का खतरा, बहुत अधिक चर्बी से धीमी गति का खतरा। समय के साथ, मानव शरीर ने ऊर्जा भंडारण की रक्षा करने के लिए जटिल जैविक रक्षा तंत्र विकसित किए, जो दिमाग में जुड़े थे। आज, जब भोजन हर जगह उपलब्ध है और शारीरिक गतिविधि वैकल्पिक है, तो वही तंत्र वजन घटाना मुश्किल बनाते हैं। जब कोई व्यक्ति वजन घटाता है, तो शरीर इसे जीवन पर खतरे के रूप में देखता है–भूख वाले हार्मोन बढ़ते हैं, खाने की लालसा बढ़ती है और ऊर्जा खर्च घटता है। यह तंत्र कभी भूख और भोजन की अनिश्चितता में जीवन बचाने के लिए विकसित हुआ था, लेकिन आज यह चुनौती बन गया है। हमारा दिमाग भी वजन की रक्षा के लिए शक्तिशाली तंत्र रखता है और यह पुराने वजन को "याद" रख सकता है। इसका मतलब है कि यदि शरीर कभी भारी रहा है, तो दिमाग बाद में उसे सामान्य मानकर उसकी रक्षा करता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड–482002
ई–मेल : edit@haribhoomi.com
वेब–साइट : www.haribhoomi.com



# दो ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आ रही जॉली एलएलबी-3

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की सुपरहिट फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों और आलोचकों ने खूब पसंद किया। बॉक्स ऑफिस पर भी 'जॉली एलएलबी 3' ने शानदार कमाई की. दुनिया भर में इस फिल्म ने 162.88 करोड़ रुपए से ज्यादा का कारोबार किया, जबकि भारत में इसका कलेक्शन 115.85 करोड़ रुपए रहा। अब जो लोग थिएटर में फिल्म नहीं देख पाए, उनके लिए खुशखबरी है। 'जॉली एलएलबी 3' जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होने जा रही है। यह फिल्म एक नहीं, बल्कि दो प्लेटफॉर्म्स नेटफ्लिक्स और जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

## लाइफ Style



# अनीत

## एग्जाम के बाद शुरू करेंगी शक्ति शालिनी की शूटिंग

लव-स्टोरी फिल्म 'सैयारा' की एक्ट्रेस अनीत पड्डा अपनी नई फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि, इससे पहले अनीत कॉलेज के फाइनल ईयर की परीक्षाएं देंगी और इसके बाद वो शूटिंग शुरू करेंगी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वाईआरएफ के बाद अनीत मैडॉक फिल्म्स की अगली फिल्म में अपना जादू चलाने जा रही हैं, जो एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म है। इस साल सिनेमाघरों में धूम मचा चुकी लव-स्टोरी फिल्म 'सैयारा' की एक्ट्रेस अनीत पड्डा अपनी अगली फिल्म की तैयारी में जुटने जा रही हैं। हालांकि, इस फिल्म की शूटिंग से पहले अनीत पड्डा अपने कॉलेज के फाइनल ईयर के एग्जाम देने जा रही हैं। 'सैयारा' की सक्सेस के बाद से ही फिल्म के लीड एक्टर्स अहान पांडे और अनीत पड्डा ने सफलता की वो बुलंदियां छू ली हैं, जिसे पाने के लिए बड़े-बड़े सितारों को काफी पापड़ बेलने पड़े हैं। अहान अपनी अगली फिल्म में निर्देशक अली अब्बास जफर के साथ काम करने जा रहे हैं जो एक्शन और रोमांस से भरपूर होनेवाली है। वहीं, अनीत पड्डा अब एक हॉरर कॉमिडी फिल्म में कदम रखने जा रही हैं। अनीत जल्द ही एक आगामी हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'शक्ति शालिनी' में दिखने जा रही हैं जिसकी कहानी एक रहस्यमय देवी पर बेस्ड है, जो बुरी आत्माओं से लोगों की रक्षा करती है। फिल्म में अनीत पड्डा लीड रोल में हैं और यह मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है। 'भारत की जेन जी स्टार अनीत दिसंबर–जनवरी में अपने फाइनल-ईयर की परीक्षाएं देंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# प्रियंका ने 12 साल बाद गाया गाना

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा ने 12 साल बाद सिंगिंग में कमबैक किया है, लेकिन अफसोस कि इस बार उनकी तारीफ से अधिक आलोचना हो रही है। एक्ट्रेस ने वॉम के क्लासिक 'लास्ट क्रिसमस' गाने का देसी वर्जन गाया है, जिसे सुन लोग इसे 'भयंकर ऑटोट्यून' और 'एकदम अजीब' बता रहे हैं। बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा सिर्फ ग्लोबल एक्ट्रेस ही नहीं, सिंगर भी हैं। साल 2012 और 2013 में उन्होंने दो सिंगल सॉन्स रिलीज किए थे। दोनों को फैंस ने खूब पसंद भी किया था।




# माइकल के टीजर ट्रेलर को मिले रेकॉर्ड तोड़ व्यूज

**लॉस एंजिल्स।** 'इनविंसिबल' सिंगर माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' के टीजर ट्रेलर ने रेकॉर्ड ब्रेक कर दिया है। अपने गानों से म्यूजिक की दुनिया और फैंस के दिलों पर राज करने वाले माइकल ने महज 50 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया था। उनकी बायोपिक में भतीजे जाफर जैक्सन ने उनकी भूमिका निभाई है। आपको जानकर हैरानी होगी कि फिल्म के वीडियो को 24 घंटे में ही 116 मिलियन व्यूज के साथ रेकॉर्ड तोड़ दिया है। 'माइकल' बायोपिक में 'किंग ऑफ पॉप' की जिंदगी को करीब से देखने का मौका मिलेगा। इसका निर्देशन एंटोनी फुक्का ने किया है। ये साल 2026 में रिलीज के लिए तैयार है। 'माइकल' के टीजर ट्रेलर ने म्यूजिकल बायोपिक की शुरुआती फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है और पिछले टॉप चार्ट के आधे से भी ज्यादा ट्रैफिक हासिल किए हैं।



# दिखेगी सदियों पुरानी कबूतरबाजी परंपरा

**मुंबई।** महेश भट्ट की बेटी और निर्माता-निर्देशक पूजा भट्ट फिल्मों में फिर से वापसी कर रही हैं। उन्होंने सोमवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म की कास्ट का जिक्र किया है। यह फिल्म भारत की पारंपरिक कबूतरबाजी प्रथा पर आधारित होगी। इस फिल्म में उनके साथ 'पंचायत' सीरीज के एक्टर नजर आएंगे। पूजा भट्ट ने इंस्टाग्राम पर जितेंद्र कुमार के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की और लिखा, 'दो दमदार कलाकार। एक गहरी कहानी। अपनी अगली फिल्म की घोषणा करते हुए बेहद खुश हूं। यह भारत की सदियों पुरानी कबूतरबाजी परंपरा, कबूतरबाजी की पृष्ठभूमि पर आधारित एक दिल को छू लेने वाली कहानी है।' पूजा भट्ट की इस फिल्म में उनके साथ 'पंचायत' सीरीज के जितेंद्र कुमार नजर आएंगे। इस फिल्म में पूजा भट्ट मां की भूमिका में नजर आएंगी।



# सुनील के लाडले मराठी एक्ट्रेस को रहे डेट

**नई दिल्ली।** सुनील शेट्टी के लाडले अहान शेट्टी ने साल 2021 में फिल्म 'तड़प' से एक्टिंग डेब्यू किया था और वो जल्द ही पिता की फिल्म बॉर्डर के सीक्वल में नजर आने वाले हैं। अहान शेट्टी 'बॉर्डर 2' में अहम किरदार में नजर आने वाले हैं। इन सबके बीच इन दिनों ये स्टारकिड अपनी डेटिंग लाइफ की वजह से सुर्खियों में छाए हुए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक सुनील शेट्टी के लाडले अहान शेट्टी इन दिनों मराठी एक्ट्रेस जिया शंकर को डेट कर रहे हैं। हालांकि, कपल अभी तक अपने रिश्ते को ऑफिशियल नहीं करना चाहता था। वो दोनों अपने रिश्ते के शुरुआती दौर में हैं और अभी चीजों को प्राइवेट रखना चाहते हैं। लेकिन जिया कई मौकों पर इस बात को स्वीकार कर चुकी हैं कि उनका एक बॉयफ्रेंड है। जिया शंकर ने भले ही अभी तक अपने बॉयफ्रेंड के नाम का खुलासा नहीं किया है।


## टीवी मसाला



# अभिषेक के बाहर होते ही शहबाज ने अशनूर पर साधा निशाना...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 में हर दिन एक नया ड्रामा और एक नया समीकरण देखने को मिलता है। अभी अभिषेक बजाज और नीलम गिरी बाहर हुए ही थे कि अब घर के अंदर फिर से उन कंटेस्टेंट के बारे में चर्चा शुरू हो गई है, जो इस घर में रहना डिजर्व नहीं करते। यह चर्चा शुरू हुई शहबाज बादेशा और गौरव खन्ना के बीच। शहबाज ने जीके से पूछा, आपको क्या लगता है कौन इस घर में रहना डिजर्व नहीं करता। इस पर गौरव खन्ना कहते हैं, वही जो तुम्हें लगते हैं। फिर शहबाज क्लियर करते हैं तुम्हारा मतलब है मालती? इस पर फिर जीके हां में गर्दन हिलाते हैं। गौरव से यह सहमति मिलने के बाद शहबाज कहते हैं, मुझे लगता है कि अशनूर भी डिजर्विंग नहीं है। इस पर जीके कहते हैं, प्रणीत को लगता है कि अशनूर डिजर्विंगग है। लेकिन, जब शहबाज उनकी राय जानने पर जोर देते हैं तो जीके के दिल की बात सामने आती है और वह कहते हैं, ईमानदारी से बताऊं तो मुझे लगता है कि अशनूर से ज्यादा डिजर्विंग बजाज था। बता दें कि बॉटम-3 में अभिषेक बजाज, अशनूर कौर और नीमल गिरी थे। बिग बॉस ने प्रणीत मोरे को ये पावर दी कि वह किस एक सदस्य को बचाना चाहेंगे। इस पर प्रणीत ने अशनूर का नाम लिया और इस अनाउंसमेंट के बाद अगली अनाउंसमेंट यह थी कि अभिषेक बजाज और नीलम गिरी घर से बाहर हो रहे हैं। अभिषेक के एविक्शन के खबर पर अशनूर बुरी तरह रोती नजर आईं. उनका रोना भी लाजमी था क्योंकि इस पूरे सीजन उन्होंने केवल एक ही कंटेस्टेंट से इतनी गहरी दोस्ती बनाई थी। अब देखना होगा कि अशनूर के गेम में क्या बदलाव देखने को मिलते हैं।

### सुपरहीरो 'शक्तिमान' की हो रही वापसी



**नई दिल्ली।** हमारे बचपन का पसंदीदा सुपरहीरो शो, शक्तिमान, एक बिल्कुल नए अवतार में लौट आया है। पॉकेट एफएम ने मुकेश खन्ना के साथ शक्तिमान रिटर्न्स नाम के एक स्पेशल 40-एपिसोड ऑडियो सीरीज में इस शो को वापस लाया है। शक्तिमान के रिवाइवल के बारे में बात करते हुए, मुकेश खन्ना ने कहा कि यह शो युवाओं में सच्चाई, निस्वार्थता और साहस की प्रेरणा देने के लिए बनाया गया है। मुकेश खन्ना ने कहा, ये मूल्य शाश्वत हैं। जब पॉकेट एफएम ने मुझसे कॉन्टैक्ट किया तो मैं यह देखने के लिए एक्साइटेड था कि ऑडियो के जरिए ये आदर्श कैसे जीवंत होंगे। लेकिन, जिस तरह से उन्होंने इसे एक नई कहानी के साथ, शक्तिमान की आत्मा को वैसा ही रखते हुए, फिर से क्रिएट किया है उसने मुझे सचमुच इम्प्रेस किया है। मुझे शक है कि कोई दूसरा प्रोडक्शन हाउस इस किरदार के साथ इतना न्याय कर पाता। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें यह देखकर खुशी हो रही है कि शक्तिमान का सार जिंदा रखा गया है।

# 27 साल साथ निभाने वाले 'दादा' को खोकर भावुक हुए अभिषेक



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन के करीबी का निधन हो गया है। वो खास इंसान जो उनके साथ सालों से थे। अब उनके जाने पर एक्टर ने दुख जताया और पोस्ट भी शेयर किया। दरअसल, अभिषेक बच्चन के मेकअप आर्टिस्ट अशोक सावंत का हाल ही में निधन हो गया। सोमवार को अभिनेता ने दुख व्यक्त करते हुए एक पोस्ट साझा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अशोक सावंत के साथ तस्वीर पोस्ट करते हुए बताया कि वे और अशोक पिछले 27 वर्षों से अधिक समय से साथ काम कर रहे थे। उन्होंने लिखा, 'अशोक दादा ने मेरी पहली फिल्म से ही मेरा मेकअप किया है और वह सिर्फ मेरी टीम का हिस्सा नहीं थे, बल्कि मेरे परिवार जैसे थे. उनके बड़े भाई दीपक करीब 50 साल से मेरे पापा का मेकअप कर रहे हैं।' अभिनेता ने बताया कि अशोक सावंत पिछले कुछ दिनों से बीमार थे, जिस कारण वे सेट पर नहीं आ रहे थे। उन्होंने लिखा, "बीमार होने की वजह से वे सेट पर नहीं रहते थे, लेकिन जब भी मैं शूटिंग कर रहा होता, वे रोज मेरे हालचाल पूछते थे और ध्यान रखते थे कि उनका असिस्टेंट मेरा मेकअप सही से कर रहा है या नहीं। वे बहुत दयालु और मिलनसार व्यक्ति थे, जिनके चेहरे पर हमेशा मुस्कान रहती थी। वे अक्सर अपने बैग में रखी हुई स्वादिष्ट नमकीन निकालकर लोगों को बांटते थे। उन्होंने आगे लिखा, कल रात हमने उन्हें खो दिया. मैं अपनी आने वाली फिल्म का पहला शॉट देने से पहले हमेशा उनके पैर छूकर आशीर्वाद लेता था। अब मैं शॉट से पहले आसमान की तरफ देखूंगा और जानने की कोशिश करूंगा कि आप ऊपर से मुझे आशीर्वाद दे रहे हैं या नहीं। दादा, आपके प्यार, देखभाल, शालीनता, आपके हुनर और आपकी मुस्कान के लिए धन्यवाद।

# इस हफ्ते आ रहीं सस्पेंस-थ्रिलर और इमोशन से भरी फिल्में-सीरीज...

**नई दिल्ली।** नवंबर का दूसरा हफ्ता ओटीटी दर्शकों के लिए किसी त्योहार से कम नहीं होने वाला है। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर इस बार आ रहा है रोमांच, रहस्य और भावनाओं का अनोखा मिश्रण। इस हफ्ते रिलीज होने वाली फिल्मों और सीरीज में ऐसे कई नाम शामिल हैं, जिनका फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे थे।

***दिल्ली क्राइम सीजन 3*** : 13 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रहा है दिल्ली क्राइम का सीजन 3। दिल्ली पुलिस की दमदार अफसर वर्तिका चतुर्वेदी एक बार फिर लौट रही हैं- इस बार एक ऐसे केस के साथ जो मानव तस्करी के नेटवर्क को उजागर करेगा। शेफाली शाह का किरदार फिर से केंद्र में है, जबकि हुमा कुरैशी इस बार एक रहस्यमयी विलेन के रूप में नजर आएंगी। यह सीजन पिछले दोनों सीजनों से ज्यादा डार्क और इमोशनल बताया जा रहा है। दिल्ली के दिल में बसने वाले इस अपराध की कहानी आपको अंत तक बांधे रखेगी।

***अविहितम*** : 14 नवंबर को जियोहॉटस्टार पर यह फिल्म दस्तक दे रही है। मलयालम फिल्म 'अविहितम' में उत्तर केरल के एक छोटे गांव की कहानी दिखाई गई है, जहां दोस्तों का एक समूह घूमने जाता है और रास्ते में एक ऐसी घटना घटती है जो सबकी जिंदगी बदल देती है। गांव की रहस्यमयी पृष्ठभूमि और भावनात्मक ट्विस्ट से भरी यह फिल्म सामाजिक रिश्तों की परतें खोलती है। यह कहानी रूरल ड्रामा के साथ-साथ सस्पेंस का भी शानदार मिश्रण है।

***जुरासिक वर्ल्ड: रिबर्थ*** : जियो हॉटस्टार पर 14 नवंबर को आ रही है हॉलीवुड फिल्म जुरैसिक वर्ल्ड रिबर्थ।डायनासोर की दुनिया में एक बार फिर धमाकेदार वापसी होने वाली है।



कहानी एक फार्मा कंपनी के इर्द-गिर्द घूमती है जो डायनासोर के डीएनए से इंसानों की बीमारियों का इलाज ढूंढना चाहती है। लेकिन जब वैज्ञानिकों की टीम एक रहस्यमयी द्वीप पर पहुंचती है, तो शुरू होता है असली खतरा। सस्पेंस, साइंस और एक्शन का ये कॉम्बो फैंस के लिए बड़ा ट्रीट साबित होगा।

***आंटीप्रेन्योर*** : 13 नवंबर को शेमारूमी पर यह गुजराती फिल्म रिलीज हो रही है। 65 वर्षीय जसुबेन की कहानी आपको प्रेरित करेगी और मुस्कुराएगी भी। सुप्रिया पाठक कपूर इस गुजराती फिल्म में एक विधवा का किरदार निभा रही हैं जो अपनी हाउसिंग सोसाइटी बचाने के लिए महिलाओं के साथ मिलकर स्टॉक मार्केट में कदम रखती है। जसुबेन का संघर्ष और उनकी उद्यमशीलता की कहानी एक सशक्त महिला की मिसाल पेश करती है। ये फिल्म हर उस व्यक्ति के लिए है जिसने कभी 'अब बहुत देर हो गई' कहा हो।

## शानदार एक्टिंग से लोगों के दिलों में बनाई हैं धर्मेंद्र ने खास जगह

# आज भी हर घर में देखी जाती हैं धर्मेंद्र की ये पांच सुपरहिट फिल्में

***नई दिल्ली। बॉलीवुड में हीमैन के नाम से फेमस धर्मेंद्र ने एक से बढ़कर एक फिल्मों में शानदार एक्टिंग से लोगों के दिलों में एक खास जगह बनाई है। आपको बता दें उनकी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा देती थी। धर्मेंद्र ने एक्शन के साथ-साथ कई रोमांटिक फिल्में भी की हैं और आज भी हर घर-घर में धर्मेंद्र की सुपरहिट फिल्मों को देखा जाता है।***

**आग ही आग** : धर्मेंद्र की ये फिल्म आग ही आग जो 1987 में रिलीज हुई थी और ये एक एक्शन फिल्म है, जिसको आज भी लोग देखना काफी ज्यादा पसंद करते हैं। आपको बता दें ये उस समय की सबसे बड़ी हिट फिल्म है।

**मेरा गांव मेरा देश** : मेरा गांव मेरा देश धर्मेंद्र की ये फिल्म 1971 में आई थी, जो उस समय की सबसे सुपरहिट फिल्मों में से एक रही.फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया और आज भी धर्मेंद्र की एक्टिंग को लोग खूब पसंद करते हैं।

**यमला पगला दीवाना** : साल 2011 में आई फिल्म यमला पगला दीवाना धर्मेंद्र की हिट फिल्म साबित हुई, लोगों के दिलों में इसके गाने और फिल्म दोनों ही खास जगह बनाएं हुए हैं।

**दोस्त** : धर्मेंद्र की 1974 में आई फिल्म दोस्त बॉक्स ऑफिस पर एक सुपरहिट फिल्म साबित हुई. धर्मेंद्र के साथ हेमा मालिनी और शत्रुघ्न सिन्हा भी इस फिल्म में हैं।

**वतन के रखवाले** : धर्मेंद्र की फिल्म वतन के रखवाले 1987 की एक सुपरहिट फिल्म थी, जिसको लोगों ने खूब पसंद किया और आज भी इसे हर घर-घर में देखना पसंद करते हैं।





### इक्कीस में इमोशनल अवतार में आएंगे नजर

धर्मेंद्र बॉलीवुड के शानदार एक्टर हैं। उनकी फिल्म इक्कीस 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में बॉलीवुड के ही-मैन इमोशनल अवतार में नजर आ रहे हैं और ट्रेलर में उन्हें देखकर जमकर तारीफ भी हो रही है। बॉलीवुड के हीमैन धर्मेंद 1960 के दशक से बॉलीवुड में अपनी धाक जमाए हुए हैं। 1960 में दिल भी तेरा हम भी तेरे से उन्होंने अपने कॅरियर की शुरूआत की और अब उनकी अपकमिंग फिल्म इक्कीस सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है। अब जब उनकी फिल्म रिलीज होने जा रही है, इस बीच आप जानते हैं कि धर्मेंद्र की नेटवर्थ कितनी है।

### करोड़ों का है नेटवर्थ

धर्मेंद्र ने 300 फिल्मों के कॅरियर के साथ 335 करोड़ का अंपायर खड़ा किया है। इसके अलावा उन्होंने कई चीजों में निवेश भी किया है, जिनमें कलनरी से लेकर हॉस्पिटल फील्ड शामिल है। धर्मेंद्र ने गरम धरम ढाबा से रेस्टोरेंट बिजनेस शुरू किया था। उन्होंने एक और रेस्टोरेंट खोला, जिसका नाम हीमैन रखा, जो करनाल हाइवे पर है। सोशल मीडिया पर ही उन्होंने 100 एकड़ में बने फार्महाउस की झलक भी दिखाई है। यह शहर से दूर लोनावला में है, जिसमें स्वीमिंग पूल से लेकर एक्वा थैरेपी शामिल है। इसके अलावा धर्मेंद्र के पास 17 करोड़ की महाराष्ट्र में प्रॉपर्टी भी है।

## सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता की इबारत लिखी : सांसद दुबे

# लौहपुरुष की 150वीं जयंती पर भाजपा ने निकाला यूनिटी मार्च

**जबलपुर। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वें जयंती वर्ष के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जबलपुर द्वारा यूनिटी मार्च के प्रथम दिवस कैंट एवं पश्चिम विधानसभा में सांसद आशीष दुबे, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, कैंट विधायक अशोक रोहाणी, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अभिलाष पांडे, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज की उपस्थिति में पद यात्रा निकाली गई।**



यूनिटी मार्च का शुभारम्भ केंट विधानसभा अंतर्गत भारतमाता चौक पेंटीनाका से किया गया, भारत माता के पूजन के उपरांत यात्रा प्रारम्भ हुई जो सदर मेन रोड होते हुये शहीद भगत सिंह चौक कटंगा पहुंची जहाँ शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात पश्चिम विधानसभा की यात्रा प्रारम्भ हुई जो गोरखपुर बाज़ार होते हुये आध शंकराचार्य चौक छोटी लाइन फाटक पहुंची जहाँ प्रथम दिवस की यात्रा का विराम हुआ। सांसद आशीष दुबे ने इस अवसर पर कहा सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारत माता की सेवा करने के साथ वर्तमान भारत की इबारत लिखने का काम किया। सरदार पटेल ने केवल देश को आज़ादी दिलाने में भूमिका नहीं निभाई, बल्कि उन्होंने विभिन्न रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर आधुनिक भारत का नक्शा तैयार किया। उन्होंने अंग्रेजों की सार्वभौम सत्ता के बाद आने वाली चुनौतियों का समाधान पहले से ही खोज लिया था।

भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा सरदार पटेल का जीवन कर्तव्य, सेवा और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय उदाहरण है। वे केवल भारत के पहले उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री ही नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के वास्तुकार थे।विधायक अशोक रोहाणी ने इस अवसर पर कहा सरदार पटेल का जीवन हमें यह सिखाता है कि चाहे परिस्थितियाँ कितनी भी कठिन क्यों न हों, यदि हम दृढ़ निश्चय और सूझबूझ के साथ आगे बढ़ें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं रहता।

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने इस अवसर पर कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज सरदार पटेल के "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के विचारों को धरातल पर उतारा जा रहा है।

### दिल्ली बम विस्फोट में मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि

कार्यक्रम के दौरान गत दिवस दिल्ली में हुये बम विस्फोट में अपनी जान गँवाने वाले मृतक जनों को दो मिनिट का मौन रखकर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओ ने श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर पूर्व महापौर सदानंद गोडबोले, स्वाति गोडबोले, शरद अग्रवाल, महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, संदीप जैन, अश्वनी पराँजपे, शरद अग्रवाल, रोहित जैन, अंजू भार्गव, अभय सिंह ठाकुर, राजेश मिश्रा, जय सचदेवा, कैलाश साहू, कमलेश अग्रवाल, मनीष जैन कल्लू, सुरेश पांडे, अखिलेश तिवारी, श्रीकान्त साहू, रवि शर्मा, राहुल दुबे, चित्रकान्त शर्मा, अजय अधिकार,नरेश चौधरी, सहित पार्टी पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### उत्तर एवं पूर्व विधानसभा में यूनिटी मार्च आज

यूनिटी मार्च के द्वितीय दिवस पर आज बुधवार 12 नवम्बर को उत्तर एवं पूर्व विधानसभा में यात्रा निकाली जाएगी। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया आज 12 नवम्बर को प्रातः 9:30 बजे उत्तर विधानसभा स्थित पंचकोषी मंदिर निवांडगंज से यात्रा प्रारम्भ होंगी जो बड़ा फुहारा, कमानिया गेट, कोतवाली, मिलोनीगंज, हनुमानताल से दुर्गा मंदिर खेरमाई पहुंचेगी जहाँ से पूर्व विधानसभा की यात्रा प्रारम्भ होंगी जो बड़ी खेरमाई, फूलसागर, शीतलामाई, बाई का बगीचा होते हुये कांचघर चौक में यात्रा का समापन होगा।



## 10 मुखी माता महाकाली मंदिर में हुई सुहागलें

**जबलपुर।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी तुलसी विवाह के शुभ अवसर पर सुहागले एवं तुलसी पूजन कार्यक्रम श्री दस मुखी महाकाली मठ में श्री महंत योगी राजेश्वरानंद महाराज जी के सानिध्य में रखा गया, श्री महंत योगी राजेश्वरानंद महाराज के द्वारा सभी मातृ शक्तियों को 108 तुलसी वृक्ष वितरण किए गए, महंत योगी जी ने बताया की तुलसी पूजन एवं सुहागलें का बड़ा ही महत्व है, जितने हम तुलसी पत्र तोड़ते हैं उतना ही तुलसी के पत्ते उगते हैं इसी तरह सभी भक्तों के घर परिवार में तुलसी की भांति फलते फूलते रहें एवं सुख समृद्धि ऐश्वर्या से परिपूर्ण हो सभी मातृ शक्तियों ने सुहागलें पुजन करके अपने अपने घर परिवार के लिए आशीर्वाद मांगा, काफी संख्या में मात्र शक्तियां उपस्थित रहें, इस अवसर पर नंदिता तिवारी, साध्वी सविता तिवारी, अंगूरी शुक्ला, सुनीता शुक्ला, बेबी राजपूत, सारिका पांडे, ममता उपाध्याय एवं सैकड़ो की संख्या में मात्र शक्तियां उपस्थित रहीं ।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने मनाया 107वां स्थापना दिवस

**जबलपुर।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने अपना 107वां स्थापना दिवस देशभर की सभी शाखाओं एवं कार्यालयों में उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर बैंक के प्रबंध निदेशक आशीष पांडे ने मुंबई से लाइव प्रसारण के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया तथा बैंक के नए उत्पादों का शुभारंभ किया। बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर द्वारा इस अवसर पर हिल्टन होटल में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शहर की जानी-मानी हस्तियाँ, अतिथिगण एवं बैंक के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जबलपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं।क्षेत्र प्रमुख समीर कुमार ने अपने संबोधन में बैंक के गौरवशाली इतिहास और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला तथा सभी कर्मचारियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दीं।

## पमरे ने कैशलेस ट्रांजेक्शन को मिल रहा बढ़ावा

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल द्वारा भी यात्रियों को सुविधाजनक, सुरक्षित और आधुनिक भुगतान विकल्प उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न डिजिटल माध्यमों को बढ़ावा दिया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेल के तीनों मंडलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा में पीआरएस काउंटर्स, यूटीएस काउंटर्स तथा पार्सल कार्यालयों में पीओएस मशीनों के माध्यम से कैशलेस भुगतान की सुविधा में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। चालू वित्तीय वर्ष के अक्टूबर माह में पश्चिम मध्य रेल ने पीआरएस एवं यूटीएस के माध्यम से 9 लाख 39 हजार 800 यात्रियों से 10 करोड़ 04 लाख 35 हजार 780 का लेन देन किया।



## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग पर झूम उठे श्रोता जन

**जबलपुर।** रामपुर दुर्गानगर शिव महाराज के घर के पास सार्वजनिक राधा रानी महिला मंडल एवं महिला शक्ति द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का सात दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। 10 नवम्बर की कथा में व्यासपीठ से अनुज कृष्णम (शिवांस) महाराज ने समुद्र मंथन, वामन अवतार एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग आते ही श्रोता भक्ति में झूम उठे। 14 नवम्बर तक अपरान्ह 03 बजे से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में उपस्थिति का अनुरोध दिनेश तामसेतवार, ठाणेश्वर महावर, पं. शिव पाठक सहित राधा रानी महिला मंडल की सदस्यों ने किया है।

# सेनाध्यक्ष व सीएम की सहभागिता में 16 को कैंट रिंग रोड से शुरु होगी सूर्या हॉफ मैराथन

**जबलपुर।** मुख्यालय मध्य भारत एरिया में सूर्या हाफ मैराथन-2025 के तीसरे संस्करण की घोषणा हेतु प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता मेजर जनरल संजय गौतम, चीफ ऑफ स्टाफ, मध्य भारत एरिया ने की। इस अवसर पर एडिशनल एसपी आयुष गुप्ता भी उपस्थित रहे।

यह हाफ मैराथन 16 नवम्बर 2025 को जबलपुर कैंट के कोबरा ग्राउंड (फिटनेस प्लैनेट), रिज रोड से शुरू होकर वहीं समाप्त होगी। इस वर्ष आयोजन को "ऑपरेशन सिंदूर" के वीर सैनिकों को समर्पित किया गया है। थीम है – "Fuel Your Spirit and Honour Their Courage"।

कार्यक्रम में थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, और एशियाई मैराथन चैंपियन डॉ. सुनीता गोदारा सहित कई गणमान्य हस्तियाँ शामिल होंगी।




मैराथन में 21.097 कि.मी., 10 कि.मी., 5 कि.मी. और 3 कि.मी. की दौड़ श्रेणियाँ होंगी। विजेताओं को कुल 15 लाख रुपये तक की पुरस्कार राशि और पर्यावरण संदेश हेतु ई-स्कूटी भी प्रदान की जाएगी।

बिब एक्सपो 15 नवम्बर को DSOI, रिज रोड, जबलपुर कैंट में आयोजित होगा। मेजर जनरल गौतम ने नागरिकों से अधिकाधिक भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि यह आयोजन फिटनेस, अनुशासन और एकता का प्रतीक बनेगा।

## एससी एसटी छात्र-छात्राओं की उच्च शिक्षा में आर्थिक तंगी नहीं बनेगी बाधा

### मानव अधिकार संगठन को मंत्री शाह ने दिलाया भरोसा

**जबलपुर।** समाज के हित में हमेशा सक्रिय रहने वाले मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन द्वारा केबीनेट मंत्री कुंवर विजय शाह को उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। जबलपुर अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार वाधवानी एवं एड. आशीष त्रिपाठी ने मंत्री शाह को सम्मान पत्र प्रदान किया। संगठन के प्रतिनिधि मण्डल ने केबीनेट मंत्री से चर्चा करते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा, जिसमें कहा गया है कि जबलपुर सहित समूचे प्रदेश में बड़ी तादाद में एससी, एसटी वर्ग के विद्यार्थी आर्थिक तंगी के चलते उच्च शिक्षा से वंचित रहकर लक्ष्य प्राप्त नहीं कर पाते हैं। इस मुद्दे पर मंत्री शाह ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार इस विषय में बहुत गंभीर है और जल्द ही ऐसी योजना ला रही है कि एसटी एससी और हर वर्ग के विद्यार्थी आईएएस, आईपीएस या किसी भी फील्ड में संसाधनों का अभाव मेहसूस नहीं करेंगे, उन्होंने नीट, जेईई और क्लैट में सीट भी बढ़ाने का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर डॉ. अभिषेक जैन, एड. भावना निगम, एड. आशुतोष चतुर्वेदी, मनोज नारंग एवं आशुतोष दुबे की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



## वेदों का सार है श्रीमद् भागवतः नरसिंह देवाचार्य

**जबलपुर।** श्रीमद् जगदगुरू डॉ स्वामी नृसिंहदेवाचार्य महाराज ने कहा श्रीमद्भागवत की कथा सुनने से चाहे कितना बड़ा पापी क्यों न हो वह निष्पाप हो जाता है। महाराज जी ने कहा के श्रीमद भागवत वेदों का सार हैं। वे यहां नरसिंह मंदिर में ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दूसरे दिन भागवत कथा का वाचन कर रहे थे। स्वामी जी ने कहा यह वेद और वेदान्त का सार ही श्रीमद् भागवत महा पुराण है, इसके प्रवण मात्र से सम्पूर्ण वेद वेदान्त के श्रवण का पुण्य जीव को सहज ही प्राप्त हो जाता है। व्यासपीठ का पूजन मुख्य यजमान उमेश तिवारी महेश तिवारी वासुदेव तिवारी राजेश तिवारी कमलेश परोहा प्रवीन चतुर्वेदी अभिषेक मिश्रा दीपक तिवारी ने किया।

# किसानों को 10 घंटे दिन में बिजली दी जाए

### संभागीय बैठक में भारतीय किसान संघ की मांग

जबलपुर।

भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में मंगलवार को मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य अभियन्ता कार्यालय में बिजली संबंधी विभिन्न समस्याओं को लेकर बैठक आयोजित की गई। मुख्य अभियन्ता केएल वर्मा व विद्युत नियामक आयोग के सदस्य व संभाग उपाध्यक्ष दामोदर सिंह पटेल की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में समय पर ट्रांसफार्मर बदलने, सुधार, लाईनों के मेंटेनेंस, ट्रिपिंग, सोलर कृषि पंप योजना आदि पर चर्चा की गई। अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल ने ठंड के समय किसानों को दिन में एक साथ 10 घंटे बिजली देने की मांग रखी। श्री पटेल की मांग पर मुख्य अभियन्ता के एल वर्मा ने इसका प्रस्ताव शीघ्र ही राज्य शासन को स्वीकृति के लिए भेजने की बात कही। सिवनी से आए किसान संघ के जिलाध्यक्ष ज्वाला सिंह बघेल ने किसानों के बिल बढ़कर आने की बात को रखते हुए कहा कि अनेक किसानों के द्वारा बताया जा रहा है कि 3 एचपी कृषि पंप कनेक्शन में 5 एचपी के बढ़े हुए बिजली के बिल भेजे जा रहे हैं जिससे किसान परेशान है। मुख्य अभियन्ता श्री वर्मा ने जांच कराने की बात कहकर समस्या का समाधान किया। नरसिंहपुर के जिला मंत्री अभिषेक पटेल ने गन्ना किसानों व गन्ना गुण इकाइयों को 24 घंटे बिजली देने की मांग की और ट्रिपिंग व कम वोल्टेज की किसानों की समस्या से मुख्य अभियन्ता को अवगत कराया। जबलपुर जिले के अध्यक्ष रामदास पटेल व जिला मंत्री धनंजय पटेल ने इलेवन केवी की खंभे झुकने, बिजली तार झूलने की शिकायत को रखा जिसे उपस्थित अधिकारियों ने शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया। संभागीय उपाध्यक्ष दामोदर सिंह पटेल ने विद्युत विभाग के अधिकारियों का किसानों को सहयोग करने के लिए आभार जताया। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल, प्रांत संगठन मंत्री तुलाराम, प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, प्रांत कार्यालय मंत्री आलोक पटेल, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य पुखराज सिंह चंदेल, संभाग अध्यक्ष अनुरुद्ध सिंह पटेल, आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



# 10वीं इंटर रोटरी बैडमिंटन चैंपियनशिप संपन्न

### वान्या, ऋतिका साहू, स्वपनिल - संवि, जितेश, अमन, रवि, ऋतिक बने विजेता

जबलपुर।

रानीताल बैडमिंटन कोर्ट में रोटरी क्लब संस्कारधानी द्वारा आयोजित इंटर रोटरी बैडमिंटन टूर्नामेंट विगत दिवस सम्पन हुई । रोटे नितिन जैन ने बताया कि रोटरी बैडमिंटन टूर्नामेंट मे बालाघाट, मंडला, गाडरवारा, दमोह,नरसिंहपुर आदि शहरों से भी 70 बैडमिंटन खिलाड़ी भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत 10.30 से हुई। स्पर्द्धा का उदघाटन मुख्य अतिथि सी.ए.अखिलेश जैन प्रदेश कोषध्यक्ष भा.ज.पा., पूर्व प्रांतपाल सुनील फाटक अखिल मिश्रा विशिष्ट अतिथि द्वारा किया गया । एवं बैडमिंटन टूर्नामेंट का पुरुस्कार वितरण उत्तर मध्य क्षेत्र के विधायक अभिलाष पांडे और पूर्व राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी व कोच शालिनी यादव के द्वारा किया गया । यह टूर्नामेंट रोटरी क्लब ऑफ़ जबलपुर संस्करधानी के संस्थापक अध्यक्ष रोटे अरुण गुप्ता, सचिव अभिषेक अग्रवाल और कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल के नेतृत्व में टूर्नामेंट संयोजक समर सिंह गायकवाड़, मिहिर मेहता,अंजुल जैन, नितिन जैन, तल्लिन सिंह बावा, मनीष बजाज, शैलेश गुलाटी, आशीष अग्रवाल, विक्रांत जैन और टीम संस्कारधानी के रोटेरियन सदस्यों के सहयोग से आयोजित किया गया । 10 वीं बैडमिंटन चेम्पियनशिप के विजेता 16 वर्ष की श्रेणी में - वान्या मोदी, महिला वर्ग में ऋतिका साहू, मिक्स डबल्स में स्वपनिल सिद्धा - संवि सिद्धा , मिक्स डबल जितेश डुडेजा, अमन जैन, 55+ श्रेणी में रवि वैश्य एवं पुरुषों के सिंगल्स विजेता ऋतिक साहू रहें।




कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक-12 घंटाघर नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र.सं.अधि/सं.क्र.12/2025-26/ एम-29
दिनांक:- 11/11/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री श्याम लाल खत्री पिता स्व. सेवाराम खत्री ने मकान नं. 307 का भाग वार्ड लोकमान्य तिलक कुल क्षेत्रफल 446.5 व.फु. निर्मित क्षेत्रफल 446.5 व.फु. भूतल 446.5 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-12, घंटाघर नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.12 घंटाघर
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक-12 घंटाघर नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र.सं.अधि/सं.क्र.12/2025-26/ एम-21
दिनांक:- 11/11/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रमेश खत्री पिता स्व. प्रहलाद खत्री ने मकान नं. 307 का भाग वार्ड लोकमान्य तिलक कुल क्षेत्रफल 446.5 व.फु. निर्मित क्षेत्रफल 446.5 व.फु. भूतल 446.5 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-12, घंटाघर नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.12 घंटाघर
नगर निगम, जबलपुर

# नेशनल पार्क क्षेत्र में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में छह माओवादी ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच सुबह से मुठभेड़ जारी है। सूत्रों के अनुसार, जवानों ने इलाके में घेराबंदी करते हुए नक्सली नेताओं को घेर लिया है।

छह माओवादियों के मारे जाने और घायल होने की भी खबर है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। मुठभेड़ सुबह से ही चल रही है और रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है।



## नक्सली लीडर हिड़मा की मां से मिले डिप्टी सीएम

दूसरी ओर पिछले दिनों टॉप नक्सल कमांडर हिड़मा के मामले में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल अब असर दिखा रही है। सुकमा जिले के गहराई वाले नक्सल प्रभावित इलाके ग्राम पुवर्ती पहुँचकर डिप्टी सीएम ने हिड़मा की माँ से मुलाकात की और उन्हें बेटे को आत्मसमर्पण के लिए समझाया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से भी बातचीत की और कहा कि सरकार संवाद और विश्वास के रास्ते पर आगे बढ़ रही है। जानकारी के मुताबिक, हिड़मा की माँ ने भी अपने बेटे को हिंसा छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने की सलाह दी है। विजय शर्मा ने बताया कि सरकार सभी भटके हुए युवाओं को सुधार और सम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर देना चाहती है। उन्होंने कहा कि हिड़मा के पास अब भी समय है, वह जल्द आत्मसमर्पण कर ले ताकि उसके लिए पुनर्वास की प्रक्रिया शुरू की जा सके। इस दौरान हिड़मा की मां ने भी अपने बेटे से वापस लौटने के लिये अपील की। कहा कि बेटा मुख्यधारा में लौट आओ। हम मजदूरी करके कमा खा लेंगे। अपने समाज और लोगों के बीच रह लेंगे। मैं बूढ़ी हो गई हू, जंगल नहीं जा सकती। यदि जाती तो तुम्हें ढूंढकर जरूर लाती। वापस आ जाओ बेटा। डिप्टी सीएम विजय शर्मा की यह यात्रा चर्चा का विषय बन गई है।

### भाजपा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री, राष्ट्रीय संगठक ने अनुसूचित जनजाति मोर्चा की कार्यशाला का किया उद्घाटन

# जनजातीय शूरवीरों और महापुरुषों के गौरवशाली अतीत से भरा है हमारा इतिहासः सीएम डॉ. मोहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, केन्द्रीय मंत्री, प्रदेश संगठन महामंत्री, मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संबोधित किया**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2021 में जनजातीय गौरव दिवस की शुरूआत मध्यप्रदेश से शुरू हुई थी। 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पूरे प्रदेशभर में मनाई जाएगी। अंग्रेजों के खिलाफ सन 1857 के आंदोलन से पहले जनजातीय समाज ने जंगलों में अंग्रेजों के दमनकारी कार्यों का विरोध कर आंदोलन शुरू कर दिया था। हमारा इतिहास जनजातीय सूरवीरों और वीर महापुरूषों के गौरवशाली इतिहास से भरा हुआ है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में जनजातीय संकुल विकास परियोजना पर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का सोमवार को आयोजन किया गया। कार्यशाला का उदघाटन भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी. एल. संतोष, राष्ट्रीय संगठक वी. सतीश ने किया। कार्यशाला को मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, केन्द्रीय मंत्री, प्रदेश संगठन महामंत्री, मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यशाला के अंतिम सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार जनतातीय समाज के विकास और उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। मप्र सहित संपूर्ण देश के जनजातीय समाज ने अंग्रेजों के खिलाफ ऐसा चरणबद्ध आंदोलन किया, जिससे अंग्रेजों की जड़ें हिल गईं। भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के खिलाफ जंगल से जो आंदोलन शुरू किया, वह अद्वितीय रहा है और आज भी हम सभी के लिए वह प्रेरणा देने का कार्य कर रहा है कि किस प्रकार से अपने देश के लिए जनजातीय समाज के वीर महामुरूषों ने अपना बलिदान दे दिया।



भगवान बिरसा मुंडा पर होने वाले कार्यक्रमों का पत्रक जारी करते हुए सीएम व अन्य पदाधिकारी।

### भगवान बिरसा मुंडा पर प्रदेश भर में होंगे विभिन्न कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती पर 1 नवंबर से 15 नवंबर 2025 तक पूरे मध्यप्रदेश में विशेष स्मृति आयोजन हो रहे हैं। मध्यप्रदेश में भी ग्राम पंचायत से लेकर राजधानी स्तर तक भव्य और गरिमापूर्ण विभिन्न गतिविधियां संचालित होंगी। जबलपुर और अलीराजपुर में भव्य कार्यक्रम होंगे। आयोजन के दौरान प्रदेश में महत्वपूर्ण परियोजनाओं का भूमिपूजन, शिलान्यास, हितग्राही मूलक योजनाओं का हितलाभ वितरण आदि कार्यक्रम किए जाएंगे।

### मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्रियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रथ

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में 11 नवंबर से 15 नवंबर तक प्रदेश के 24 जिलों के 47 विधानसभा क्षेत्रों में रैलियां निकाली जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके एवं सावित्री ठाकुर ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में रैली रथ को हरी झंडी दिखाकर जिलों के लिए रवाना किया।

# राष्ट्रीय संगठन महामंत्री ने की जिलाध्यक्ष एवं जिला संयोजकों के साथ बैठक




बैठक में एसआईआर पर निर्देश देते पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के जिलाध्यक्ष एवं निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनर्निरीक्षण (एसआईआर) के जिला संयोजकों की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनर्निरीक्षण (एसआईआर) के प्रदेश संयोजक भगवानदास सबनानी भी मौजूद रहे। इस दौरान सभी जिलाध्यक्ष एवं निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनर्निरीक्षण (एसआईआर) के जिला संयोजकों को सभी विषयों का गंभीरता से ध्यान रखते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गए।

### मुख्यमंत्री ने भावांतर योजना के बेहतर मॉडल रेट और समाधान योजना से मिली राहत के लिए प्रदेश के किसानों को दी बधाई

# भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर 15 नवंबर को जबलपुर और आलीराजपुर में होंगे राज्य स्तरीय कार्यक्रम

» *किसानों के खातों में 13 नवम्बर को भावांतर योजना के अंतर्गत जारी की जाएगी राशि*

» *जिलों के गौरव दिवस मनाने के संबंध में दिए निर्देश*

» *मुख्यमंत्री ने कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रियों को किया संबोधित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक से पहले भावांतर योजना के तहत मॉडल रेट से किसानों को हुए लाभ और समाधान योजना से बिजली उपभोक्ताओं को मिली राहत के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि 13 नवंबर को देवास से किसानों के खातों में भावांतर योजना के अंतर्गत राशि अंतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर 15 नवंबर को मनाए जा रहे जनजातीय गौरव दिवस के संबंध में बताया कि जबलपुर और आलीराजपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम होंगे।

उन्होंने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर 11 नवंबर को गुजरात के केवड़िया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम में मध्यप्रदेश का दल सहभागिता करेगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम द्वारा पहली बार विश्व कप जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली छतरपुर के घुवारा की तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ को राज्य सरकार ने एक करोड़ रुपए प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया है। उद्योग और रोजगार वर्ष को सार्थक बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा हर स्तर पर प्रयास किए गए हैं। औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के लिए संचालित गतिविधियों की समीक्षा की जाए।

### मऊगंज में उमड़ा जनसैलाब

# केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया ने किया पटेल की प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने आज मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले के पटेहरा में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर आयोजित विशाल जनसभा में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। पूरा क्षेत्र सरदार पटेल अमर रहें और अपना दल (एस) जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमृतलाल पटेल ने की, जबकि संचालन मान सिंह पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंच पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे, जिनमें राष्ट्रीय महासचिव



एवं प्रदेश प्रभारी आर. बी. सिंह पटेल, राष्ट्रीय सचिव सूर्यभान सिंह, विधायक प्रदीप पटेल (मऊगंज), विधायक डॉ. सुनील पटेल (रोहनिया, उत्तर प्रदेश), विधायक डॉ. आर. के. सिंह (मड़ियाहूं, यूपी), विधायक जीतलाल पटेल (विश्वगंज, प्रतापगढ़) तथा राज्य मंत्री रेखा पटेल प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# ज़ोया शेख लेकर आईं महिलाओं के सशक्तिकरण का नया मंच

## "कारा मिस एंड मिसेज़ महाराष्ट्र 2025"

**मुंबई।** मिसेज़ यूनिवर्स फाइनलिस्ट ज़ोया सिराज़ शेख ने महिलाओं को पहचान और आत्मविश्वास देने के उद्देश्य से लॉन्च किया है ग्लोबल प्लेटफॉर्म "कारा मिस एंड मिसेज़ महाराष्ट्र 2025"। इस आयोजन का मकसद सुंदरता के साथ-साथ महिलाओं की प्रतिभा, व्यक्तित्व और सामाजिक योगदान को सम्मान देना है। कारा झोया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित इस इवेंट में तीन प्रमुख प्रतियोगिताएँ होंगी — मिसेज़ सुप्रानैशनल (अंतरराष्ट्रीय स्तर),




मिसेज़ इंडिया सुप्रानैशनल (राष्ट्रीय स्तर) और मिस एंड मिसेज़ महाराष्ट्र 2025 (राज्य स्तर)। खास बात यह है कि प्रतियोगिता में बीचवियर राउंड नहीं होगा, ताकि प्रतिभागी गरिमा के साथ अपनी प्रतिभा दिखा सकें।गोवा के लग्जरी क्रूज़ पर होने वाला ग्रैंड फिनाले इस सीज़न का मुख्य आकर्षण होगा, जिसमें बॉलीवुड अभिनेत्री हिना खान विशेष अतिथि होंगी। प्रतिभागियों को प्रोफेशनल ग्रूमिंग, फोटोशूट, मीडिया कवरेज और ब्रांड एम्बेसडर बनने का अवसर भी मिलेगा। ज़ोया शेख ने कहा, "यह मंच हर महिला को यह विश्वास दिलाने के लिए है कि 'आई एम इनफ' — मैं पर्याप्त हूँ।"

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

**कर्क** — परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

**तुला** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**धनु** — मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर** — आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकनि परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कुंभ** — खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**मीन** — कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

### संगठनात्मक कार्य करने में आने वाली कठिनाइयों का समाधान उनकी जिम्मेदारी हैः पटवारी

# कांग्रेस का प्रशिक्षण शिविर-सामाजिक प्रतिनिधित्व पर फोकस महिला और माइनॉरिटी वर्गों की भागीदारी बढ़ाने पर होगा जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस के संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर के नौवें दिन शनिवार को पार्टी ने स्पष्ट किया कि आने वाले समय में उसकी संगठनात्मक रणनीति का मूल आधार सामाजिक समावेश और प्रतिनिधित्व होगा।

शिविर में विशेष रूप से महिला, एससी-एसटी, ओबीसी, ईबीसी और माइनॉरिटी वर्गों को संगठन संरचना में अधिक स्थान देने पर जोर दिया गया। दिन की शुरुआत वंदे मातरम और झंडा



वंदन के साथ हुई। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह कोषाध्यक्ष विजय सिंगला ने कहा कि कांग्रेस संगठन केवल एक ढांचा नहीं, बल्कि यह देशभर में पार्टी की विचारधारा का जमीनी स्वरूप है।

### सामाजिक संगठनों से समन्वय पर दिया जोर

एआईसीसी सीडब्ल्यूसी सदस्य एवं तेलंगाना प्रभारी मीनाक्षी नटराजन ने कहा कि कांग्रेस को सामाजिक संगठनों के साथ संवाद और सहयोग को और मजबूत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक जुड़ाव ही कांग्रेस के जनसंपर्क तंत्र को सबसे प्रभावी बनाता है।

### समावेशी और मजबूत संगठन

शिविर में यह स्पष्ट किया गया कि कांग्रेस की आगामी राजनीति और संगठनात्मक रणनीति में सामाजिक न्याय और समावेशिता केंद्र में रहेगी। पार्टी का मानना है कि इन वर्गों की सक्रिय भागीदारी न सिर्फ संगठन को मजबूत करेगी, बल्कि राजनीतिक संवाद को भी अधिक व्यापक और प्रतिनिधिक बनाएगी।

### संगठन की मजबूती सामाजिक भागीदारी से

जीतू पटवारी ने जिला अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस संगठन की मजबूती तभी संभव है जब इसमें समाज के हर वर्ग की आवाज शामिल हो। उन्होंने कहा कि महिलाओं, एससी-एसटी, ओबीसी, ईबीसी और माइनॉरिटी वर्गों को संगठन में निर्णायक भागीदारी देना ही हमारी प्राथमिकता है। कांग्रेस जनता की भावना के अनुरूप इस प्रतिनिधित्व को हर स्तर पर सुनिश्चित करेगी। पटवारी ने जिला अध्यक्षों को भरोसा दिलाया कि संगठनात्मक कार्य करने में आने वाली कठिनाइयों का समाधान उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने ब्लॉक, पंचायत और ग्राम स्तर तक विस्तृत कार्ययोजना को लागू करने की दिशा में मार्गदर्शन दिया।

# केंद्रीय जेल में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

**भोपाल।** सुनीत अग्रवाल सचिव न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी एवं समस्त लीगल एंड डिफेंस काउंसिल द्वारा केंद्रीय कारागार में विधिक शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान पुरुष एवं महिला खंड के प्रत्येक बैरेक में बंदियों से मुलाकात की एवं समस्याओं की जानकारी ली तथा उन्हें कानूनी अधिकारों, यूटीआरसी, निशुल्क विधिक सहायता लीगल एड डिफेंस काउंसिलके बारे में अवगत कराया। शिविर के दौरान बंदियों को गरीब बंदी सहायता योजना के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम 14 नवंबर तक चलेगा।

## शब्द पहेली - 6045



**बाएँ से दाएँ**
1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य,ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

**ऊपर से नीचे**
2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

### शब्द पहेली- 6044 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | ■ | म | त | वा | ला |
| ह | रा | ■ | त | ■ | का | म | ना | ■ | दा | वा |
| न | ■ | बे | र | ह | म | ■ | ना | रा | ■ | रि |
| शी | ल | वा | न | ■ | या | द | ■ | नी | र | स |
| ल | ■ | प | ■ | ख | ब | र | ची | ■ | न | ■ |
| ता | र | न | हा | र | ■ | का | न | भ | र | ना |
| ■ | म | ■ | र | ह | ब | र | ■ | यं | ■ | प |
| प्र | ण | य | ■ | रा | हु | ■ | ब | क | वा | स |
| ति | ■ | दा | स | ■ | बे | क | रा | र | ■ | न्द |
| का | न | ■ | चि | रा | ग | ■ | म | ■ | क | हो |
| र | म | जा | न | ■ | म | द | द | क | र | ना |

## सूडोकू नवताल - 6055

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल - 6054 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## पर्यावरण के मामले में भूटान की उपलब्धियों को पीएम मोदी ने सराहा

एजेंसी ⏭ थिम्पू

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिनी भूटान यात्रा पर हैं। उनका भूटान दौरा 11 और 12 नवंबर को है, जिस दौरान वे अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस यात्रा का मकसद भारत-भूटान के बीच दोस्ती और साझेदारी को मजबूत बनाना है। पीएम मोदी ने खुद अपने भूटान रवाना होने की जानकारी आधिकारिक एक्स अकाउंट से दी। पीएम मोदी की पिछले 11 साल में ये चौथी भूटान यात्रा है, जिससे समझा जा सकता है कि भारत के लिए भूटान से रिश्ते कितने महत्वपूर्ण हैं। पीएम मोदी अपने इस आधिकारिक दौरे में भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्येल वांगचुक के जन्मदिन समारोह में शामिल होंगे, साथ ही उनके साथ मिलकर 1020 मेगावाट के पुनातसंगचू-2 हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। पीएम मोदी भूटान को 1000 करोड़ की सहायता राशि भी देने वाले हैं और वे ग्लोबल पीस प्रेयर फेस्टिवल में भी शामिल होंगे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे भूटान, भगवान बुद्ध के अवशेषों के दर्शन किए और हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट का किया उद्घाटन

## ब्लास्ट में जान गंवाने वालों के लिए शांति प्रार्थना


विद्युत परियोजना का उद्घाटन



मोदी के स्वागत में बिछाया रेड कारपेट

### पीएम मोदी बोले विश्व शांति में विश्वास

प्रधानमंत्री मोदी ने थिम्फू में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि आज का दिन भूटान के लिए, भूटान के राज परिवार के लिए और विश्व शांति में विश्वास रखने वाले सभी लोगों के लिए बहुत अहम है। सदियों से भारत और भूटान का संबंध बहुत ही गहन, आत्मीय और सांस्कृतिक रहा है।

### भारत के लिए महत्वपूर्ण है भूटान

*हिमालयी देश भूटान भारत के लिए रणनीतिक लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण है। वैसे तो ये छोटा सा देश है, जहां सिर्फ 7.5 लाख लोग रहते हैं लेकिन चूंकि ये भारत और चीन के बीच में है, तो ये बफर जोन का काम करता है। भूटान में चीन का प्रभाव बढ़ा, तो भारत के चिकेन नेक पर खतरा आ सकता है। ऐसे में भारत इसे सुरक्षा कवच की तरह मानता है। साल 2017 में चीन ने भूटान के डोकलाम में सड़क बनाने की कोशिश की थी, जिसे भारत ने अपनी सेनाओं से रोक दिया गया। इतना ही नहीं भूटान यूएन सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सीट का भी समर्थन करता है।*

### वैश्वक शांति के लिए प्रार्थना

## अवशेष सदभावना उपहार

पीएम मोदी ने भूटान की राजधानी थिम्पू में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों के दर्शन किए। भारत सरकार ने वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव के लिए इन अवशेषों को भूटान को 'सद्भावना उपहार' के तौर पर भेजा है। यह महोत्सव थिम्पू में 4-19 नवंबर 2025 तक चल रहा है, जो भूटान के चौथे राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक के 70वें जन्मदिन (11 नवंबर) पर केंद्रित है। इस परियोजना की क्षमता 1,020 मेगावाट है और इसे भारत की तकनीकी और वित्तीय सहायता से तैयार किया गया है। इसका मकसद भूटान को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाना और दोनों देशों के बीच स्वच्छ ऊर्जा सहयोग को और मजबूत करना है। पीएम मोदी मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर भूटान पहुंचे। उन्होंने भूटान के महामहिम चतुर्थ नरेश के 70वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, आज का दिन भूटान के लिए, भूटान के राजपरिवार के लिए और विश्व शांति में विश्वास रखने वाले सभी लोगों के लिए बहुत अहम है। सदियों से भारत और भूटान का बहुत ही गहन आत्मीय और सांस्कृतिक नाता है, इसलिए इस महत्वपूर्ण अवसर पर शामिल होना भारत का और मेरा कमिटमेंट था।

### पूरी रात चला विमर्श

*आज पूरा देश उनके साथ खड़ा है। पीएम मोदी ने कहा, मैं रात भर इस घटना की जांच में जुटी सभी एजेंसियों के साथ सभी महत्वपूर्ण लोगों के साथ संपर्क में था। विचार विमर्श चलता था। जानकारियों के तार जोड़े जा रहे थे। हमारी एजेंसियां इस षड़यंत्र की तह तक जायेंगी। इसके पीछे के षड़यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि भूटान के पूर्व और मौजूदा राजाओं ने सतत विकास और पर्यावरण पहले का विजन आगे बढ़ाया है।*

### खबर संक्षेप

#### 11 साल बाद अवशेषों का अंतिम संस्कार हुआ

**तेलअवीव।** मध्य इजराइल में हजारों लोग इजराइली सैनिक



लेफ्टिनेंट हैदर गोल्डिन के अंतिम संस्कार में शामिल हुए, जिनका शव 11 वर्षों से गाजा में हमास के कब्जे में था। गोल्डिन के अंतिम संस्कार के दौरान कब्रिस्तान में भारी भीड़ थी और आसपास की सड़कों पर भी लोग इजराइल के राष्ट्रीय ध्वज के साथ मौजूद थे। लेफ्टिनेंट हैदर गोल्डिन का अंतिम संस्कार उनके परिवार के लिए भावुक करने वाला क्षण था, जिन्होंने उनके अवशेषों को घर लाने के लिए एक अभियान चलाया था।

#### नेपाल में फिर भड़की हिंसा जमकर हुई तोड़फोड़

**काठमांडु।** नेपाल के मधेस प्रांत में सीपीएन-यूएमएल नेता सरोज



कुमार यादव को मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद हिंसा फैल गई। जनकपुरधाम के मुख्यमंत्री कार्यालय में तोड़फोड़ और सड़क जाम की घटनाएं हुईं। प्रांतीय प्रमुख सुमित्रा सुवेदी भंडारी ने यादव को शपथ दिलाई, जबकि नेपाली कांग्रेस समेत सात दलों की दावेदारी नजरअंदाज की गई। जेन-जी के विरोध प्रदर्शन से उबर रहे नेपाल में अब मधेस में हिंसा भड़क गई है। जनकपुरधाम स्थित मधेश के मुख्यमंत्री के ऑफिस में जमकर तोड़फोड़ हुई।

## ब्लास्ट के बाद चौंकाने वाले खुलासे

# सुबह दिल्ली में एंट्री, शाम को ब्लास्ट, बदरपुर से लाल किले तक कैसे पहुंची धमाके वाली कार?

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

14 साल बाद दिल्ली एक बार फिर दहल उठी। सोमवार शाम को लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए शक्तिशाली धमाके में अब तक 13 लोगों की मौत हुई है, 24 लोग घायल हैं। राष्ट्रीय राजधानी में जिस तरह से ये ब्लास्ट हुआ उससे हड़कंप मच गया है। दिल्ली पुलिस के साथ-साथ केंद्रीय जांच एजेंसियां हर एंगल से जांच में जुटी हैं। लाल किले के पास कार ब्लास्ट में सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर दिल्ली के इस बेहद भीड़भाड़ वाले इलाके तक कार पहुंची कैसे।

इसे लेकर चौंकाने वाले खुलासे सामने आ रहे हैं। जांच एजेंसियों की पड़ताल और सीसीटीवी फुटेज से पता चलता है कि ब्लास्ट वाली कार सोमवार सुबह 8 बजे के करीब दिल्ली में एंटर हुई। फिर बदरपुर होते हुए कैसे और कब लाल किले तक पहुंची।इससे पहले पुलिस ने जिस हुंडई आई20 कार में ब्लास्ट हुआ, उसके मालिकाना हक की पूरी चेन का पता लगाया है। ये कई बार कार ट्रांसफर हुई और आखिरकार यह मुख्य संदिग्ध डॉ. उमर मोहम्मद तक पहुंची।

### कार को पार्किंग में कौन लाया, एजेंसियां कर रहीं जांच

### कार के मालिकाना हक की पूरी चेन आई सामने


फाइल फोटो
सोमवार को हुए धमाके के बाद का दृश्य

### दिल्ली में एंट्री के बाद कब-कब नजर आई कार

- *सुबह 8:04 बजे: बदरपुर टोल बूथ से दिल्ली में दाखिल हुई कार*
- *सुबह 8:20 बजे: कार ओखला इंडस्ट्रियल एरिया के पास पेट्रोल पंप पर आई नजर*
- *दोपहर 3:19 बजे: कार लाल किले से सटे पार्किंग क्षेत्र में दाखिल हुई*
- *शाम 6:22 बजे: लाल किले से सटे पार्किंग क्षेत्र से बाहर निकली कार*
- *शाम 6:52 बजे: लाल किले के पास कार में हुआ ब्लास्ट*


रोते बिलखते परिजन, अपनों को खोने का दर्द

### दिल्ली ब्लास्ट में उजड़ गई इन 5 परिवारों की जिंदगियां

*दिल्ली के लाल किला के पास हुए विस्फोट में मारे गए लोगों के परिवारों में कोहराम मचा है। मंगलवार को दिल्ली के लोक नायक अस्पताल की मोर्चरी से शवों को बाहर निकाला गया तो मृतकों के परिजन बिलख पड़े। इस दौरान अपनों को देखकर परिजन फूट-फूटकर रोए। लाल किला धमाके में मारे गए मृतक अमर कटारिया की मां और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। अमर कटारिया दिल्ली के श्रीनिवासपुरी के रहने वाले थे। लोक नायक अस्पताल के शवगृह में विस्फोट में मारे गए पंकज के शव की शिनाख्त कराई गई। इसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। इस धमाके में 5 परिवारों के उजड़ने की खबर है।*

### व्हाइट कॉलर आतंकी नेटवर्क का खतरनाक खेल


हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और उत्तर प्रदेश में सुरक्षा एजेंसियों की कार्रवाई में व्हाइट कॉलर आतंकी मॉड्यूल की खतरनाक साजिश का खुलासा हुआ है। यह आतंकी नेटवर्क लोगों को भड़काने, समन्वय करने, पैसा हस्तांतरित करने और लॉजिस्टिक्स के लिए कोड भाषा का इस्तेमाल कर रहा था। यह पैसा पेशेवर और शैक्षणिक नेटवर्क के जरिये सामाजिक/धर्मार्थ कामों की आड़ में जुटाया जा रहा था। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया कि इस नेटवर्क में कट्टरपंथी पेशेवर और छात्र शामिल हैं।

### हुंडई आई-20 कार शुरू में मोहम्मद सलमान के पास थी

धमाके में इस्तेमाल की गई हुंडई आई-20 कार फरीदाबाद के सेक्टर-37 स्थित एक सेकंड-हैंड कार डीलर से खरीदी गई थी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, हुंडई आई-20 कार शुरू में मोहम्मद सलमान के पास थी, जिसे सोमवार रात गिरफ्तार किया गया था। इस कार को पहले नदीम को बेचा गया, फिर फरीदाबाद के एक सेकेंड-हैंड कार डीलर को। बाद में यह गाड़ी आमिर ने खरीदी, उसके बाद तारिक ने, जिस पर भी फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल से जुड़े होने का संदेह है। इसके बाद मोहम्मद उमर ने इसे खरीद लिया था। जांच एजेंसियां आमिर और तारिक दोनों के बारे में और पुख्ता जानकारी जुटा रही है। इस कार ब्लास्ट को लेकर यूएपीए की धारा 16 और 18 के साथ-साथ विस्फोटक अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आसपास के अन्य सीसीटीवी की बारीकी से जांच की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि कार को पार्किंग क्षेत्र में कौन लाया, कार में कौन आया या बाहर निकला और बाद में उसे कौन चलाकर ले गया।

## धमाके से दहला पाक...

# इस्लामाबाद कोर्ट के पास आत्मघाती हमला, 12 लोगों की मौत और कई घायल


धमाके के बाद आग का गोला बन गई कार

एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में भयानक धमाका देखने को मिला है। इस घटना में 12 लोगों की मौत हो गई और 21 लोग घायल हैं।। यह धमाका इस्लामाबाद में अदालत के ठीक सामने हुआ। वहीं, धमाके की वजह अभी तक सामने नहीं आई है। रिपोर्ट के अनुसार, यह एक आत्मघाती हमला था। इस्लामाबाद में कोर्ट के बाहर खड़ी कार में अचानक ब्लास्ट हो गया। इस घटना में 12 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 21 लोग घायल हैं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### खिसियाए पाक ने भारत पर लगाए आरोप

ऑपरेशन सिंदूर के बाद नया प्रोपेगेंडा पाकिस्तान चला रहा है, उसने इस बम धमाके के लिए भारत पर आरोप लगाया है। उसने कहा है कि भारत समर्थित आतंकवादियों ने दक्षिणी वजीरिस्तान के कैडेट कॉलेज वाना पर हमला किया। सुरक्षा बलों ने दो हमलावरों को मार गिराया और तीन अंदर ही फंसे हुए हैं। इस्लामाबाद में हुए धमाके के पीछे पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स में सिलेंडर की तरह विस्फोट का दावा किया गया है।

### धमाके के बाद भगदड़

धमाके के बाद पूरी कोर्ट में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने कोर्ट परिसर को फौरन खाली करवाया। कोर्ट में मौजूद लोगों को पीछे के दरवाजे से बाहर निकाला गया। वहीं, अदालत की सारी कार्यवाहियां भी रोक दी गईं। धमाके की सूचना मिलते ही इस्लामाबाद के डीआईजी, चीफ कमिश्नर और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचे। बचाव टीमों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती किया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस घटना के बाद इस्लामाबाद के पिम्स अस्पताल में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। पुलिस इस हमले की जांच कर रही है।

# हाइवे पर उतरे इंडियन एयरफोर्स के फाइटर जेट



### टच एंड गो और रन के बाद भरी उड़ान हुआ युद्धाभ्यास 'महा गजराज'

*जयपुर। ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक तरफ जहां राजस्थान के सीमावर्ती जिले जैसलमेर में ऑपरेशन सिंदूर चल रहा है, तो दूसरी तरफ इंडियन एयरफोर्स ने मंगलवार को बाड़मेर-जालौर की सीमा पर गांधव (बाखासर) में 'महा गजराज' युद्धाभ्यास किया। वायुसेना के जाबांजों ने भारत माला एक्सप्रेस-वे पर फाइटर जेट उतारे और इमरजेंसी लैंडिग भी करवाई। भारत माला एक्सप्रेस वे हाईवे पर 925ए पर गांधव इलाके में 3 किलोमीटर लंबी और 33 मीटर चौड़ी बनी एयर स्ट्रिप पर यह नजारा देखने को मिला।*

## पाकिस्तान में सबसे ज्यादा पावरफुल हुए मुनीर

# परमाणु हथियारों की कमांड भी संभालेंगे अब सेना प्रमुख

एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में आसिम मुनीर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से भी ज्यादा ताकतवर होने जा रहे हैं। उन्हें तीनों सेनाओं का चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) बनाया जा रहा है।


आसिम मुनीर

यह पद मिलते ही उन्हें परमाणु हथियारों की कमांड मिल जाएगी। शहबाज सरकार इसके लिए संविधान में बदलाव कर रही है। इससे जुड़ा बिल संसद के ऊपरी सदन सीनेट में पास किया गया। इसके पक्ष में 64 वोट पड़े, जबकि विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया। वहीं निचले सदन यानी नेशनल असेंबली में इस पर कल वोटिंग होगी। इसे 27वां संविधान संशोधन कहा जा रहा है। इसके जरिए सरकार सुप्रीम कोर्ट और अदालत की भी ताकत घटाने जा रही है। इस विधेयक को पाकिस्तान के इतिहास में सबसे बड़ा और विवादास्पद प्रस्ताव माना जा रहा है। कहा जा रहा है कि यह देश की न्याय व्यवस्था और सैन्य ढांचे दोनों को बदलकर रख देगा।

## राजदूत ने बताया सुरक्षा के लिए जरूरी

# फिलिस्तीन ने कहा- यूएनएससी में भारत को शामिल करना जरूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फिलिस्तीन के राजदूत अब्दुल्ला अबू शावेश ने कहा है कि भारत हमारा बड़ा भाई है और 1930 में महात्मा गांधी से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक हर भारतीय नेता ने फिलिस्तीन की हिमायत की है। शावेश ने यह बातें एक एक इंटरव्यू में कहीं।


राजदूत शावेश

शावेश ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका इजराइल के पक्ष में वीटो करता है इसलिए भारत का वहां होना जरूरी है और अगर भारत सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बन जाए तो सौ फीसदी फैसला फलस्तीन के पक्ष में होगा, ऐसा हमें विश्वास है। उन्होंने कहा कि शर्मलशेख में हुए शांति प्रस्तावों के बाद भी अभी गाजा में हालात जस के तस बने हुए हैं। हम पर ये प्रस्ताव थोपे गए हैं लेकिन हम निराश नहीं हैं और हम राख के ढेर से भी उठ खड़े होंगे।

उन्होंने कहा कि हालांकि गाजा में जंग नहीं चल रही है बल्कि इजराइल न हमला किया है। यह एकतरफा कार्रवाई है जो दो साल से जारी है। इसमें 67 हजार से ज्यादा निर्दोष फिलिस्तीनियों की मौत हुई है, जिसमें बच्चे, बूढ़े, महिलाएं और मरीज तक शामिल हैं।

### भुखमरी का शिकार बच्चे

अभी भी गाजा में सात हजार टन विस्फोटक पड़ा हुआ है जो वहां के जनजीवन के लिए सबसे बड़ा खतरा है। बच्चे भुखमरी के शिकार हो रहे हैं। स्कूल अस्पताल नष्ट हो चुके हैं। दो साल पहले सात अक्तूबर को हमास द्वारा इजराइल में घुस कर निर्दोष नागरिकों को मारने और उनके अपहरण के बारे में पूछने पर फलस्तीनी राजदूत ने कहा कि हमारे साथ 106 साल से जो अन्याय हो रहा है उसके आधार पर सात अक्तूबर को जो हुआ उसको जायज नहीं ठहराया जा सकता है।

## भारत ने बिना नाम लिए पाकिस्तान को घेरा

# सीमा पार से आतंकवाद और अवैध हथियारों की तस्करी बढ़ी

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सख्त लहजे में कहा कि देश लंबे समय से सीमा पार से आने वाले आतंकवाद और अवैध हथियारों की तस्करी का शिकार रहा है। भारत ने बिना नाम लिए पाकिस्तान पर हमला करते हुए कहा कि अब ड्रोन के जरिए भी हथियार भारत में भेजे जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वथानेनी हरीश ने 'स्मॉल आर्म्स' पर खुले विचार-विमर्श के दौरान कहा कि यूएनएससी को ऐसे हथियारों की आवाजाही और इस्तेमाल को बढ़ावा देने वालों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनानी चाहिए। हरीश ने कहा भारत ने कई दशकों तक आतंकवाद की भयावहता झेली है। छोटे हथियारों और गोला-बारूद की अवैध तस्करी और आतंकवादी संगठनों तक इसकी पहुँच बेहद चिंता का विषय है। भारत ने यूएनएससी से आग्रह किया कि वह आतंकवादियों और सशस्त्र समूहों को हथियार पहुंचाने वालों के खिलाफ कठोर और समन्वित कदम उठाए।


पर्वथानेनी हरीश

## अमेरिका ने कहा कि धमाके के बाद हालातों पर नजर रखे हुए हैं

### चीन, रूस, श्रीलंका समेत कई देशों ने दिल्ली में हुए ब्लास्ट पर दुख जताया

# दिल्ली ब्लास्ट पर चीन का पहला रिएक्शन सिंगापुर ने बताया आतंकी हमला...संवेदना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में लाल किले के गेट नंबर-1 के पास हुए धमाके पर चीन ने मंगलवार को दुख व्यक्त किया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि हम दिल्ली में हुए घटना से स्तब्ध हैं। उन्होंने मृतकों और घायलों के परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस घटना में किसी चीनी नागरिक के हताहत होने की खबर नहीं है। भारत में चीनी राजदूत शू फेइहोंग ने भी लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट के पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस विस्फोट में सोमवार शाम को 12 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। शू फेइहोंग ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट से दुखी हूं। पीड़ितों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है।

### रूस ने कहा जांच से विस्फोट के कारणों का पता चल जाएगा


घटनास्थल पर तैनात सुरक्षाबल

### श्रीलंका, मालदीव व नेपाल ने जताया दुख

श्रीलंका, मालदीव और नेपाल ने भी दिल्ली में हुए विस्फोट पर दुख जताया है। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने कहा, दिल्ली में हुए विस्फोट की खबर से गहरा दुख हुआ। श्रीलंका भारत के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। हमारी संवेदनाएं सभी प्रभावितों के साथ हैं। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि उन्हें विस्फोट में लोगों की मौत पर गहरा दुख हुआ है। उन्होंने एक्स पर लिखा, हम शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करते हैं।

### रूस ने कहा- स्तब्ध हैं

*भारत में रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने इस घटना पर दुख जताते हुए कहा कि जांच से विस्फोट के कारणों का पता चल जाएगा। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, लाल किले में हुए विस्फोट से स्तब्ध हूं। विश्वास है कि चल रही गहन जांच से घटना के कारणों का पता चल जाएगा। हम पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।अमेरिका के विदेश विभाग ने दिल्ली के लाल किले के पास हुए धमाके पर कहा कि वह हालात पर नजर रखे हुए है और जरूरत पड़ने पर मदद देने के लिए तैयार है। अमेरिकी विदेश विभाग के दक्षिण और मध्य एशिया मामलों से जुड़े ब्यूरो ने एक्स पर लिखा, यह घटना दुखद है। हमारी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने परिवार के लोगों को खो दिया है। हम घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं और हालात पर लगातार नजर रख रहे हैं।*

# रणजी ट्रॉफी : 65 साल में पहली बार जम्मू-कश्मीर ने दिल्ली को हराया, इकबाल और पारस ने जड़े शतक

## जम्मू-कश्मीर ने दिल्ली को 7 विकेट से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली क्रिकेट को नई शर्मिंदगी से दोचार होना पड़ा जब सलामी बल्लेबाज कामरान इकबाल के शानदार शतक की बदौलत जम्मू-कश्मीर ने मंगलवार को उसे सात विकेट से शिकस्त देकर उसके खिलाफ रणजी ट्रॉफी में 65 साल में पहली जीत दर्ज की।

दिल्ली क्रिकेट की गिरती साख का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि टीम तीन घरेलू मैचों में सिर्फ चार अंक हासिल कर सकी। टीम कुल सात अंकों के साथ ग्रुप डी में आठ टीमों के बीच छठे स्थान पर है और उसे नॉकआउट के लिए क्वालीफाई के लिए चमत्कार की जरूरत होगी। सात बार की रणजी चैंपियन दिल्ली की टीम के इस तरह के पतन के कई कारण है, जिसमें संदिग्ध चयन, खराब रणनीतियां, चतुर कप्तानी के अभाव के अलावा दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) में गुटबाजी और अंदरूनी कलह प्रमुख है। दिल्ली और जम्मू-कश्मीर की टीमों ने 1960 से अब तक 43 बार एक दूसरे का आमना सामना किया है और इनमें से 37 मैचों में दिल्ली ने जीत दर्ज की है जबकि जम्मू कश्मीर की यह पहली जीत है। जीत के लिए 179 रन का पीछा कर रही जम्मू कश्मीर को मैच के आखिरी दिन 124 रन की जरूरत थी। सलामी बल्लेबाज इकबाल ने 147 गेंद में नाबाद 133 रन बनाकर जम्मू कश्मीर को आसान जीत दिला दी।



### 40 साल के पारस डोगरा ने पहली पारी में लगाया था शतक

जम्मू कश्मीर के कप्तान 40 साल के दिग्गज पारस डोगरा ने भी इस मैच की पहली पारी में शतक लगाकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया। अपने 22वें प्रथम श्रेणी सत्र में वह रणजी ट्रॉफी में रनों के मामले में मुंबई के दिग्गज वसीम जाफर के बाद दूसरे नंबर पर पहुंच गए। डोगरा ने इस सत्र में मुंबई और दिल्ली दोनों के खिलाफ शतक बनाए। दिल्ली के पिछले सत्र में खराब प्रदर्शन के बावजूद एक गुट के दबाव में शरणदीप को मुख्य कोच बनाए रखा गया। कप्तान आयुष बदोनी ने अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया लेकिन डीपीएल में शीर्ष स्कोरर अर्पित राणा अच्छी तेज गेंदबाजी का डटकर सामना नहीं कर पाए। प्रियांश आर्य जैसे आक्रामक सलामी बल्लेबाज को पहले दो मैचों में बेंच पर बैठाया गया और फिर चौथे नंबर पर खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस हार के बाद डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली के सख्त रुख अपनाने की उम्मीद है।

### हैदराबाद ने राजस्थान के खिलाफ हासिल किए 3 अंक

वहीं एक अन्य ग्रुप मैच में हैदराबाद ने राजस्थान के खिलाफ ड्रॉ रहे मैच में पहली पारी की बढत के आधार पर तीन अंक हासिल कर लिये । हैदराबाद के पहली पारी के 364 रन के जवाब में राजस्थान ने 269 रन बनाए थे। हैदराबाद ने दूसरी पारी नौ विकेट पर 244 रन पर घोषित करके राजस्थान को 340 रन का लक्ष्य दिया था, जिसके जवाब में उसने तीन विकेट पर 207 रन बना लिए थे। राजस्थान को मैच से एक ही अंक मिला। हिमाचल प्रदेश को एक पारी और 120 रन से हराकर मुंबई 17 अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गया। जम्मू कश्मीर 14 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। पुडुच्चेरी को दस विकेट से हराकर छत्तीसगढ़ चौथे स्थान पर है।

## खबर संक्षेप



### नैशा कुमामोतो मास्टर्स क्वालीफायर में हारी

**कुमामोतो।** भारत की युवा बैडमिंटन खिलाड़ी नैशा कौर भटोये क्वालीफायर में न्यूजीलैंड की शाउना ली से सीधे गेम में हारकर कुमामोतो मास्टर्स जापान ओपन के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहीं। यह 17 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी इस सुपर 500 टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वालीफिकेशन राउंड में 32 मिनट में अपने से ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी से 17-21, 18-21 से हार गई। इस प्रकार प्रतियोगिता के महिला एकल स्पर्धा में भारत का कोई प्रतिनिधित्व नहीं होगा। पुरुष एकल में लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय बुधवार को इस प्रतियोगिता में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

### खिलाड़ियों ने आईएसएल शुरू करने की अपील की

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल खिलाड़ियों ने प्रशासकों से इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का नया सत्र जल्दी से जल्दी शुरू करने की अपील करते हुए कहा कि उनका गुस्सा और हताशा अब व्याकुलता में बदल गई है। यह अपील ऐसे समय में की गई है जब अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने पिछले सप्ताह कहा था कि 16 अक्टूबर को आईएसएल के वाणिज्यिक अधिकारों के लिए अनुरोध (आरएफपी) के बाद उसे कोई बोली नहीं मिली है। इस आरएफपी में लीग के वाणिज्यिक और मीडिया अधिकारों के लिए 15 साल के अनुबंध के लिए बोलियां आमंत्रित की गई थीं। स्टार डिफेंडर संदेश झिंगन ने कहा, 'अभी हम जहां हैं, वहां से देरी करना अच्छा नहीं होगा। कोच, प्रशंसक, स्टाफ के सदस्य और खिलाड़ियों के लिए सब कुछ ठहर गया है। हमने बहुत मेहनत की है। हमने बहुत त्याग किया है और हम अपने सत्र को यूं ही खत्म नहीं होना देना चाहते हैं।' उन्होंने कहा, 'पूरा भारतीय फुटबॉल तंत्र अनिश्चितता में डूबा हुआ है। सपने थम गए हैं। भविष्य पर सवाल उठ रहे हैं। हर दिन हम इंतजार करते हैं। हम व्याकुल हैं। हमें तुरंत कार्रवाई करने की जरूरत है।'



### टी20 त्रिकोणीय सीरीज में खेलेंगे शादाब खान



**लाहौर।** अनुभवी ऑलराउंडर शादाब खान को 17 नवंबर से लाहौर और रावलपिंडी में होने वाली टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की टीम में शामिल किया जा सकता है। इस श्रृंखला में पाकिस्तान के अलावा श्रीलंका और जिम्बाब्वे की टीम भी शामिल हैं। कंधे की सर्जरी के बाद रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे शादाब ने हाल में लाहौर में एक अभ्यास मैच खेला था। इस दौरान चयनकर्ताओं की उन पर कड़ी नजर थी, जिनमें राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख आकिब जावेद भी शामिल थे।

## भारत - दक्षिण अफ्रीका के बीच कल से कोलकाता में पहला टेस्ट

# गिल ने लंबे समय तक की नेट प्रैक्टिस जायसवाल और सुदर्शन ने बहाया पसीना

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

भारतीय कप्तान शुभमन गिल इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि सीमित ओवरों के प्रारुपों से लाल गेंद वाले क्रिकेट में बदलाव में समय लगता है और इसलिए उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 14 नवंबर शुक्रवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच से पूर्व अपनी तकनीक को दुरुस्त करने के लिए मंगलवार को नेट्स पर करीब डेढ़ घंटा बिताया।

दक्षिण अफ्रीका की टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है क्योंकि पिछले महीने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उसने पाकिस्तान के खिलाफ दो मैच की श्रृंखला 1-1 से ड्रॉ कराई थी। गिल ने पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों में अर्धशतक और नाबाद शतक लगाया था, लेकिन इसके बाद सीमित ओवरों की क्रिकेट में वह रन बनाने के लिए जूझते रहे। टेस्ट टीम की कमान संभालने के बाद वह प्रतिबद्ध दिखे और उन्होंने अपनी फॉर्म हासिल करने के लिए अभ्यास सत्र में कड़ी मेहनत की।



### जायसवाल ने विकेट पर थ्रोडाउन का किया सामना

रणजी ट्रॉफी में राजस्थान के लिए 67 और 156 रन की पारी खेलने वाले जायसवाल ने भी लंबे समय तक विकेट पर मोर्केल और थ्रोडाउन का सामना किया। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज सहज लय में दिख रहा था तथा आत्मविश्वास के साथ ड्राइव और पुल कर रहा था। नेट पर महत्वपूर्ण समय बिताने वाले एक अन्य बल्लेबाज तमिलनाडु के युवा साई सुदर्शन थे, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ भारत ए की ओर से दो अनधिकृत टेस्ट मैचों में केवल 84 रन बनाए थे। टीम प्रबंधन उन्हें तीसरे नंबर के बल्लेबाज के रूप में तैयार कर रहा है लेकिन वह अभी तक अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं।

### पिच से स्पिनरों को मदद मिलने के आसार

कोलकाता के ईडन गार्डेन्स मैदान में पिछला टेस्ट मुकाबला पिंक बॉल से बांग्लादेश के खिलाफ साल 2019 में खेला गया था। इसके छह साल बाद अब कोलकाता में कोई टेस्ट मैच होने जा रहा है। पिच को लेकर क्यूरेटर सूजान मुखर्जी ने मीडिया से बातचीत में कहा, हम सभी को रैंक टर्नर जैसी पिच बनाने को किसी ने नहीं कहा है। हमने एक स्पोर्टिंग विकेट तैयार किया है। हेड कोच गौतम गंभीर ने जब विकेट देखा तो वह काफी खुश नजर आए थे। इस विकेट पर तीसरे दिन से स्पिनरों को अधिक मदद मिलने के आसार हैं। ईडन कभी भी रैंक टर्नर नहीं रहा है और बैटिंग फ़्रेंडली होने के साथ-साथ इस मैदान में गेंदबाजों को भी काफी मदद मिलती है।

### टॉस के सिक्के पर होंगे गांधी और मंडेला के चेहरे

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टेस्ट मैच की सीरीज का नाम फ्रीडम ट्रॉफी रखा गया है। ये नाम दोनों देशों के महान नेता महात्मा गांधी और नेल्सन मंडेला के नाम पर रखा गया। अब अहिंसा के पुजारी दोनों नेताओं के चेहरे का चित्र कोलकाता टेस्ट मैच के टॉस के सिक्के पर भी होगा। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने टॉस के सिक्के पर जानकारी देते हुए कहा, हमने टॉस के लिए एक स्पेशल सिक्का तैयार क्या है, जिसमें एक तरफ महात्मा गांधी का चेहरा तो दूसरी तरफ नेल्सन मंडेला का चेहरा अंकित किया है। ये इन दोनों महान नेताओं को श्रद्धांजलि देने का एक अनूठा तरीका है।

## टेनिस

# एटीपी फाइनल्स में सिनर की शानदार शुरुआत



एजेंसी ▶▶| तूरिन

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में घरेलू दर्शकों के सामने खेलते हुए फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 7-5, 6-1 से हराकर खिताब बचाने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

सिनर को साल के आखिर तक अपनी नंबर एक रैंकिंग बरकरार रखने के लिए दुनिया के चोटी के आठ खिलाड़ियों के बीच चल रहे सत्र के इस अंतिम टूर्नामेंट में जीत दर्ज करनी होगी और इसके साथ ही उम्मीद करनी होगी कि कार्लोस अल्काराज फाइनल में न पहुंचें। सिनर ने पिछले साल तूरिन में एक भी सेट गंवाए बिना खिताब जीता था और 2023 के फाइनल में नोवाक जोकोविच से हारने के बाद से वह इस प्रतियोगिता में नहीं हारे हैं। उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए एक विशेष टूर्नामेंट और स्थान है।' सिनर और अलेक्जेंडर ज्वेरेव एक-एक जीत के साथ ब्योर्न बोर्ग ग्रुप में शीर्ष पर हैं। ज्वेरेव ने बेन शेल्टन को हराया था। प्रत्येक ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाले दो खिलाड़ी सेमीफाइनल में जगह बनाएंगे। इससे पहले टेलर फ्रिट्ज़ ने लोरेंजो मुसेट्टी को 6-3, 6-4 से हराया।

आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप

# विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए ऐश्वर्या ने जीता सिल्वर

एजेंसी ▶▶| काहिरा

ओलंपियन ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफिकेशन में विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में रजत पदक जीता। ऐश्वर्या ने 466.9 अंक हासिल किए और चीन के युकुन लियू (467.1) के बाद दूसरे स्थान पर रहे। इस स्पर्धा का कांस्य पदक फ्रांस के रोमेन औफ्रेरे (454.8) ने जीता।

फाइनल में जगह बनाने वाले दूसरे भारतीय नीरज कुमार 432.6 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे। इससे पहले 24 वर्षीय ऐश्वर्या ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। ऐश्वर्या ने क्वालीफिकेशन में 597 (40 एक्स) का स्कोर बनाकर विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की उनके हमवतन नीरज भी 592 अंकों के साथ फाइनल में पहुंच गए।



### मनु और ईशा पदक से चूकीं

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर और कई एशियाई खेलों की पदक विजेता ईशा सिंह आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में पदक जीतने से चूक गई। पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम कांस्य पदक विजेता मनु का फाइनल में प्रदर्शन अच्छा चल रहा था लेकिन 14वें निशाने में 8.8 का खराब स्कोर करने के कारण वह शीर्ष स्थान से फिसलकर सातवें स्थान पर आ गईं और 139.5 अंक के साथ पदक की दौड़ से बाहर हो गईं। हाल ही में चीन के निंगबो में विश्व कप स्वर्ण पदक जीतने वाली ईशा भी दबाव में धैर्य नहीं दिखा सकी। 20 वर्षीय यह निशानेबाज आठ निशानेबाजों के फाइनल में 10.7 के शानदार प्रदर्शन के बाद 14वें निशाने में 8.4 अंक ही बना पाईं और छठे स्थान पर रहीं।

### चीन ओपन में जीती अनाहत, अभय और सेंथिलकुमार बाहर

**नई दिल्ली।** भारत की राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह ने शंघाई में चीन ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की लेकिन उनके हमवतन अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार पुरुष एकल के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। दुनिया की 38वें नंबर की खिलाड़ी दिल्ली की अनाहत ने मिस्र की मेना हामिद को इस पीएसए गोल्ड प्रतियोगिता के राउंड ऑफ 32 मुकाबले में सीधे गेम में 11-6, 11-8, 11-3 से हराया। अनाहत अगले दौर में दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सना इब्राहिम से भिड़ेंगी। अभय को फ्रांस के दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी बापतिस्ते मसोती ने 11-8, 11-7, 11-4 से हराया। सेंथिलकुमार को अपने से बेहतर रैंकिंग वाले मिस्र के मोहम्मद अबोलघर के खिलाफ 8-11, 12-14, 6-11 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर रह सकते हैं अय्यर




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वनडे टीम इंडिया के मध्यक्रम के धाकड़ बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को लेकर एक बुरी खबर सामने आई। साउथ अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों के बाद तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जानी है।

इसके लिए श्रेयस अय्यर उपलब्ध नहीं रहेंगे और वो घर में होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज तक फिट नहीं हो सकेंगे, जिसको लेकर एक बड़ी रिपोर्ट सामने आई है। श्रेयस अय्यर को लेकर रिपोर्ट छपी कि उनको लेकर बीसीसीआई कोई रिस्क नहीं लेना चाहती है। बोर्ड के एक सूत्र ने बताया कि उनको मैच फिट होने के लिए अभी और समय लगेगा। बोर्ड और सेलेक्टर्स उनकी चोट के चलते कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहते हैं। इसलिए साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज से वो बाहर रह सकते हैं।

**वनडे सीरीज का शेड्यूल**

| मैच | तारीख | स्थान |
|---|---|---|
| पहला वनडे | 30 नवंबर | रांची |
| दूसरा वनडे | 3 दिसंबर | रायपुर |
| तीसरा वनडे | 6 दिसंबर | विशाखापत्तनम |

## सीओटीएफए मिनी वर्ग में उपलब्धि हासिल करने वाली बनीं विश्व की पहली महिला

# 10 साल की अतीका ने हासिल की ऐतिहासिक पोल पोजीशन

एजेंसी ▶▶| अबू धाबी

भारत की युवा ड्राइवर अतीका मीर फॉर्मूला वन अकादमी की सीओटीएफए यूएई कार्टिंग सीरीज के शुरुआती दौर में ऐतिहासिक पोल पोजीशन हासिल करने के बाद तीसरे स्थान पर रही। दस वर्षीय अतीका पहली भारतीय रेसर हैं, जिन्हें फॉर्मूला वन ने अपने कार्यक्रम के लिए चुना है। चैंपियंस ऑफ द फ्यूचर अकादमी (सीओटीएफए) की अंतरराष्ट्रीय सीरीज का पहले से ही हिस्सा रही अतीका को पिछले महीने फॉर्मूला वन अकादमी ने दो राउंड की सीओटीएफए यूएई चैंपियनशिप के लिए चुना था। अतीका ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने पोल पोजीशन हासिल की और इस तरह से सीओटीएफए मिनी वर्ग में यह उपलब्धि हासिल करने वाली विश्व की पहली महिला बनीं। इसके बाद वह पोडियम पर पहुंचने में भी सफल रही।



### मेरे लिए शानदार : अतीका

जम्मू कश्मीर की रहने वाली अतीका ने कहा, ' यह सप्ताहांत मेरे लिए शानदार रहा। मैंने क्वालिफिकेशन में पोल पोजीशन हासिल की। मैं फाइनल में जीतना चाहती थी लेकिन आखिर में तीसरे स्थान पर रही। यहां से मिली सीख से मैं आगे अपने प्रदर्शन में सुधार करने की कोशिश करूंगी।' अतीका के पिता और भारत के पहले राष्ट्रीय कार्टिंग चैंपियन आसिफ मीर का मानना है कि पोल पोजीशन और पोडियम हासिल करने के बावजूद यह मिश्रित सफलता वाला सप्ताहांत रहा।

# नागल का वीजा हुआ रिजेक्ट चीनी दूतावास से मांगी मदद



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने चीन के दूतावास से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई ओपन प्लेऑफ के लिए चीन जाने के उनके वीजा आवेदन को बिना किसी कारण के अस्वीकार कर दिया गया था।

नागल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपील की, जिसमें उन्होंने भारत में चीनी राजदूत और चीनी दूतावास के प्रवक्ता को टैग किया। नागल ने लिखा, 'भारत में चीन के दूतावास और भारत में चीन के प्रवक्ता। मैं सुमित नागल हूं, भारत का नंबर एक टेनिस खिलाड़ी। मुझे ऑस्ट्रेलियाई ओपन प्लेऑफ में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए जल्द ही चीन जाना है लेकिन मेरा वीजा बिना किसी कारण के अस्वीकार कर दिया गया। आपकी तत्काल मदद के लिए मैं आभारी रहूंगा।' शीर्ष 100 में अपनी जगह गंवाने के बाद नागल ग्रैंडस्लैम जैसी शीर्ष प्रतियोगिताओं में सीधे प्रवेश नहीं कर सकते और वाइल्ड कार्ड प्रविष्टियों या क्वालीफायर पर निर्भर हैं। हरियाणा के झज्जर के 27 वर्षीय नागल वर्तमान में भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी हैं।




## गिरफ्तारी वारंट रद्द करने की लगाई है गुहार

# तृणमूल कांग्रेस महासचिव अभिषेक बनर्जी की याचिका पर हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने तृणमूल कांग्रेस के महासचिव व प बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित कर लिया। एमपीएमएलए की विशेष अदालत भोपाल द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने सुनवाई पूरी कर ली। बेंच ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अंतरिम राहत के मुद्दे पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।



प्रकरण के अनुसार, नवंबर 2020 में अभिषेक बनर्जी ने कोलकाता में एक जनसभा को संबोधित किया था। आरोप है कि इस सभा के दौरान उन्होंने मध्य प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बेटे और तत्कालीन विधायक आकाश विजयवर्गीय को 'गुंडा' कहकर संबोधित किया था। इसी टिप्पणी को आधार बनाकर आकाश विजयवर्गीय ने 2021 में भोपाल की एमपी-एमएलए विशेष अदालत में अभिषेक बनर्जी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया । मामला दर्ज होने के बाद से भोपाल की विशेष अदालत में इसकी सुनवाई चल रही है। आकाश विजयवर्गीय के वकील का कहना है कि अभिषेक बनर्जी सुनवाई के लिए एक बार भी अदालत में पेश नहीं हुए। लगातार समन की अनदेखी करने पर एमपी-एमएलए कोर्ट ने अभिषेक बनर्जी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया।

इसी गिरफ्तारी वारंट को रद्द कराने के लिए अभिषेक बनर्जी ने हाईकोर्ट की शरण ली है। सुनवाई के दौरान वारंट पर रोक लगाने की मांग की गई। जिसका आकाश विजयवर्गीय के वकील ने विरोध किया।

### केंद्र, राज्य सरकार सहित अन्य से मांगा जवाब

## सड़कों की खराब स्थिति और उसके कारण हो रहे जानलेवा हादसों पर हाईकोर्ट का नोटिस

**जबलपुर।** राज्य की खस्ताहाल सड़कों के मामले में हाईकोर्ट ने गंभीरता दर्शाई। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने अदालत ने सड़कों की खराब स्थिति और उसके कारण हो रहे जानलेवा हादसों पर चिंता जताते हुए केंद्र और राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। सभी संबंधित पक्षों को दो हफ्तों के भीतर अपना जवाब पेश करने को कहा गया। इंदौर निवासी रिटायर्ड ट्रेन मैनेजर राजेंद्र सिंह ने यह जनहित याचिका दायर की है। याचिका में उन्होंने प्रदेश की सड़कों की दयनीय स्थिति का मुद्दा उठाया है। कहा गया है कि गड्ढों भरी सड़कों के कारण लगातार गंभीर हादसे हो रहे हैं, जिनमें लोगों की जानें जा रही हैं। आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया गया है कि सड़क हादसों और उनमें होने वाली मौतों के मामले में मध्य प्रदेश पूरे देश में दूसरे स्थान पर है। याचिका में मांग की है कि सड़कों के निर्माण और रखरखाव में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। प्रारंभिक सुनवाई के बाद कोर्ट ने केंद्र सरकार, राज्य सरकार, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम व नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### वन्य प्राणियों के लिए सुरक्षित नहीं सिहोरा रेंज

दो घटना लेकिन विभाग में जिम्मेदारी कब तय होगी

# सिहोरा की गौरहा वीट में मिला तेंदुआ का शव



हरिभूमि, जबलपुर।

सिहोरा वन परिक्षेत्र में बीते एक माह के अंदर जिस तरह से दो तेंदुए की मौत हुई इस बात से नकारा नहीं जा सकता की सिहोरा वन परिक्षेत्र तेंदुए के लिए सुरक्षित नहीं रह गया है। गौरतलब है की 24 अक्टूबर को सिहोरा वन परिक्षेत्र सरदा बीट के घुघरा में एक तेंदुए का शव मिला था जिसके आरोपी अभी तक वन विभाग की गिरफ्त से दूर हैं।उसके बाद आज सुबह सिहोरा वन परिक्षेत्र के गौरहा बीट के जंगल में स्थित चित्तावर माता मंदिर के नीचे कक्ष क्र.8 में एक तेंदुए का शव मिलने का मामला प्रकाश में आया है।

### जांच में जुटी वन विभाग

वहीं बताया जा रहा है की मंगलवार सुबह लगभग 8 बजे तेंदुए की मौत की जानकारी लगते ही सिहोरा से लेकर जबलपुर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुँचे फिलहाल वन अमला मामले की जांच में जुटा है वहीं तेंदुए की मौत कैसे हुए इस पर कुछ भी कहने से अधिकारी अपने आपको बचाते हुए नजर आए। वन अधिकारियों का कहना है की जो भी खुलासा होगा तेंदुए के पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही होगा प्रथम द्रष्टया प्राप्त शव डेढ़ से दो वर्ष आयु की मादा तेंदुआ का है जिसके गले पर घाव के निशान है संभवतः दो तेंदुओं के बिच आपसी संघर्ष का परिणाम हो सकता है। वहीं इसके पूर्व भी वन्य प्राणियों की मौत भी हो चुकी है ऐसे में सवाल उठना लाजमी हो जाता है की इनकी सुरक्षा में लगे वन कर्मी किस तरह का कर्तव्य पालन कर रहे है।

### सुअर के शिकार पर दो सस्पेंड

वन विभाग के आला अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर लोगों ने संदेह व्यक्त करते हुए कहा की सुअर के अवशेष मिलने पर फारेस्ट गार्ड सहित डिप्टी रेंजर को विभाग ने निलंबित कर दिया था लेकिन इसके बाद दो तेंदुए के शव मिलने पर विभाग केवल जांच किये जाने का हवाला दे रही है लेकिन वन्य प्राणियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी में लगे विभाग के कर्मचारियों की जिम्मेदारी अभी तक तय की या ऐसे ही वन्य जीवों की मौत होती रहेगी और कर्मचारी अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे रहेंगे। वहीं विगत एक पखवाड़े से क्षेत्र में तेंदुए के मुमेंट की जानकारी आ रही थी फिर भी विभाग केवल रहवासी क्षेत्र में पिंजरा रखकर अपने कर्तव्यों की इती श्री कर रही है।

### बिना टिकट यात्रा कर रही महिला के साथ दिखाई गई संवेदना

# रेलवे डॉक्टर ने तत्परता से की चलती ट्रेन में सुरक्षित डिलैवॅरी

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल के स्टाफ की मानवीय संवेदना ने बिना टिकट बिहार की यात्रा कर रही एक महिला को समय पर उपचार मुहैया कराकर सुरक्षित डिलैवरी कराई। दरअसल मंगलवार को रेल मदद नंबर 139 से सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 13202 में महिला कोच में एक महिला यात्री को प्रसव पीड़ा हुई. सूचना मिलते ही उप स्टेशन प्रबंधक बलवंत, रेलवे चिकित्सक डॉ. जयति, सिस्टर मांजना एवं अंगेश्वरी द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला।



डॉ. जयति द्वारा महिला को चिकित्सीय उपचार प्रदान किया गया तथा इमीडिएट पोस्ट डिलीवरी बेबी केयर की संपूर्ण प्रक्रिया सुरक्षित रूप से पूरी की गई। चिकित्सक के अनुसार महिला एवं शिशु दोनों स्वस्थ हैं। उपचार के पश्चात महिला को उसके परिजनों के साथ रानी दुर्गावती अस्पताल, जबलपुर भेजा गया। महिला का नाम काजल, निवासी नालंदा (बिहार) बताया गया है. उल्लेखनीय है कि महिला के पास यात्रा टिकट नहीं था, तथापि रेलवे स्टाफ ने मानवीय सेवा एवं सहयोग की भावना से कार्य करते हुए यात्री सेवा- मुस्कान के साथ नारे को सार्थक किया।

# 50 वर्ष पुराने किरायेदार को मकान खाली करने का आदेश

**जबलपुर।** व्यवहार न्यायाधीश रवींद्र कुमार धुर्वे की अदालत ने 50 वर्ष पुराने किरायेदार को मकान खाली करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही 2001 से बकाया दो लाख 70 हजार किराया भी भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं। आवेदक मकान मालिक महेश कुमार गुप्ता की ओर से अधिवक्ता शिवम गुप्ता व राकेश सागर ने दलील दी कि 1974 से किराये में रह रहे किराएदार द्वारा 2001 से किराये का भुगतान नहीं किया जा रहा था। वादी द्वारा संबंधो के चलते वाद दायर नहीं किया गया परंतु बार-बार समझाने पर भी जब किराएदार द्वारा न तो किराया दिया गया और न ही रिक्त आधिपत्य, तब व्यथित होकर मकान मालिक द्वारा वर्ष 2021 में अधिवक्ता द्वारा किरायेदार को नोटिस दिया गया और न्यायालय के समक्ष वाद दायर किया। जिसके पश्चात प्रतिवादीगण के विरुद्ध न्यायालय आदेश पारित किया गया। जिसमें प्रतिवादीगण को दो माह के भीतर मकान का रिक्त आधिपत्य वादी महेश कुमार गुप्ता को प्रदान करने का आदेश पारित किया गया तथा नोटिस तिथि से रिक्त आधिपत्य सौपने तक का बकाया किराया लगभग दो लाख 70 हजार- रुपये वादी को अदा करने का आदेश पारित किया गया।

### हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी

# अनधिकृत पहुंच को रोकने इंतजाम नहीं तो पटरी पार करते समय हुई मौतों के लिए भी रेलवे ज़िम्मेदार

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि यदि रेलवे ने पटरियों तक अनाधिकृत पहुंच को रोकने पर्याप्त इंतजाम नहीं किए हैं, तो रेलवे पटरी पार करते समय हुई मौतों के लिए भी मुआवज़ा देने के लिए ज़िम्मेदार है। इस मत के साथ जस्टिस हिमांशु जोशी की सिंगल बेंच ने रेलवे दावा अधिकरण भोपाल के उस फैसले को निरस्त कर दिया जिसमें रेलवे को उक्त घटना के लिए जिम्मेदार नहीं माना था। अधिकरण ने माना था कि रेलवे मुआवजा देने के लिए उत्तरदायी नहीं है क्योंकि मृतक ट्रेन में नहीं चढ़े थे। कोर्ट ने अधिकरण को निर्देश दिए कि नियमानुसार दावेदारों को उचित मुआवजे का भुगतान सुनिश्चित करें। प्रकरण के अनुसार, अप्रैल 2011 में मैहर में एक 3 वर्ष का बालक राजेश रेलवे की पटरियों पर आ गया था। उसे बचाने के लिए दो महिलाएँ भी पटरी पर आ गईं और तीनों ट्रेन की चपेट में आ गईं थीं। मृतकों के परिजन सिंगरौली निवासी रामावतार प्रजापति, सलिता प्रजापति व अन्य ने हाईकोर्ट में रेलवे दावा अधिकरण के फैसले को चुनौती दी थी। अधिकरण ने दावा निरस्त कर दिया था।

घटना के दिन 8-10 लोगों का एक समूह मैहर में एक बच्चे के मुंडन समारोह से लौट रहा था। ये लोग ट्रेन संख्या 51672 सतना-इटारसी पैसेंजर में चढ़ गए जिसमें बहुत भीड़ थी। इस कारण लोली बाई, इंद्रमती और राजेश (बालक) की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। वे एक अन्य गुजरती ट्रेन की चपेट में आ गए। हालाँकि, रेलवे ने एक लिखित बयान के माध्यम से दुर्घटना से इनकार किया और कहा कि मृतक रेलवे लाइन पार कर रहे थे, तभी एक गुजरती ट्रेन की चपेट में आ गए।

### विमानतल, स्टेशन और जिलों की सीमाओं पर चौकसी बढ़ाई गई

# बम विस्फोट के बाद सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर

**जबलपुर।** हाल ही में दिल्ली में बम विस्फोट की घटना के बाद देश भर में सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया। जबलपुर में भी चौकसी बढ़ा दी गई हैं। डुमना विमानतल में एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया तो वहीं मॉल, रेलवे स्टेशन और बस स्टेंड सहित शहर से लगी सीमाओं पर निगरानी तेज कर दी गई हैं। डुमना विमानतल पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के द्वारा मॉक ड्रिल की गई। इस दौरान आपात स्थितियां बनाकर जवानों ने अपनी फुर्ती व दक्षता का



प्रदर्शन किया गया तो वहीं रेलवे स्टेशन सहित अन्य भीड़ भाड़ वाली जगहों पर डॉग स्कवॉयड के साथ खाना तलाशी ली। बाहर से आने वालों पर नजर रखी जा रही है। मुख्य रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

रेलवे स्टेशन के साथ ही आश्रय स्थलों, होटल, बस स्थानों एवं अन्य स्थानों पर देर रात पुलिस ने जांच अभियान चलाया। होटल एवं आश्रय स्थलों में ठहरे और बाहर से आए लोगों की जानकारी की जांच पड़ताल की गई। जिला पुलिस बल के साथ साथ जीआरपी, आरपीएफ, और खुफिया पुलिस बल को भी लगाया गया। जिले की सीमा पर भी चौकसी बढ़ा दी गई हैं। जिले के सीमा में प्रवेश करने वाहनों की जांच-पड़ताल की जा रही है।



AUTHORIZED NISSAN DEALERS: MADHYA PRADESH: JABALPUR: NEAR COMMERCIAL PETROL PUMP: PLATINUM NISSAN- 8291040124, BHOPAL: SOHUM NISSAN- 8291060887, CHHINDWARA: SHREE KRISHNA NISSAN- 8291046174, GWALIOR: SHIVPURI LINK ROAD: SUMEDHA NISSAN- 9619894841, INDORE: GEETA BHAWAN SQUARE: ANAND NISSAN- 8291045843, CHHATTISGARH: RAIPUR: OPPOSITE MAGNETO MALL: SHIVA NISSAN- 9167298723, BILASPUR: SHIVA NISSAN- 9167196314.

*Terms & conditions apply: The scheme/benefits mentioned are applicable on select vehicles/variants invoiced on or before 30th November 2025 or till stocks last. All prices ex-showroom Delhi. Features may vary from variant to variant. Colours, models and variant are indicative and for depiction only and may vary due to printing constraints. Accessories shown may not be part of standard fitment. Please visit your nearest Nissan dealer for more information. Finance at sole discretion of NRFSI. *Segment refers to B-SUV models with Length <4m. ‡Standard warranty 3 year or 100k km whichever comes first and can be extended to 10 years 200K on additional cost. ~Offer applicable on Nissan Magnite only and customer needs to provide certificate of deposit. #Government approved CNG Kit fully developed, manufactured & Quality assured by a 3rd Party. CNG kit warranty & any other related terms & conditions are applicable as specified by third party.@GNCAP rating for Nissan Magnite published in 2025 - 5 Star for Adult Safety and 3 Star for Child Safety rating from VIN: MDHFBADD0Z0037139. Detailed report available on website: www.globalncap.org/indiaresults. TBWA\39511025

NISSAN FINANCE

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240